


गांधी-शास्त्री जयंती

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

शुभ दशहरा




## खबर संक्षेप

### यूपीआई लेनदेन 31% बढ़कर 19.63 अरब हुई



नई दिल्ली। इस साल सितंबर में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) लेनदेन की संख्या सालाना आधार पर 31% बढ़कर 19.63 अरब हो गई है। साथ ही, इन लेनदेन की वैल्यू सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 24.90 लाख करोड़ रुपए पहुंच गई है। यह जानकारी एनपीसीआई की ओर से दी गई। मासिक आधार पर भी यूपीआई लेनदेन की वैल्यू में बढ़त देखी गई है।

### अभिषेक शर्मा बने दुनिया के नंबर वन बल्लेबाज

नई दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने आईसीसी टी20 रैंकिंग में नया इतिहास रच दिया है। अभिषेक ने इतने रेटिंग अंक हासिल कर लिए हैं, जो इससे पहले दुनिया के किसी भी बल्लेबाज ने नहीं की थी। एशिया कप 2025 के तुरंत बाद आईसीसी ने टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग जारी की है।

### अवकाश सूचना

विजयदशमी पर्व पर हरिभूमि कार्यालय में आज गुरुवार 2 अक्टूबर को अवकाश रहेगा। अतः आपको अगला अंक 4 अक्टूबर को प्राप्त होगा। समस्त पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हरिभूमि परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

- प्रबंधक

केंद्रीय कैबिनेट ने दी मंजूरी, 1 करोड़ 18 लाख कर्मचारियों व पेंशनधारकों को मिला तोहफा

# दशहरा से पहले केंद्रीय कर्मचारियों की दिवाली, 3% बढ़ा महंगाई भत्ता

*अब कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 55 प्रतिशत से बढ़कर 58 प्रतिशत हुआ, यह बढ़ोतरी 1 जुलाई, 2025 से प्रभावी माना जाएगा*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार में लगभग एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते 'डीए' एवं महंगाई राहत 'डीआर' में तीन फीसदी वृद्धि की सौगात मिली है। बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने डीए की दरों में बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है। एक जुलाई से देय महंगाई भत्ते की दर अब 55 प्रतिशत से बढ़कर 58 प्रतिशत हो गई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट की बैठक के बाद हुई प्रेस ब्रीफिंग में यह जानकारी दी है। गत वर्ष केंद्र सरकार ने दीवाली पर कर्मचारियों के महंगाई भत्ते एवं पेंशनरों की महंगाई राहत में तीन फीसदी की बढ़ोतरी की थी, जबकि इस साल पहली जनवरी से केंद्रीय कर्मियों के डीए में दो फीसदी की बढ़ोतरी की गई थी।

कर्मचारियों को जुलाई, अगस्त और सितंबर का बकाया दिवाली से ठीक पहले अक्टूबर के वेतन के साथ दिया जाएगा।



### 2025 का दूसरा बड़ा हाइक

दिवाली से पहले केंद्रीय कर्मचारी और पेंशनर्स के लिए महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में बढ़ोतरी का बड़ा ऐलान किया जा चुका है। यह इस साल का दूसरा महंगाई भत्ता में बढ़ोतरी है। बता दें सरकार की ओर से साल में दो बार महंगाई भत्ते में संशोधन किया जाता है। बता दें कि डीए/डीआर की दरों में बढ़ोतरी की घोषणा, होली और दीवाली पर की जाती है। हालांकि डीए/डीआर की दरों में वृद्धि हर साल एक जनवरी और एक जुलाई से किए जाने का प्रावधान है।

### कितनी बढ़ेगी सैलरी?

अगर किसी की बेसिक सैलरी 30,000 है तो कर्मचारी को प्रति माह 900 अतिरिक्त मिलेंगे, जबकि 40,000 वेतन वाले कर्मचारी को 1,200 अतिरिक्त मिलेंगे। तीन महीनों में, बकाया राशि कुल 2,700 से 3,600 होगी। यह त्योहारों के समय में एक बड़ी राहत होगी।

### सीपीआई-आईडब्ल्यू आंकड़े पर निर्भर करता है डीए बढ़ोतरी

औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई-आईडब्ल्यू) द्वारा मापी गई मुद्रास्फीति के रुझानों के आधार पर, महंगाई भत्ते और महंगाई राहत को वर्ष में दो बार, जनवरी और जुलाई में संशोधित किया जाता है। हालांकि ऐलान अक्सर देर से होती हैं, लेकिन बकाया राशि इस देरी की भरपाई कर देती है। यह संशोधन सातवें वेतन आयोग के तहत अंतिम होने की उम्मीद है। जनवरी 2026 से 8वां वेतन आयोग लागू हो सकता है।

किसानों को भी बड़ी सौगात

## गेहूं समेत 6 रबी की फसलों पर एमएसपी रेट बढ़ाया

सरकार ने बुधवार को विपणन वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 6.59 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा कर दी है। पिछले वर्ष जो रेट 2,425 रुपए प्रति क्विंटल था। वह अब 2,585 रुपए प्रति क्विंटल बिकेगा। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिया गया। सबसे अधिक कुसुम की कीमतों में 600 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की घोषणा की गई है। इसके बाद मसूर के लिए 300 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। वहीं, मसूर के लिए 300 रुपए प्रति क्विंटल , रेपसीड और सरसों के लिए 250 रुपए प्रति क्विंटल, चना के लिए 225 रुपए प्रति क्विंटल, जौ के लिए 170 रुपए प्रति क्विंटल और गेहूं के लिए 160 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है।

### गेहूं उत्पादन का रिकॉर्ड लक्ष्य

गौरतलब है कि गेहूं रबी की प्रमुख फसल है। जिसकी बुवाई अक्टूबर महीने से शुरू होती है और कटाई मार्च में शुरू होती है। गेहूं का विपणन वर्ष अप्रैल महीने से शुरू होता है और जून तक अधिकांश किसानों के अनाज खरीद लिए जाते हैं। इस साल फसल वर्ष 2025-26 सरकार ने 11.9 करोड़ टन गेहूं उत्पादन का रिकॉर्ड लक्ष्य रखा है।

आरएसएस के शताब्दी समारोह में पीएम मोदी ने जारी किया स्मारक टिकट व सिक्का

## बोले- राष्ट्र प्रथम संघ का भाव

### संघ को कुचलने के प्रयास हुए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के राष्ट्र के प्रति योगदान को रेखांकित करने वाला विशेष रूप से डिजाइन एक स्मारक डाक टिकट और सिक्के को जारी किया।



### संघ के खिलाफ साजिशें

पीएम मोदी ने संघ के खिलाफ साजिशों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र साधना की इस यात्रा में ऐसा नहीं है कि संघ पर हमले नहीं हुए, संघ के खिलाफ साजिशें नहीं हुईं, हमने देखा है कि कैसे आजादी के बाद संघ को कुचलने का प्रयास हुआ।

आरबीआई ने 5.5% पर बरकरार रखी रेपो रेट

## शेयर बाजार में तेजी, निवेशकों ने कमा लिए 4 लाख करोड़ रु.

*आरबीआई का अनुमान 6.8% की रफ्तार से बढ़ेगी जीडीपी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपनी अक्टूबर मॉनेटरी पॉलिसी में रेपो रेट में कटौती न करने का फैसला लिया है। इसका मतलब है कि रेपो रेट 5.5 फीसदी पर बरकरार रहेगी। आरबीआई ने भले ही आम लोगों की ईएमआई में कोई कटौती ना की हो, लेकिन बैंक, बिजनेस और कंज्यूमर्स के लिए 22 ऐसे ऐलान किए हैं, जिससे इन तीनों को ही फायदा तो होगा ही, साथ ही देश की इकोनॉमी को भी बड़ा बूस्ट होगा।



संजय मल्होत्रा आरबीआई गवर्नर

### जीएसटी कलेक्शन खजाने में आए 1.89 लाख करोड़ रुपए

सरकार के वित्त मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि सितंबर में जीएसटी कलेक्शन 1.89 लाख करोड़ रहा, जबकि पिछले साल इसी महीने 1.73 लाख करोड़ था। यह लगातार दूसरा महीना है जब जीएसटी की आमदनी 1.85 लाख करोड़ से ऊपर बनी रही। अगस्त में यह 1.86 लाख करोड़ था, जो कि सालाना आधार पर 6.5% की बढ़ोतरी दर्शाता है।


HONDA The Power of Dreams | How we move you. CREATE ▸ TRANSCEND, AUGMENT

The Honda Joy Fest

Bring Home a Honda, Bring Home Joy

^GET GST BENEFIT UP TO ₹14000/-

INSTANT CASHBACK UP TO ₹5000/-** | LOAN UP TO 100%* | LOW ROI @6.99%* | LOW EMI ₹49* PER DAY




Scan to download MyHonda-India Customer Connect App

HDFC BANK Credit Card | IDFC FIRST Bank CREDIT CARDS

For more information give a missed call on 7230032200

For dealer details scan the QR Code

Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Low EMI offers are applicable for select HMSI models as follows: ₹49/- per day for Shine100 DX ; ₹79/- per day for Shine125, SP125 & CB125 Hornet; ₹1999/- per month for Activa. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 31st October 2025. **Instant Cashback up to ₹5000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of ₹40000. **An instant cashback of flat ₹2000 is applicable on a minimum full swipe transaction of ₹40000, and flat ₹3000 Instant cashback on a minimum full swipe transaction of ₹75002. **Instant Cashback up to ₹4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of ₹40000. **The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. **The Instant Cashback offers from HDFC Bank and IDFC Bank are valid until 31st October 2025. ^GST benefit is based on a reduction from 28% to 18% GST on the Ex-showroom price of NX 200. ^The actual savings may vary depending on the selected model and state. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: JABALPUR: Sahil Honda - 7771003865; Frontier Honda - 8226001881; Sahil Honda (Madan Mahal) - 7771003899; Sai Honda (Gadasarai) - 9926360842; SKR Honda (Sihora) - 9977448009; Sonico Honda (Dindori) - 9424508485; MP Sahu Honda (Shahpura Dindori) - 9753156094; Balaji Honda (Barela) - 8602391415; J P Honda (Bargi) - 9399374447; Sai Honda (Dhanpuri) - 8319138424; Shri Honda (Gosalpur) - 9732235782; BALAGHAT: Dreams Honda - 8349272776; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376; CHHINDWARA: Akshit Honda (Chourai) - 8989994445; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446; Manish Honda (Sausar) - 9244569009; SEONI: Anurag Honda - 9827112711; Anurag Honda (Lakhnadon) - 7711884494; Vardhman Honda (Chhapara) - 8770068747; CHHATARPUR: Namostu Honda - 9407184511; Krishna Honda - 8819966966; Namostu Honda (Badamalera) - 8839039161; KGN Automobiles (Luv Kush Nagar) - 7582807444; Sanvi Honda (Maharajpur) - 9907605858; MANDLA: Rajul Honda - 7642260711; NARSINGHPUR: Amisha Honda - 9425815655; Amisha Honda (Gadarwara) - 9425815655; Sudeep Honda (Kareli) - 8989252525; Amisha Honda (Rajmarg) - 9425815655; Amisha Honda (Kareli) - 9425815655; SHAHDOL: Utsav Honda - 8349283655; G L Honda (Umariya) - 9329523156; Virasini Honda (Anuppur) - 8770423634; Jay Ambe Honda (Kotma) - 9300416285; Keshav Honda (Beohari) - 9425887009; Gautam Honda (Burhar) - 9425182213; Hindustan Honda (Pali) - 9302180568; KATNI: Shri Sahil Honda - 9425156978; Jaishree Honda (Barhi) - 9009705200; Shri Shambhu Automobiles (Vijayraghavgarh) - 7987061672; JCM Aman Motors (Bilahri) - 7566056605; SK Motors (Bahoriband) - 7974267080; Murli Motors (Sleemnabad) - 7999077781; Quadri Honda (Umaria Pan) - 9074210324; SATNA: Krishna Honda - 9109078717; Eagle Honda - 7583808564; Krishna Honda (Chitrakoot) - 9907004730; Krishna Honda (Nagod) - 9179700769; Eagle Honda (Kotar) - 7583808564; Deepak Honda (Ramnagar) - 9098804444; Maa Durga Honda (Rampur Baghelan) - 9425887633; Abhishek Honda (Amarpatan) - 9993676313; SIDHI: Laxmipati Honda - 9826540577; Laxmipati Honda (Rampur Naikan) - 8349790577; Laxmipati Honda (Madwas) - 7049822719; Shubham Honda (Bahari) - 7415825564; REWA: Rewa Maa Honda - 7400980721; Baikunthpur Honda (Baikunthpur) - 9340729825; N.K. Honda (Hanumana) - 8871924845, N.K. Honda (Khatkhari) - 8305168016, N.K. Honda (Gurh Road) - 7694018005, N.K. Honda (Mauganj) - 7694018005; Rewa Maa Honda (university Road) -7400980721; Rewa Maa Honda (Lalgaon) - 8982388380; Dev Wheels Honda (Mauganj) - 9685226689; M.R. Honda (Mangawan) - 9977095984; Prince Honda (Semariya) - 993885882; Pushpendra Honda (Garh) - 9419566621; PANNA: Selection Honda (Panna) - 6260262091; Selection Honda (Amanganj) - 9131955892; Selection Honda (Pawai) - 6260262091; WAIDHAN: Agrasen Honda - 7049925591; Agrasen Honda (Mada) - 6261605785; Agrasen Honda (Dudmania) - 9425161696; BHOPAL: Surana Honda (Koh-E-Fiza) - 9713066121; Sai Samarth Honda - 9109103832; BGS Honda - 7440654321; Om Auto Honda - 9826331339; Power Honda - 9202244444; BGS Honda (Kolar Road) - 8889994504; BGS Honda (Karondh) - 8319133403; Sai Samarth Honda (Bairagarh) - 07554222834; Power Honda (Gulmohar) - 07554256062; Sai Samarth Honda (New Market, TT Nagar Police Station) - 07554167932; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Shri Sawariya Honda (Budni) - 990740405; TIKAMGARH: Arjav Honda - 9806223193; Dhanushdhari Honda (Khargapur) - 9826264954; Ram Ji Honda (Palera) - 9560855084; Jainam Honda (Prithvipur) - 9713029419; Shanti Traders (Jatara) - 8871205164; MORENA: The Roshan Honda - 7532466097; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045.

For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



# जीवन में उतरे राम !

मध्यप्रदेश की सबसे पुरानी 3 रामलीलाओं के पात्रों की कहानियां जिनका श्रीराम, सीता व रावण की भूमिका करते-करते जीवन ही बदल गया। वे अब सत्य के साथ खड़े रहते हैं और मर्यादा में रहते हैं

## 1 25 साल से रावण का किरदार निभाने वाले ददोली पांडे

## किसी का डर नहीं, पर मन में अहंकार कभी नहीं आया

मनोज रजक ▶▶ सतना

सतना में 1897 से चल रही प्रतिष्ठित बिहारी रामलीला की पहचान बन चुके ददोली पांडे अपनी कला और जीवन के अद्भुत दर्शन साझा करते हैं। लगभग 25 साल से रावण का सशक्त किरदार निभाने वाले पांडे बताते हैं कि उन्होंने मात्र 12 साल की उम्र से ही इस रामलीला में काम करना शुरू कर दिया था, जो आज भी अनवरत जारी है। मैंने पहले भगवान श्रीराम का किरदार निभाया, उसके बाद मेघनाथ और फिर अहिरावण का चरित्र किया। और अब, पिछले 25 साल से मैं रावण का किरदार निभा रहा हूं। रावण के किरदार को जीने के अपने अनुभव पर उन्होंने बताया कि अब मुझे किसी से



### पहले श्रीराम बने फिर मेघनाथ व अहिरावण भी




श्रीराम का किरदार निभाने वाले 62 वर्षीय नन्नू लाल गर्ग

## अब झूठ नहीं बोलता, गलत होता है उसका डटकर विरोध करता हूं

### भगवान श्रीराम का किरदार निभाने वाले नन्नूलाल गर्ग

भगवान श्रीराम का किरदार निभाने वाले 62 वर्षीय नन्नूलाल गर्ग का जीवन इस भूमिका के बाद पूरी तरह बदल गया। कोऑपरेटिव बैंक में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत गर्ग बताते हैं कि वह साल 1979 से लगातार रामलीला से जुड़े हुए हैं और भगवान राम का रोल निभाते रहे हैं। उनका कहना है कि उनके विभाग की नौकरी ऐसी थी जहां उन्हें अक्सर झूठ बोलना पड़ता था। लेकिन, जब उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का किरदार निभाया, तो उनके मन-मस्तिष्क में एक अभूतपूर्व परिवर्तन आया। उन्होंने तुरंत झूठ बोलना छोड़ दिया। उनके जीवन में विनम्रता और शालीनता शामिल हो गई, और उन्होंने हमेशा गलत का विरोध करना शुरू कर दिया।







### सीता की भूमिका निभाने वाले 63 साल के शिरोमणि पांडे

इससे पहले लक्ष्मण व कैकई के रोल भी किए

## माता सीता की भूमिका के बाद मैं पूरा शालीन और नम्र हो गया

शिरोमणि पांडे, जिनकी उम्र 63 वर्ष है, आज भले ही एक छोटा-सा व्यवसाय चला रहे हों, लेकिन लगभग 10 वर्षों तक उन्होंने बिहारी जी रामलीला मंच को अपनी कला से जीवंत किया। रामलीला कमेटी में रहते हुए उन्होंने सीता, लक्ष्मण और कैकई जैसे महत्वपूर्ण किरदार निभाए। इनमें से, मां सीता का किरदार उन्होंने लगातार पांच साल तक निभाया, जिसे उन्होंने पूरी लगन और क्षमता से जीने की कोशिश की। पांडे बताते हैं कि इस रोल ने उनके जीवन में अद्भुत बदलाव ला दिया। उनका आचार-व्यवहार इतना बदल गया कि वह बिल्कुल शालीन और नम्र हो गए। लोग उन्हें केवल कलाकार के रूप में नहीं, बल्कि साक्षात सीता माता के रूप में देखने लगे और उन्हें भरपूर सम्मान देते थे।



## 2 प्रभु श्रीराम की भूमिका निभाने वाले राधावल्लभ वशिष्ट

## हमेशा अपने पात्र में रहता हूं, आम कपड़े छोड़े... अब प्रभु के कपड़े ही पहनता हूं

जावेद खान ▶▶ ग्वालियर

रामलीला के श्री राम के पात्र राधावल्लभ वशिष्ठ और उनकी टीम का कहना है कि जितना आम जनता टीवी सीरियल के भगवान राम का किरदार निभाने वाले कलाकार अरुण गोविल को नहीं घेरती है, उससे ज्यादा आम जनता का सम्मान और प्यार उन्हें मिलता है। मथुरा-वृंदावन में उनका निकलना मुश्किल हो जाता है। वशिष्ठ का कहना है कि उन्होंने भगवान राम के पात्र को अपने जीवन में पूरी तरह से आत्मसात कर लिया है। वशिष्ठ हमेशा अपनी धार्मिक वेशभूषा और भगवान राम के रूप में दिखाई देने वाली वेशभूषा में ही रहते हैं। फूलबाग मैदान में श्री रामलीला समारोह समिति द्वारा अपने 79 वे साल में रामलीला का वृहद मंचन किया जा रहा है। इस रामलीला में आदर्श कृष्ण कला मंडल, वृंदावन की 32 सदस्यों की मंडली अलग-अलग पात्रों का अभिनय करती है। इसमें भगवान राम लक्ष्मण और सीता का पात्र निभाने वाले पात्र अपनी तीसरी पीढ़ी की के रूप में इस रामलीला में मंचन कर रहे हैं। इसी तरह लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाले 20 वर्षीय सोनू शर्मा भी पिछले कई सालों से लक्ष्मण की भूमिका निभा रहे हैं।



ग्वालियर में 79 साल से हो रहा रामलीला का मंचन

## 3 भगवान श्रीराम का पात्र निभा रहे रजत पांडे

## रामजी के पात्र में ऐसा प्रतीत होता है कि मैं, मैं नहीं हूं, कोई और ही हूं

राजेश दीक्षित ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा की रामलीला 137 साल पुरानी है। इसमें श्रीराम का पात्र निभा रहे रजत पांडे बताते हैं कि अब तक मैंने रामजी, विष्णुजी, बलरामजी, इंद्रजी, राजा, और रावण के पात्र निभाए हैं। रामजी के पात्र में ऐसा प्रतीत होता है कि मैं, मैं नहीं हूं, कोई और ही हूं। रामजी की भूमिका में होने वाली वार्ता मेरे अंदर से निकलने वाले शब्द ईश्वर की दिव्य प्रेरणा से निकल रहे हों। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित छिंदवाड़ा में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर सेवाएं दे रहा हूं। लक्ष्मण बनने वाले आयुष शुक्ला कहते हैं कि मैं छह वर्षों से लक्ष्मणजी का पात्र निभा रहा हूँ। साथ में पूर्व में मंडल द्वारा जो कृष्णलीला आयोजित की जाती थी।

उसमे श्रीकृष्ण का पात्र भी निभाया था। मेरा यादगार रोल लक्ष्मणजी की भूमिका में धनुष यज्ञ का रहा, जो मैंने विषम परिस्थितियों में किया था। लक्ष्मण के किरदार ने मेरा जीवन ही बदल दिया। प्रज्ञांश शुक्ल माता सीता की भूमिका निभाते हैं। वे बताते हैं कि एक वर्ष की उम्र में बाल राम फिर बटुक राम, लक्ष्मण, अग्नि देव, वानर, देवता, मुनि के पात्र के रूप में काम किया। वर्तमान में सीता की भूमिका निभा रहा हूं। माता सीता के रूप में अच्छा अनुभव हो रहा है। मैं अभी विद्यालय में अध्ययनरत हूं। मेरे पिता ने 22 वर्षों तक भगवान श्रीराम की भूमिका निभाई। मुझे रामलीला में आने की प्रेरणा अपने पिता भागवताचार्य एवं वर्तमान में रामलीला के मुख्य निर्देशक पंडित वीरेंद्र शुक्ल एवं लक्ष्मणजी की भूमिका निभाने वाले ऋषभ स्थापक से मिली है।



### अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज कहता है...

## रावण दहन करने वाली संस्थाएं प्रमाणित करें कि रावण अपराधी था और उसका दहन आवश्यक है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज संस्थापक अध्यक्ष महेश पुजारी ने उज्जैन नगर की सभी रावण दहन संस्थाओं के प्रमुखों को पत्र भेजकर ज्वलंत प्रश्न किए हैं जिनके उत्तर नहीं देने पर रावण दहन बंद करने का अनुरोध किया है।

इसके साथ ही महेश पुजारी ने कहा कि रावण त्रिकालदर्शी थे, भगवान शिव के परम भक्त थे और भक्ति से भगवान शिव को रावण ने प्रसन्न किया ऐसे शायद किसी ने किया होगा। पुराणों के अनुसार भगवान विष्णु के द्वारपाल जय विजय थे, जिन्होंने श्राप के कारण राक्षस योनि में जन्म लिया, उनका उद्धार करने के लिए भगवान विष्णु को तीन अवतार लेकर उन्हें राक्षस योनि से मुक्ति दिलाई एक वराह, दूसरा नृसिंह ओर तीसरा राम। भगवान राम ने स्वयं, रावण के उद्धार के लिए वनवास ग्रहण किया। राम ने लक्ष्मण के माध्यम से सूर्पनखा की नाक कान काटकर युद्ध की स्थिति उत्पन्न की जिसके फलस्वरूप राम रावण युद्ध हुआ और रावण का मोक्ष हुआ इसलिए रावण दहन जो किया जाता हैं वह अनैतिक है वह न तो शास्त्रोक्त है और न ही सामाजिक रूप से उचित है।



# भारत में इन जगहों पर पूजा जाता है रावण

### 1 रावणग्राम रावण मंदिर, विदिशा

विदिशा में एक ऐसा गांव है, जिसका नाम स्वयं रावण के नाम पर रावणग्राम रखा गया है, यह लंका के राजा रावण के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। रावण की पत्नी मंदोदरी विदिशा से मानी जाती है। यहां सभी रावण नहीं बोलकर सम्मान के रूप में रावण बाबा ही बोलते हैं। दशहरे के दिन बाबा की प्रतिमा की नाभि में रुई में तेल लेकर लगाया जाता है। मान्यता है ऐसा करने से उनकी नाभि में लगे तीर के बाद दर्द कम होगा और वे गांव में खुशहाली देंगे। मंदिर में रावण की 10 फीट लंबी मूर्ति है।

### 2 खानपुर का रावण मंदिर, मंदसौर

मंदसौर में भी लंका के राजा का एक मंदिर है। यहां खानपुर क्षेत्र में 35 फीट ऊंची 10 सिर वाली रावण की मूर्ति स्थापित है। मंदसौर शहर में नामदेव वैष्णव समाज से संबंध रखने वाले लोग दशहरे पर रावण की पूजा करते हैं। इनका मानना है कि रावण की पत्नी मंदोदरी इसी शहर की थीं। ऐसे में रावण को उस क्षेत्र के लोग दामाद मानते हैं और रावण दहन नहीं करते हैं। माना जाता है कि मंदसौर का मंदिर वह स्थान है जहां रावण और मंदोदरी का विवाह हुआ था।

### 3 काचिखली गांव का रावण मंदिर , उज्जैन

उज्जैन जिले के एक गांव में भी रावण का दहन नहीं किया जाता, बल्कि उसकी पूजा की जाती है। रावण का यह स्थान उज्जैन जिले काचिखली गांव है। यहां के बारे में कहा जाता है कि रावण की पूजा नहीं करने पर गांव जलकर राख हो जाएगा। इसी डर से ग्रामीण यहां रावण दहन नहीं करते और उसकी मूर्ति की पूजा करते हैं।

### 4 परदेशीपुरा इलाके का रावण मंदिर, इंदौर

इंदौर के परदेशीपुरा इलाके में रावण का एक मंदिर है, जहां दशहारा के मौके पर पूजा की जाती है। रावण के अनुयायी मानते हैं कि वह समाज का सबसे बुद्धिजीवी है। परदेशी पुरा क्षेत्र में एक दलित नेता महेश गौहर ने घर में रावण मंदिर बनवाया है। वह हर दिन अपने घर में रावण की पूजा करता है। दशहरा के दिन गोहर अपने घर में रावण की पूजा करते हैं और घर में यज्ञ भी होता है।

### 5 रावण मंदिर, बिसरख (ग्रेटर नोएडा, यूपी)

गौतमबुद्ध नगर में स्थित बिसरख को रावण का जन्मस्थान माना जाता है और यहां एक मंदिर लंका के राजा को समर्पित है। यहां रावण के पुतले जलाकर दशहरा नहीं मनाया जाता है।


### 6 काकीनाडा का रावण मंदिर, आंध्र प्रदेश

रावण के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक काकीनाडा रावण मंदिर आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले के शहर में स्थित है। काकीनाडा एकमात्र ऐसा स्थान है जहां रावण की पूजा की जाती है। माना जाता है कि रावण ने भगवान शिव का मंदिर बनाने के लिए इस स्थान को चुना था।

### 7 हिमाचल प्रदेश का रावण का मंदिर

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में बैजनाथ कस्बा है। बैजनाथ में बिनवा पुल के पास रावण का मंदिर है। मंदिर में शिवलिंग व उसी के पास एक बड़े पैर का निशान है। रावण ने एक पैर पर खड़े होकर इसी स्थान पर तपस्या की थी। शिव मंदिर के पूर्वी द्वार में खुदाई के दौरान एक हवन कुंड भी निकला था।






Hero
125M
CELEBRATING 125 MILLION CUSTOMERS
आया दशहरा
का त्योहार
हीरो पे सवार
HF Deluxe Pro
Destini 125
पुराना एक्स-शोरूम
₹62 938
शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत
₹58 020#
GST लाभ ₹4 918
सीमित अवधि ऑफर
पुराना एक्स-शोरूम
₹83 868
शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत
₹77 315#
GST लाभ ₹6 553
इंस्टेंट डिस्काउंट
₹10 000^
तक
HDFC BANK
क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs
FESTIVE TREATS
+
प्रतिदिन EMI
₹59$
से शुरू
डाउन पेमेंट
₹999$
से शुरू
विशेष कॉर्पोरेट ऑफर्स
₹3 200~
तक
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY
*Conditions apply
Hero GoodLife
पाएं जीतने का मौका
100% कैशबैक
24 कैरट सोने का सिक्का
और कई अन्य सुनिश्चित लाभ*
Additional offers on:
Flipkart
amazon.in
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of base variant of Destini 125 and HF Deluxe in Madhya Pradesh.
TOLL FREE
1800 266 0018
अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलरः पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्योहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइजेज 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी : श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, सलीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079

## चिंतन

# अमीर-गरीब की खाई को कम करना बहुत जरूरी

इसमें कतई दोराय नहीं है कि भारत आर्थिक विषमतापूर्ण देश है। भारत के लोगों में अपनी आय, उपभोग क्षमता और संपत्ति को असलियत से कम बताए जाने की सोच रही है। अमीरी और गरीबी के बीच खाई यहां कोई नई बात नहीं है। यह व्यवस्था सदियों से चली आ रही है। जब राजतंत्र हुआ करता था तो कुछ विशेष वर्ग के लोग थे, जो धनी हुआ करते थे। जो संपूर्ण समाज का महज दस प्रतिशत थे, वही सभी लोगों पर नियत्रंण रखते थे, लेकिन अब हम राजतंत्र नहीं लोकतंत्र में पहुंच गए हैं और अमीर-गरीब की खाई कम होने की बजाए लगातार बढ़ रही है। जो गंभीर चिंता का विषय है। धन का वितरण अत्यधिक असमान हो रहा है। इस खाई के मुख्य कारणों में नीतियों का ठीक से लागू न होना, कोरोना जैसी आपदाओं का असमान प्रभाव, तकनीकी प्रगति का लाभ उच्च वर्ग तक सीमित रहना और सामाजिक-आर्थिक संरचनाएं शामिल हैं। वर्तमान आर्थिक परिदृश्य में भी अधिकतम लाभ उसी छोटे से तबके के हिस्से में ही जा रहा है जो पहले से ही अमीर है। अमीर की अमीरी लगातार बढ़ती जा रही है और गरीब और गरीब हो रहा है, यह कहना तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है। नब्बे के दशक में देश में हुए आर्थिक सुधारों के बाद बड़ी आबादी गरीबी रेखा से बाहर आ आई है। पिछले तीन दशकों के भीतर देश में प्रति व्यक्ति आय में भी तेजी से वृद्धि हुई है। वर्ल्ड बैंक के आंकड़ों के अनुसार 1991 में जहां देश में प्रति व्यक्ति जीडीपी 301 डॉलर थी, वहीं 2021 में यह बढ़कर 2,277 हो गई। यूनाइटेड नेशन्स डेवलपमेंट प्रोग्राम के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2005-06 से 2015-16 के दौरान भारत में 27.1 करोड़ लोग अत्यंत गरीब वर्ग से बाहर निकलने में सफल रहे। यह सब आंकड़े सही हैं, साथ में यह भी सही है कि भारत में करोड़पतियों की संख्या में भी तेजी से इजाफा हुआ है। वर्ष 2021 में आयकर भरने वाले 131,000 ने स्वयं को करोड़पति घोषित किया था। 2020 तक करोड़पतियों की संख्या 125,000 थी। वर्ष 2026 तक देश में करोड़पतियों की संख्या दोगुनी हो जाने की उम्मीद है। इसके अलावा ऐसे नागरिकों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है जिनकी वार्षिक आय 10 लाख से एक करोड़ के बीच रही। वित्त वर्ष 2021 में ऐसे आयकर दाताओं की संख्या 73 लाख थी जो 2022 में बढ़कर 77 लाख हो गई। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार देश के किसानों की आय में भी वृद्धि हुई है। बड़ी जोत वाले किसानों की वार्षिक आय में जहां 2 फीसदी की वृद्धि हुई है, वहीं छोटे किसानों की आय में 10 फीसद की वृद्धि हुई है। एक अक्टूबर को एम3एम हुरुन रिच लिस्ट 2025 जारी की है। इस बार लिस्ट में 1,687 व्यक्तियों को शामिल किया गया। सभी अमीरों की कुल नेटवर्थ 167 लाख करोड़ रुपये है, जो भारत की जीडीपी का लगभग आधा है। ये हालात लोकतंत्र के लिए कतई सही नहीं हैं। जहां सबको समान अधिकार हैं तो धन वितरण में इतना अंतर क्यों। सरकार को इस स्थिति को सुधारने के लिए कल्याणकारी योजनाओं पर अधिक खर्च करना होगा, रोजगार के अवसर बढ़ाने होंगे और ग्रामीण-शहरी असमानता को कम करने का प्रयास करना होगा। छोटे और मध्यम उद्योगों को इंस्पेक्टर राज से मुक्ति दिलाने और उन्हें सुचारू रूप से चलने के लिए आवश्यक सुविधाएं देने पर भी इस असमानता को कम किया जा सकता है। सरकार को ऐसी नीतियां बनानी होंगी जो धन के वितरण को अधिक समान बनाएं और सभी वर्गों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करें तभी इस खाई को पाटा जा सकेगा।

# वो हैं प्रार्थना सभाओं का स्थायी चेहरा



गांधी जयंती
विवेक शुक्ला

88 साल की कात्सू सान की ऊर्जा देखने लायक है। उन्होंने सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं के दौरान फखरुद्दीन अली अहमद, शंकर दयाल शर्मा, के.आर. नारायणन, एपीजे अब्दुल कलाम, प्रतिभा सिंह पाटिल, प्रणव कुमार मुखर्जी, राम नाथ कोविंद जैसे राष्ट्रपतियों तथा इंदिरा गांधी से लेकर नरेन्द्र मोदी तक के सामने बुद्ध धर्म ग्रंथों से प्रार्थना पढ़ी है। वो बीते कई महीनों से बीमार हैं। आप चाहें तो छोटे कद की कात्सू सान को देश की सबसे बुलंद गांधीवादी मान सकते हैं। आशा की जानी चाहिए कि कात्सू सान आगामी 30 जनवरी को गांधी जी के बलिदान दिवस पर होने वाली प्रार्थना सभा में अपनी मौजदूगी दर्ज करवाएंगी।

गांधी जयंती पर सुबह राजघाट और फिर शाम को गांधी स्मृति में सर्वधर्म प्रार्थना सभा में एक बेहद अहम शख्सियत की इस बार कमी खलेगी। वो बीती आधी सदी से भी अधिक समय से राजधानी में बापू के बलिदान दिवस, जयंती से लेकर खास सरकारी आयोजनों में होने वाली सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं में भाग लेती रही हैं। हम बात कर रहे हैं कात्सू सान की। वो 2 अक्तूबर तथा 30 जनवरी को राजघाट और फिर तीस जनवरी मार्ग (बिड़ला हाउस) में आयोजित होने वाली सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं का स्थायी चेहरा हैं। 88 साल की कात्सू सान की ऊर्जा देखने लायक है। उन्होंने सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं के दौरान फखरूद्दीन अली अहमद, शंकर दयाल शर्मा, के.आर. नारायणन, एपीजे अब्दुल कलाम, प्रतिभा सिंह पाटिल, प्रणव कुमार मुखर्जी, राम नाथ कोविंद जैसे राष्ट्रपतियों तथा इंदिरा गांधी से लेकर नरेन्द्र मोदी तक के सामने बुद्ध धर्म ग्रंथों से प्रार्थना पढ़ी है। वो बीते कई महीनों से बीमार हैं। आप चाहें तो छोटे कद की कात्सू सान को देश की सबसे बुलंद गांधीवादी मान सकते हैं। सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं में हिन्दू, इस्लाम,पारसी, सिख, बहाई, यहूदी धर्मों के धार्मिक ग्रंथों से पाठ होता है।

कात्सू सान के नेतृत्व में ही सर्वधर्म प्रार्थना होती रही है। उन्हें सब कात्सू बहन कहते हैं। गांधी जी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को लेकर उनकी निष्ठा निर्विवाद है। कात्सू सान मूलतः जापानी नागरिक हैं। वो 1956 में भगवान बुद्ध के देश भारत में आईं थी ताकि उन्हें और गहराई से जान लें। एक बार यहां आईं तो उनका गांधीवाद से भी साक्षात्कार हो गया। उसके बाद तो उन्होंने भारत में ही बसने का निर्णय ले लिया। सर्वधर्म प्रार्थना का विचार गांधी जी ने ही संसार को दिया था। उनके जीवनकाल में यह आरंभ हो गई थी। उनके संसार में न रहने के बाद भी 2 अक्तूबर, 30 जनवरी तथा अन्य विशेष अवसरों पर सर्वधर्म प्रार्थना सभाएं आयोजित की जाती हैं। कात्सू सान को कुछ लोग मां जी भी कहते हैं। कुछ उन्हें कात्सू बहन भी कहते हैं। उनसे मिलकर लगता है कि आप अपनी मां का आशीर्वाद ले रहे हैं। उनसे राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री भी मिलते हैं। इंदिरा गांधी उनके साथ खड़ी हो जाती थीं, नरेन्द्र मोदी भी उनका हालचाल पूछते रहे हैं। वो बीते कई महीनों से बीमार हैं।

कात्सू सान के शीघ्र स्वस्थ होने की राजधानी में रहने वाले तमाम गांधीवादी प्रार्थना कर रहे हैं। कात्सू सान के ही प्रयासों से राजधानी में विश्व शांति स्तूप स्थापित हुआ। कात्सू सान धारा प्रवाह हिंदी बोलती हैं। उन्होंने हिंदी काका साहेब कालेकर से सीखी। मुस्कान उनके चेहरे का स्थायी भाव है। कात्सू सान उन गांधीवादियों में शामिल हैं जो विश्व बंधुत्व, प्रेम और शांति का संदेश देने के लिए भारत के गांवों, कस्बों, शहरों और महानगरों में घूमती हैं। गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को लेकर उनकी निष्ठा निर्विवाद है। उन्हें अब भारत अपना देश लगता है। उन्हें भारत के कण-कण में पवित्रता दिखाई देती है। वो भारत को संसार का आध्यात्मिक विश्व गुरु मानती हैं।

कात्सू सान के मुताबिक भगवान बुद्ध और गांधी जी के रास्ते एक तरफ ही लेकर जाते हैं। दोनों सदैव प्रासंगिक रहने वाले हैं। दोनों का जीवन पीड़ा को कम करने और समाज से अन्याय को दूर करने के लिए



समर्पित था। वो कहती हैं, " मुझे तो दुनिया में कोई अन्य देश नहीं मिला, जहां पर सरकारी कार्यक्रमों में सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित होती हो। यहां पर सभी धर्मों का सम्मान होता है।" ब्रदर सोलोमन ने सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं में कई बार कात्सू बहन के साथ भाग लिया है। दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े हुए ब्रदर सोलोमन जॉर्ज को कात्सू सान में अपनी मां का अक्स नजर आता है। ब्रदर सोलोमन को यकीन है कि कात्सू सान शीघ्र ही स्वस्थ हो जाएंगी। उनकी मौजूदगी में सर्वधर्म प्रार्थना सभा में भाग लेने का आनंद दोगुना हो जाता है। महात्मा गांधी की सर्वधर्म प्रार्थनाओं में ईसाई प्रार्थना पहले दिन से ही आरंभ हो गई थीं। उनका ईसाई धर्म, बाइबल और मिशनरियों के कामकाज से साक्षात्कार तब हुआ जब वे दक्षिण अफ्रीका में रहते थे।

यह जानकारी जॉर्ज सोलोमन देते हैं। जॉर्ज सोलोमन विभिन्न स्थानों पर हुईं सर्वधर्म प्रार्थनाओं में बाइबल का पाठ करते रहे हैं। वे कहते हैं कि भारत में सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं का सरकारी आयोजनों में भी होना इस बात की गवाही है कि ये भारत सबका है। बाकी धर्मों के ग्रंथों की तरह बाइबल का भी रास्ता एक-दूसरे से प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। सर्वधर्म प्रार्थना का विचार वास्तव में बहुत बड़ा और व्यापक है। ये एक महत्वपूर्ण संदेश देता है कि भारत में सब धर्मों को मानने वाले एक-साथ बैठकर अपने धर्मग्रंथों के मुख्य बिन्दुओं को रख सकते हैं। बहाई धर्म की प्रार्थना को 1985 में शामिल किया गया। बहाई प्रार्थना का पाठ करने वाले ड़ॉ. ए.के. मर्चेंट ने बताया कि बहाई प्रार्थना को सर्वधर्म प्रार्थना से जोड़ा गया प्रख्यात गांधीवादी निर्मला देशपांडे के प्रयासों से। उन्होंने इस बाबत स्वयं पहल की। उन्हें भी उम्मीद है कि कात्सू सान फिर से सक्रिय हो जाएंगी। महात्मा गांधी ने सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं का सबसे पहले आयोजन राजधानी के वाल्मिकी मंदिर में शुरू किया था। तब देश में सांप्रदायिक दंगे हो रहे थे।

गांधी जी की चाहत थी कि इस पहल से विभिन्न धर्मों के अनुयायी एक-दूसरे के धर्मों और उनकी शिक्षाओं को जान लेंगे। वे वाल्मिकी मंदिर में 1 अप्रैल 1946 से 10 जून 1947 में रहे थे। वे बिड़ला मंदिर शिफ्ट हुए तो भी सर्वधर्म प्रार्थना सभाएं जारी रहीं। इरवर्ड केवेस डी. बागली करते हैं, उनसे पहले राजघाट तथा तीस जनवरी मार्ग में सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं में उनके पिता पारसी प्रार्थना का पाठ करते थे। वे पारसी धर्म के धार्मिक ग्रंथ अवेस्ता, जिसे ज़ेंद अवेस्ता भी कहते हैं, से श्लोक पढ़ते हैं। ये सब विश्व कल्याणा और संसार के सभी प्राणियों की सुख- समृद्धि से संबंधित होते हैं। आशा की जानी चाहिए कि कात्सू सान आगामी 30 जनवरी को गांधी जी के बलिदान दिवस पर होने वाली प्रार्थना सभा में अपनी मौजदूगी दर्ज करवाएंगी।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दशहरा विशेष
डॉ. सूर्यकांत मिश्रा



# रावण करना चाहता था प्रकृति के विरुद्ध बदलाव

हम प्रतिवर्ष दशहरा पर्व पर रावण की बुराइयों का खाता खोले नजर आते हैं। कारण यह कि राक्षस राज ने अपनी विद्वता का अन्यथा उपयोग कर समाज में एक गलत धारणा को प्रतिष्ठित किया! वैसे पूरी दुनिया इस बात से वाकिफ़ है कि दशानन रावण जैसा प्रकांड विद्वान और महाबली पूरी दुनिया में और कोई नहीं था। वास्तव में देखा जाए तो रावण एक विराट चरित्र है, पर अफसोस :

अति रूपेण वै सीता, अति गर्वेण रावण,
अति दानाद बलिर्बद्धो, अति सर्वत्र वर्जेत।

अर्थात सीता अति सुंदर है, रावण अति अभिमानी है , बलि वरदानों से बंधा है, सर्वत्र उसका कल्याण हो। पाप या अधर्म अथवा अनैतिक कार्य, मद, अहंकार, घमंड ये तमाम अवगुण अपयश ही देते हैं। अतः निरंतर पूजा-पाठ, दान-पुण्य, परोपकार, दया-करुणा , प्रेम-सौहाद्र , इत्यादि मानवीय सद्गुणों का आह्वान कर मनुष्य उन्नति को प्राप्त कर सकता है। रावण राक्षस जरूर था, किंतु प्राण त्यागने से पूर्व उसने भगवान श्रीराम के आग्रह पर उपदेश भी सुनाया। रावण ने अपने उपदेश में कहा-शुभ कार्य शीघ्र कर डालना चाहिए। अशुभ कार्यों को टाल देना चाहिए। मैं भी कुछ शुभ कार्य करना चाहता था, किंतु टाल-मटोल के कारण नहीं कर पाया। रावण का पश्चाताप भी मौत के आलिंगन से पूर्व सामने आया। रावण ने कहा कि एक अशुभ काम मेरे मन में आ बैठा। यह जानते हुए भी कि पर नारी पर बुरी नजर डालना ठीक नहीं, किंतु मैं खुद को रोक नहीं पाया! सीता का हरण कर बैठा! नतीजा यह हुआ कि कुल सहित मेरा नाश हो गया। रावण बहु विधाओं का जानकार था। उसे मायावी इसलिए कहा जाता था कि वह इंद्रजाल, तंत्र, सम्मोहन और तरह-तरह की जादूकला में निपूर्ण था। यही कुछ कारण थे कि लोग उससे भयभीत रहा करते थे। उसने कुछ ऐसे सपने संजो रखे थे जो पूरे हो जाते तो यह दुनिया जिस रूप में दिखाई पड़ रही है, वैसी न होती! रावण कुदरत के नियमों के खिलाफ खड़ा नजर आता था। रावण संहिता में उल्लेखित उसके अधूरे सपने वास्तव में उसकी वैज्ञानिक सोच का आईना कहे जा सकते हैं । रावण संहिता के अनुसार रावण चाहता था कि मानव प्रजाति में जितने भी लोगों का रंग काला है, वह गोरा हो जाए, ताकि कोई भी महिला उसका अपमान न कर सके ! रावण बाली को पराजित करने का सपना भी देखा करता था। बाली उसे अपनी बगल में दबाकर समुद्रों की परिक्रमा किया करता था! रावण का बाली पर विजय का सपना अधूरा ही रह गया। रावण चाहता था कि दुनिया भर के स्वर्ण भंडार पर उसका अधिकार हो! साथ ही स्वर्ण की पहचान के लिए वह उसमें विशेष प्रकार की सुगंध डालना चाहता था! रावण किसी वैज्ञानिक की तरह सोचा करता था, इस संदर्भ में रावण संहिता बताती है कि रावण चाहता था कि खून का रंग लाल के बदले सफेद हो जाए ताकि वह पानी के साथ मिलकर उसके अत्याचारों को जग-जाहिर न होने दे! रावण पूरी प्रकृति पर अपना कब्जा चाहता था!

उसकी एक बड़ी इच्छा यह थी कि वह स्वर्ग तक सीढ़ियां बना सके! इस सोच में उसके खतरनाक इरादे छिपे हुए थे। वह चाहता था कि लोग अपनी कुशल क्षेम के लिए भगवान की नहीं, उसकी पूजा करें! वह यह भी चाहता था कि उसकी पूजा करने वालों को वह सीधे स्वर्ग का मार्ग सीढ़ी के माध्यम से दे सके! रावण खुद मदिरा प्रेमी था। वह चाहता था कि मंदिरा की दुर्गंध समाप्त कर दे, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग उसे पीने लगें! उसकी वैज्ञानिक सोच के चलते वह ऐसा कर लेता तो पूरी दुनिया नशे की गुलाम हो जाती। रावण यह भी चाहता था कि समुद्र का खारा पानी, मीठा हो जाए ! ऐसा हो जाने से लोग उसकी पूजा करने लगते और भगवान की आराधना बंद हो जाती। इन्हीं सारी विकृत इच्छाओं के कारण ही रावण का अंत प्रभु श्रीराम के हाथों हुआ। ऐसे भी उल्लेख मिलते हैं कि रावण ने ही अरुण संहिता, अंक प्रकाश, इंद्रजाल, प्राकृत कामधेनु, प्राकृत लंकेश्वर रावणियम जैसी पुस्तकों की रचना की । अपने कुल और राक्षस समाज की रक्षा के लिए दशानन ने ही 'रक्ष' संस्कृति की स्थापना की। रावण द्वार रचित शिव तांडव स्त्रोत आज भी भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए गया जाता है। आज ज्योतिषियों के लिए कुंडली सहित अनेक बाधाओं के हल के रूप में रावण संहिता अद्वितीय ग्रन्थ माना जाता है। इसी तरह 'रावण हत्था' वाद्य यंत्र का आविष्कार भी रावण द्वारा किया गया। कहते हैं आज भी उक्त वाद्य यंत्र राजस्थान और गुजरात में बजाया जाता है। रावण खुद कहा करता था कि जो व्यक्ति खुद की स्तुति करता है या अपनी प्रशंसा सुनने का आदी हो जाता है, उसे कभी सफलता नहीं मिलती।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# मनुष्य को आता इंद्रिय विषयों में तीव्र आनंद



संकलित
**दर्शन**

भक्ति विभिन्न रूपों में प्रकाशित होती है। पहला है श्रद्धा। लोग मंदिरों और पवित्र स्थानों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि वहां भगवान की पूजा होती है, ऐसे स्थानों में उनकी सत्ता अधिक अनुभूति होती है। प्रत्येक देश में लोग धर्माचार्यों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि ये आचार्य उन्हीं भगवान की महिमा का उपदेश देते हैं। इस श्रद्धा का मूल है प्रेम। हम जिससे प्रेम नहीं करते, उसके प्रति कभी श्रद्धालु नहीं हो सकते। इसके बाद है प्रीति अर्थात ईश्वर चिंतन में आनंद। मनुष्य इंद्रिय विषयों में तीव्र आनंद अनुभव करता है। इंद्रियों को अच्छी लगने वाली चीजों के लिए वह भटकता फिरता है और बड़ा से बड़ा जोखिम उठाने के लिए तैयार रहता है। भक्त को चाहिए कि वह भगवान के प्रति इसी प्रकार का तीव्र प्रेम रखे। इसके उपरांत आता है विरह। विरह प्रेमास्पद के अभाव में उत्पन्न होने वाला तीव्र दुख। यह दुख संसार के समस्त दुखों में सबसे मधुर है। जब मनुष्य भगवान को न पा सकने के कारण, संसार में एकमात्र जानने योग वस्तु को न जान सकने के कारण तीव्र वेदना अनुभव करने लगता है और अत्यंत व्याकुल हो पागल-सा हो जाता है, उस दशा को विरह कहते हैं। मन की ऐसी दशा में प्रेमास्पद को छोड़ उसे और कुछ अच्छा नहीं लगता। बहुधा यह विरह सांसारिक प्रणय में देखा जाता है। जब पराभक्ति हृदय पर अपना प्रभाव जमा लेती है तो अन्य अप्रिय विषयों की उपस्थिति हमें खटकने लगती है, यहां तक कि प्रेमास्पद भगवान के अतिरिक्त अन्य किसी विषय पर बातचीत तक कहना हमारे लिए अरुचिकर हो जाता है।

# मूर्ख साधू और ठग



संकलित
**प्रेरणा**

किसी गांव के मंदिर में देव शर्मा नाम का एक प्रतिष्ठित साधू रहता था। उसे अपने भक्तों से दान में तरह- तरह के वस्त्र, उपहार, खाद्य सामग्री और पैसे मिलते थे। उन वस्त्रों को बेचकर साधू ने काफी धन जमा कर लिया था। वह अपने धन को एक पोटली में रखता था और उसे हमेशा अपने साथ लेकर ही चलता था। उसी गाँव में एक ठग रहता था। ठग हमेशा साधू का पीछा किया करता था, लेकिन साधू उस गठरी को कभी अपने से अलग नहीं होने देता। उसने साधू से मिन्नत की कि वह उसे अपना शिष्य बना ले क्योंकि वह ज्ञान प्राप्त करना चाहता था। साधू तैयार हो गया और इस तरह से वह ठग साधू के साथ ही मंदिर में रहने लगा। ठग मंदिर की साफ सफाई से लेकर अन्य सभी कार्य भी करता था। एक दिन साधू को पास के गांव में एक अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया गया, साधू ने वह आमंत्रण स्वीकार किया और निश्चित दिन साधू अपने शिष्य के साथ अनुष्ठान में भाग लेने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में एक नदी पड़ी और साधू ने स्नान करने की इच्छा व्यक्त की। उसने पैसों की गठरी को एक कम्बल के भीतर रखा और उसे नदी के किनारे रख दिया। उसने ठग से सामान की रखवाली करने को कहा और खुद नहाने चला गया। ठग को तो कब से इसी पल का इंतज़ार था। जैसे ही साधू नदी में डुबकी लगाने गया, वह रुपयों की गठरी लेकर चम्पत हो गया। शिक्षाः किसी अजनबी की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर ही उस पर विश्वास नहीं कर लेना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### दशहरे पर आत्ममंथन की जरूरत

हर साल जब दशहरे की शाम को रावण के विशाल पुतले धू-धू कर जलते हैं, तो दर्शकों की आंखों में उत्सव का रोमांच दिखाई देता है। पटाखों की गड़गड़ाहट, आतिशबाज़ी की चमक और भीड़ का शोर इस पर्व को एक रंगीन उत्सव में बदल देता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या इस पूरे आयोजन का संदेश- बुराई पर अच्छाई की जीत- हमारे जीवन और समाज में कहीं उतर पाता है? आज दशहरा एक मनोरंजन का ट्रेंड बनकर रह गया है। लोग पुतले जलाते हैं, फोटो और वीडियो बनाते हैं, सोशल मीडिया पर साझा करते हैं। लेकिन यह सोचने का समय शायद ही निकालते हैं कि यह रावण दहन केवल परंपरा निभाने के लिए नहीं, बल्कि हमें आत्ममंथन और सामाजिक सुधार का अवसर देने के लिए शुरू हुआ था।

*-मकरन्द जोशी, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# चीन ताइवान की स्वतंत्रता का कड़ा विरोध करेगा : शी



चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग का कहना है कि चीन ''ताइवान की स्वतंत्रता'' को लेकर अलगाववादी गतिविधियों और बाहरी हस्तक्षेप का कड़ा विरोध करेगा और राष्ट्रीय संप्रभुता तथा क्षेत्रीय अखंडता की दृढ़ता से रक्षा करेगा। शी चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की केंद्रीय समिति के महासचिव और केंद्रीय सैन्य आयोग के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना की 76वीं वर्षगांठ मनाने के लिए बीजिंग के ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में मंगलवार को आयोजित एक स्वागत समारोह में यह टिप्पणी की। शी ने कहा, 'ताइवान जलडमरूमध्य में आदान-प्रदान और सहयोग को गहरा करने, 'ताइवान की स्वतंत्रता' की अलगाववादी गतिविधियों और बाहरी हस्तक्षेप का कड़ा विरोध करने और राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की दृढ़ता से रक्षा करने के पुरजोर प्रयास किए जाने चाहिए।'इससे पहले, शी, सत्तारूढ़ चीनी कम्युनिस्ट पार्टी और राज्य के अन्य नेताओं के साथ, मध्य बीजिंग के तियानमेन चौक पर एक समारोह में शामिल हुए। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय दिवस से एक दिन पहले, शहीद दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। बुधवार से, चीन आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय दिवस मनाने के लिए एक सप्ताह का अवकाश मनाएगा।

## ऑफ बीट

# मकड़ियों से जितना आप डरते हैं, वह आपसे डरती है



जोरो मकड़ी में मृत होने का नाटक करने की प्रवृत्ति होती है। वैज्ञानिकों के बीच इस चाल को थानाटोसिस के नाम से जाना जाता है। मकड़ियों के लिए किसी संभावित खतरे की प्रतिक्रिया में ऐसा करना आम बात है। मकड़ियों की दस प्रजातियों के 2023 के एक अध्ययन में पाया गया कि अधिकांश मकड़ियाँ हवा के कुछ तेज़ झोंकों की प्रतिक्रिया में लगभग एक मिनट के लिए जड़ हो जाती हैं। जोरो मकड़ियाँ एक घंटे से अधिक समय तक निश्चल पड़ी रहीं। यह शिकारियों या संभावित साथियों, जैसे नरभक्षी पिसौरा मिराबिलिस (यूरोपीय नर्सरी वेब स्पाइडर) मादाओं द्वारा खाए जाने की संभावना को कम कर देता है। इसकी कीमत उड़ने वाले कीड़े के रूप में एक दावत से चूकने जैसी हो सकती है। लेकिन मृत होने का नाटक करना संभवतः सक्रिय रक्षात्मक रणनीतियों की तुलना में शिकारी से सुरक्षित रहने का अधिक ऊर्जा कुशल तरीका है। उदाहरण के लिए, फोल्कस सेलर मकड़ियाँ अपने जालों में इधर-उधर घूमकर शिकारियों को भ्रमित करने और उन्हें रोकने की कोशिश में कहीं अधिक ऊर्जा खर्च करती हैं। मकड़ियों द्वारा उपयोग की जाने वाली आक्रामक प्रतिक्रियाओं में अन्य जानवरों को डराने के लिए अपने पैर उठाना और अपने नुकीले दांतों को हिलाना शामिल है।

## ट्रेंड

### संघ के अतुलनीय कार्य



संघ ने सेवा भारती से लेकर वनवासी कल्याण आश्रम जैसे अपने अलग-अलग संगठनों के माध्यम से दुर्गम से दुर्गम क्षेत्रों में भी अतुलनीय कार्य किए हैं। हमारे आदिवासी भाई-बहनों के सशक्तिकरण में इसने अहम भूमिका निभाई है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### कर्मचारियों को उपहार



विजयादशमी से पहले केंद्रीय कर्मचारियों और उनके परिवारजनों को बड़ा उपहार दिया है। आज केंद्रीय कैबिनेट ने महँगाई भत्ता और महँगाई राहत में 3% अतिरिक्त बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। इस फैसले से करीब 49.19 लाख केंद्रीय कर्मचारी और 68.72 लाख पेंशनर्स लाभान्वित होंगे।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री


### इन्हें काम नहीं करना



इन लोगों ने दिल्ली का क्या हाल कर दिया। लोगों की ज़िंदगी नरक बना दी इन्होंने। इन्हें सरकार नहीं चलानी। इन्हें काम नहीं करना। इनका बस एक ही काम है। चौबीस घंटे विपक्षियों और विरोधियों को गिरफ्तार करते रहते हैं।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### खनिज आपूर्ति श्रृंखला



दुनिया खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने की होड़ में है। भारत भी इसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसे राष्ट्रीय महत्व और तात्कालिकता वाली परियोजनाओं तक भी विस्तारित किया जाए।

- अनिल अग्रवाल, उद्यमी

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## हाईकोर्ट व अन्य अदालतों में पक्षकारों के लिए सुविधाओं का अभाव क्यों

**मप्र शासन व रजिस्ट्रार जनरल सहित अन्य से तलब किया गया जवाब**

जबलपुर।

**मप्र हाईकोर्ट ने हाईकोर्ट सहित राज्य की अन्य अदालतों में पक्षकारों के लिए मूलभूत सुविधाओं के अभाव पर जवाब-तलब किया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने मध्य प्रदेश शासन व हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जरनल को नोटिस जारी किए हैं। जवाब के लिए चार सप्ताह का समय दिया गया।**

याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी अधिवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने अपना पक्ष स्वयं रखा। उन्होंने दलील दी कि न्यायालय परिसरों में पक्षकारों के संदर्भ में समुचित व्यवस्था न होना अनुचित है। सुप्रीम कोर्ट ने मातृ स्पर्श फाउंडेशन बनाम भारत संघ प्रकरण में महत्वपूर्ण दिशा-र्निदेश जारी किए थे। जिनकी रोशinी में हाई कोर्ट व विभिन्न जिला अदालतों में नवजात शिशुओं के लिए के लिए उचित स्तनपान कक्ष होने चाहिए। इसी तरह पक्षकारों की बैठने के लिए सम्मानजनक



प्रतीक्षालय होने चाहिए। दिव्यांग व वृद्ध पक्षकरों व अधिवक्ताओं के लिए प्रांगण में लिफ्ट, व्हीलचेयर व रैंप की व्यवस्था होनी चाहिए। पक्षकारों के लिए प्रवेश द्वार पर पहचान की व्यवस्था, शेड व बैठने की उचित व्यवस्था, सामान रखने के लिए क्लाक रूम होने चाहिए। मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रहे दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना के अंतर्गत सस्ते स्वच्छ भोजन की व्यवस्था भी होनी चाहिए।

## आवासीय क्षेत्र से क्यों निकाली जा रही हाईटेंशन लाइन

**हाई कोर्ट ने रीवा कलेक्टर सहित अन्य से मांगा जवाब**

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने आवासीय क्षेत्र से हाईटेंशन लाइन निकाले जाने के रवैये को चुनौती पर जवाब-तलब किया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने इस सिलसिले में कलेक्टर रीवा सहित अन्य को नोटिस जारी किए हैं। मामले की अगली सुनवाई 12 अक्टूबर को नियत की गई। जनहित याचिकाकर्ता रीवा निवासी मनगवां तहसील के जनपद पंचायत गंगेव के ग्राम पंचायत दुगवां के सरपंच की ओर से अधिवक्ता गोपाल सिंह बघेल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि मप्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा ग्राम दुगवां के अंदर से 33 केवी हाईटेंशन लाइन बिछाई जा रही है। इसके कारण गांव में रहने वाले लोगों की जिन्दगी खतरे में आ जाएगी। इस संबंध में जिला कलेक्टर के अलावा अन्य संबंधित अधिकारियों को शिकायतें देने के बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर यह याचिका दायर की गई। इतना ही नहीं आरोप है कि ठेकेदार द्वारा फर्जी एफआईआर कराने की धमकी भी दी गई, जिसकी शिकायत भी पुलिस अधीक्षक रीवा से की गई। जिसके बाद मप्र सड़क विकास निगम के संभागीय प्रबंधन ने 16 जनवरी, 2025 को मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के ईई मऊगंज को तत्काल उक्त कार्य रोके जाने हेतु संबंधित ठेकेदार को निर्देशित करने का आदेश दिया गया, लेकिन उसके बावजूद कार्य जारी है।

## बड़े संगठनों को ऊर्जावान बनाने, संगोष्ठी संपन्न

जबलपुर।

मिलिट्री कॉलेज ऑफ मेटिरियल्स मैनेजमेंट जबलपुर में "इंटरप्राइज साल्यूशन के माध्यम से मेगा संगठनों को ऊर्जा प्रदान करना एवं स्वचालन और एकीकरण की ओर एक मार्ग" विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन 30 सितम्बर को किया गया। संगोष्ठी की शुरुआत एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित, एवीएसएम, वीएम, वीएसएम, सीआईएससी के मुख्य भाषण से हुई। उन्होंने बड़े संगठनों को ऊर्जावान बनाने में उद्यम समाधानों के महत्व पर प्रकाश डाला और उन्नत स्वचालन एवं एकीकरण के मार्ग पर बल दिया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल देवेन्द्र शर्मा, पीवीएसएम, एवीएसएम, एसएम, जीओसी-इन-सी सेना प्रशिक्षण कमान ने पूर्ण सत्र को संबोधित किया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य विशाल एवं जटिल संगठनों में आधुनिक प्रौद्योगिकियों, डिजिटलीकरण और नवीन इंटरप्राइज साल्यूशन्स के माध्यम से कार्यकुशलता, पारदर्शिता एवं एकीकृत कार्यप्रणाली को बढ़ावा देना था।

## रंगदारी वसूलने पिस्टल की बट से किया हमला

जबलपुर।

हनुमानताल थाना अतंर्गत हीरा पहलवान की बिल्डिंग के नीचे शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने पर एक बदमाश ने एक युवक के साथ मारपीट कर पिस्टल के पिछले हिस्से से और पत्थर से हमला कर घायल कर दिया। हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंधी केंप निवासी 32 वर्षीय भोला प्रजापति देर रात लगभग 12.45 बजे घर से गुटखा लेने निकला था तभी मोहल्ले में हीरा पहलवान की बिल्डिंग के नीचे उससे तिलवारा निवासी राकेश चक्रवर्ती शराब पीने के लिए 500 रुपए मांगने लगा, मना करने पर पिस्टल के पिछले हिस्से से व पत्थर से उस पर हमला कर घायल कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## 186 नए गुंडों की फाईल खोली गई

जबलपुर।

जिला पुलिस बल द्वारा पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के निर्देश पर पिछले 9 माह में कार्रवाई की गई। 186 नए गुंडों की फाईल खोली गई। बदमाशों के अपराधिक रिकॉर्ड पर 15 आरोपियों के खिलाफ एनएसए की कार्रवाई की गई वहीं 231 आरोपियों पर जिला बदर की कार्रवाई की गई। इसी प्रकार आदतन मारपीट एवं सम्पत्ति सम्बंधी अपराध घटित करने वाले आरोपियों को चिन्हित करते हुये उनके आपराधिक रिकार्ड के आधार पर नई 28 निगरानी एवं 186 गुण्डा फाईल खोली गयी है।

## सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन जबलपुर में लाखों का घोटाला

**पूर्व जिला प्रबंधक व परिवहनकर्ता पर ईओडब्लयू में मामला दर्ज**

**जबलपुर**। मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन जबलपुर में भ्रष्टाचार का बड़ा मामला सामने आया है। जांच में पाया गया कि पूर्व जिला प्रबंधक दिलीप किरार सेवानिवृत्त और परिवहनकर्ता शेलैष तिवारी उर्फ कन्हैया तिवारी, प्रोप्राइटर जे.एस.आर. एजेंसी कटनी ने मिलीभगत कर शासन को लाखों रुपये की क्षति पहुंचाई। इस मामले में दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 316(5), 61(2)ए भारतीय न्याय संहिता तथा धारा 7(सी) भ्र.नि.अ. 1988 (संशोधित 2018) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

ईओडब्लयू के डीजीपी उपेन्द्र जैन ने बताया 25 सितम्बर 2024 से 27 फरवरी 2025 की अवधि में दिलीप किरार जबलपुर जिले में जिला प्रबंधक के पद पर पदस्थ थे। इस दौरान जे.एस.आर. एजेंसी कटनी को भोपाल मुख्यालय से ऑनलाइन निविदा के आधार पर वर्ष 2023-25 के लिए खाद्यान्न परिवहन, हम्माली और गोदाम स्तर पर स्टैकिंग कार्य का ठेका दिया गया था।अनुबंध के तहत 25 सितम्बर 2024 को गोसलपुर रैक प्वाइंट हेतु एस.ओ.आर. से 134% अधिक दर पर अनुबंध किया गया ।10 दिसम्बर 2024 को कछपुरा रैक प्वाइंट हेतु एस.ओ.आर. से 123% अधिक दर पर अनुबंध किया गया।जांच में सामने आया कि कुल 9 परिवहन आदेशों के माध्यम से नजदीकी कछपुरा रैक प्वाइंट से ले जाई जा सकने वाली खाद्यान्न सामग्री को जानबूझकर दूर स्थित गोसलपुर रैक प्वाइंट से भेजा गया। इससे अनुबंध की उच्च दरों पर भुगतान किया गया। कछपुरा से परिवहन करने पर भुगतान दर 123% अधिक होती। जबकि गोसलपुर से परिवहन दिखाकर दर 134% अधिक ली गई। इस हेरफेर से शासन को कुल 42,07,638 की वित्तीय हानि हुई।जांच अधिकारी ने पाया कि तत्कालीन जिला प्रबंधक दिलीप किरार ने अपने पद का दुरुपयोग कर जे.एस.आर. एजेंसी कटनी के संचालक शेलैष तिवारी के साथ मिलीभगत की। नजदीकी रैक प्वाइंट छोड़कर दूरस्थ रैक प्वाइंट से परिवहन दिखाकर अनुचित भुगतान किया गया। इस प्रकार आरोपियों पर भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

## गोदाम में फांसी पर लटका युवक

**जबलपुर**। गोहलपुर थाना अतंर्गत 90 क्वाटर त्रिमूर्तिनगर स्थित एक गोदाम में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी केअनुसार मिलौनीगंज बढ़ई मोहल्ला निवासी 45 वर्षीय मुकेश उर्फ महेंद्र ठाकुर ने बुधवार की सुबह लगभग 9.30 बजे 90 क्वाटर त्रिमूर्तिनगर में स्थित अपनी चाट की दुकान के पीछे गोदाम में लगे टीनशेड के पाईप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान 3 अक्टूबर से प्रारंभ

**जबलपुर**। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने जिले में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने और पशुपालकों को आर्थिक रूप से समृद्ध करने के लिए संबंधित अधिकारियों की बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दुग्ध उत्पादन में नई क्रांति लाने के लिए दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान प्रारंभ किया है। जिसके प्रथम चरण के अंतर्गत जिले में 10 या 10 से अधिक दुधारू पशुओं के पशुपालकों से संपर्क किया जायेगा। अभियान के प्रथम चरण 3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक चलेगा। इस संबंध में पुशपालन व डेयरी विभाग द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये हैं। बैठक में कहा गया कि प्रत्येक 15 से 20 पशुपालकों के लिए एक सर्वेयर होंगे। सर्वेयर दुधारू पशुओं की



जानकारी लेकर भारत पशुधन एप में एंट्री भी करेगा। इस संबंध में 2 अक्टूबर को आयोजित ग्रामसभा में पशुपालकों की जानकारी का वाचन भी किया जायेगा। साथ ही पशुपालन विभाग की योजना की जानकारी भी दी जायेगी। सर्वेयर द्वारा गौ-पालकों से संपर्क के दौरान भी विभागीय योजनाओं की जानकारी देंगे। इसके लिये हेल्पडेस्क भी बनाया गया है। गौ-पालकों से संपर्क के दौरान मुख्य रूप से दुधारू पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान, उनसे उत्पन्न पशु, सांड की उपलब्धता तथा गर्मियों में हरा चारा के संबंध में भी जानकारी ली जायेगी। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि पशुओं में टैग लगे हैं या नहीं इसकी भी जानकारी ली जाये। साथ ही कहा कि संपर्क के सत्यापन के लिए विभागीय अधिकारियों द्वारा 5-5 गावों का सत्यापन करें। बैठक में मुख्य रूप से उन्नत नस्ल की प्राप्ति की के लिए कृत्रिम गर्भाधान, बीमारियों के नियंत्रण, उत्पादकता में वृद्धि, नस्ल सुधार, आर्थिक लाभ, पशुओं की सुरक्षा, संतुलित आहार, उसके लाभ तथा गाय और भैसों में दूध का उत्पादन बढ़ाने के तरीकों के बारे में बताया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि प्रथम चरण में भारत पशुधन एप से प्राप्त 10 या 10 से अधिक गाय एवं भैस रखने वाले पशुपालक से गृह भेंट एवं सूची का सत्यापन जिले में पदस्थ सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा 5 दिवस में किया जाना है, अतः अभियान की गंभीरता को देखते हुए तत्परता से कार्य करना सुनिश्चित करें।

## हिस्ट्रीशिटर सूरज चौधरी की संदिग्ध मौत

**नाले में मिली लाश से इलाके में सनसनी**

जबलपुर।

हनुमानताल थाना क्षेत्र बुधवार सुबह 52 वर्षीय हिस्ट्रीशिटर बदमाश सूरज चौधरी की लाश सिंधी कैंप कब्रिस्तान रोड स्थित नाले में मिली। सुबह नाले में शव देखे जाने के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और मर्ग कायम कर विवेचना शुरू की है।

बाबा टोला निवासी सूरज चौधरी मंगलवार रात घर से भंडारे की अनाउंसमेंट करने मंदिर जाने की बात कहकर निकला था। लेकिन अगले ही दिन उसकी लाश नाले में मिली। परिजन इस घटना से स्तब्ध हैं और किसी अनहोनी की आशंका जता रहे हैं।क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि सूरज नशे का आदी था और आए दिन नशे की हालत में देखा जाता था। कयास लगाए जा रहे हैं कि संभवतः नशे की हालत में ही वह नाले में गिरा और उसकी मौत हो गई।उपनिरीक्षक राजेश पांडे ने बताया कि शव मंडी मदर टेकरी के पास नाले से बरामद किया गया। प्रथम दृष्टया यह मामला नशे की हालत में नाले में गिरने से हुई मौत का प्रतीत होता है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आगे की जांच के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा होगा।सूरज चौधरी का आपराधिक इतिहास रहा है और पुलिस रिकॉर्ड में उसका नाम हिस्ट्रीशीटर बदमाशों में दर्ज है। उसकी संदिग्ध मौत ने इलाके में चर्चा और सनसनी फैला दी है।



## सिहोरा बस दुर्घटना में घायलों का कलेक्टर ने जाना हालचाल

**जबलपुर**। जबलपुर के सिहोरा में हुई बस दुर्घटना में घायल हुए लोगों का हालचाल जानने के लिए कलेक्टर राघवेंद्र सिंह मेडिकल सुपर स्पेशलिटी पहुंचे। उन्होंने घायलों के इलाज कर रहे डॉक्टर से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और घायलों के परिजनों से बात कर उन्हें पीड़ितों के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी दी।कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि घायलों का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है और उनकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने डॉक्टरों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

## सभी स्वास्थ्य केंद्रों में लगेंगे शिविर

**जबलपुर**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से जिले में शुरू हुये स्वस्थ्य नारी-सशक्त परिवार अभियान का समापन 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर होगा। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा के अनुसार अभियान के समापन पर जिला चिकित्सालय, जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में स्थित सभी स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक, सिविल अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित रहेंगे तथा इन सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि शिविरों में महिलाओं की हीमोग्लोबिन, डायबीटिज, ब्लड प्रेशर एवं कैंसर जांच तथा पोषण अहार से संबंधित काउंसिलिंग की जायेगी।

## नाबालिग कर रहा था शराब की तस्करी

**जबलपुर**। गोसलपुर और कैंट पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 17 वर्षीय बालक सहित एक आरोपी को गिरफ्तार कर उनके पास से 708 पाव देशी शराब और शराब परिवहन में प्रयुक्त बाईक व स्कूटी जब्त की है। गोसलपुर थाना प्रभारी राजेन्द्र सिंह मर्सकोले ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर ग्राम खजरी रोड़ रेलवे फाटक के आगे दो मोटर सायकल में शराब रखकर बेच रहे ग्राम भरदा गोसलपुर निवासी 17 वर्षीय किशोर तथा 22 वर्षीय सचिन ठाकुर को गिरफ्तार कर उनके पास से 348 पाव देशी शराब और बिना नंबर की बाईक जब्त की है। इसी तरह केंट थाना प्रभारी पुष्पेंद्र पटले ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर गोलछा बारात घर के पास बिना नंबर की स्कूटी शराब लेकर आफिसर मेस तरफ जा रहे एक आरोपी पुलिस को देखकर स्कूटी छोड़कर भाग गया। पुलिस ने मौके से 360 पाव देशी शराब और बिना नंबर की स्कूटी जब्त की है। जब्त की गई शराब की कीमत लगभग 27 हजार रूपये की बताई गई है। पुलिस ने आरोपियों खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है। वहीं एक आरोपी फरार है।

## वेयर हाउस का ताला तोड़कर सवा लाख की राहर दाल ले गए चोर

**जबलपुर**। शहपुरा थाना अतंर्गत महावीर वेयर हाउस के ताले का कुंदा तोड़कर अज्ञात चोर राहर की 40 बोरी चोरी कर ले गए। चोरी गए राहर की कीमत 1 लाख 20 हजार रुपए बताई गई है। शहपुरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार दीनदयाल वार्ड शहपुरा निवासी 48 वर्षीय गल्ला व्यापारी अमित गोपाल जैन अपनी गल्ला खरीद कर महावीर वेयर हाउस शहपुरा में स्टॉक करता है। वहां पर उसकी 60 बोरी राहर की रखी हुयी थी तथा वहां पर कुछ बोरिया धान की भी रखी हुयी थी। गत रात लगभग 9 बजे वेयर हाउस से अपना माल देखकर घर चला गया था दूसरे दिन सुबह लगभग 6.30 बजे उसे सूचना मिली की महावीर वेयर हाउस का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलतें ही वह मौके पर वेयर हाउस पहुंचा तो देखा कि वेयर हाउस के ताले का कुंदा टूटा था। अंदर रखी राहर की 40 बोरी चोरी कर ले गया जिसकी कीमत 1 लाख 20 हजार रूपये की बताई गई है। पुलिस ने लिखित शिकायत पर धारा 331(4), 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## जुलूस मार्ग पर रहेगी तीसरी नजर

**दशहरा में पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था**

**जबलपुर**। दशहरा जुलूस के लिए पुलिस ने चाक चौबंद व्यवस्था की है। जुलूस जिस मार्ग से होकर गुजरेगा वहां बनी उंची बिल्डिंगों पर वीडियो कैमरे लगाए गए हैं। पूरी जुलूस की वीडियोग्राफी की जाएगी। वहीं थाना पुलिस बल को सादे लिबास में भीड़ में मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं। ताकि शरारती तत्वों को पलक झपकते ही पकड़ा जा सके। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने सभी दुकान संचालकों से अपनी दुकान में लगे सीसीटीवी चालू रखने के निर्देश दिए हैं ताकि यदि कोई घटना होती है तो वीडियो फुटेज के माध्यम से आरोपियों को दबोचा जा सके।

जानकारी के अनुसार जुलूस मार्ग की हाइराइजिंग बिल्डिंगों पर पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। ये जवान जुलूस की वीडियो रिकार्डिंग करेंगे साथ ही ये जवान दूरबीन से जुलूस पर नजर भी रखेंगे। इसके



साथ ही जिले के हर थाने में पदस्थ 8 से 10 पुलिस कर्मी सादे लिबास में खुफिया कैमरे के साथ जुलूस में शामिल रहेंगे। जो पल-पल की जानकारी अधिकारियों को देंगे। किसी भी स्थान पर विवाद की स्थिति में सीएसपी और थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ 10 मिनिट में पहुंचेगे। त्यौहार पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए तीन हजार पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। ये जवान चप्पे चप्पे पर नजर रखेंगे।

**69 वर्ष के इतिहास में पहली बार 365 दिन लगातार विद्युत उत्पादन करने का बना रिकार्ड**

## शक्ति पर्व में अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई ने दिखाई अपनी शक्ति : मुख्यमंत्री

जबलपुर।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश ऊर्जा उत्पादन में नई-नई उपलब्धियां अर्जित कर रहा है। नवरात्रि के शक्ति पर्व में म.प्र. पॉवर जनरेटिंग कंपनी के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की 210 मेगावाट यूनिट ने पूरे एक वर्ष 365 दिन निर्बाध रूप से विद्युत उत्पादन कर इतिहास रच दिया है। मध्यप्रदेश के पुनर्गठन के 69 वर्ष के कार्यकाल में ऐसी उपलब्धि हासिल करना अपने-आप में ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस उपलब्धि के लिये ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सभी वरिष्ठ अधिकारियों और अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के अभियंताओं और कार्मिकों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये बधाई दी है।

मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के अभियंताओं व तकनीकी कार्मिकों की कड़ी मेहनत, प्रतिबद्धता, समर्पण व शक्ति ने आज वह कमाल कर दिखाया



जिसकी कल्पना मध्यप्रदेश के पुनर्गठन के बाद 69 वर्ष के इतिहास में नहीं की गई थी। अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट ने जैसे ही सतत विद्युत उत्पादन करते हुए गत रात्रिठीक 12 बजे प्रविष्ट हुई वैसे ही पूरी यूनिट के अभियंता व तकनीकी कार्मिक खुशी से झूम उठे। चचाई की इस यूनिट ने तत्कालीन मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल व मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मण्डल और मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के 69 वर्ष के इतिहास में ऐसी प्रथम ताप विद्युत उत्पादन यूनिट होने का तमगा हासिल किया, जिसने लगातार व निर्बाध रूप से 365 दिन यानी कि एक वर्ष तक विद्युत उत्पादन किया है। यह यूनिट 1 अक्टूबर 2024 से लगातार विद्युत उत्पादन कर रही है। इस यूनिट के लगातार एक वर्ष तक निर्बाध रूप से विद्युत उत्पादन करने से यह धारणा भी खंडित हुई कि मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी की ताप विद्युत यूनिट ऐसा शानदार प्रदर्शन कर ही नहीं सकती।

### 95.43 फीसदी का शानदार पीएलएफ

अमरकंटक की 210 मेगावाट की यूनिट ने जिस समय 365 दिन सतत विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया तब इसने 95.43 प्रतिशत का शानदार प्लांट लोड फेक्टर, 98.26 फीसदी प्लांट उपलब्धता फेक्टर (पीएएफ) और 9.15 प्रतिशत ऑक्जलरी कंजम्पशन की उपलब्धि हासिल की।



## गौरीघाट में पंजाबी दशहरा महोत्सव की मनोहरी छटा बिखरी

# श्रीराम ने चलाया तीर, रावण-कुंभकर्ण ढेर



**हरिभूमि जबलपुर।**

परम्परानुसार 76वां पंजाबी दशहरा महोत्सव गौरीघाट स्थित आयुर्वेद कॉलेज मनाया गया। 75 फुट ऊँचे विशालकाय रावण व कुंभकर्ण के पुतलों का दहन श्रीराम ने किया। सोने की लंका दहन, रंग-बिरंगी आतिशबाजी फूटी। मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम में पंजाब की छटा बिखरी। असत्य पर सत्य की जीत हुई और बुराई का अन्त। इसी के साथ पूरी संस्कारधानी एक बार फिर जय-जय श्रीराम के स्वरों से गूंज उठी। आयुर्वेद कॉलेज ग्राउण्ड में पंजाबी हिन्दू एसोसिएशन के तत्वावधान में पंजाबी दशहरा समारोह गरिमा और असीम उल्लास के साथ मना। बच्चे आतिशबाजी के नजारे देखते मिले और शहरवासी संस्कृति के रंगों में सराबोर हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री तरुण भनोट ने की। राज्यसभा सदस्य सुमित्रा वाल्मीक, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिंकुज विज मौजूद थे। स्वामी नरसिंहदास ने आर्शीवचन दिए।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों से श्रीगणेश

पंजाबी दशहरे की भव्यता किसी लिहाज से कम नहीं थी। परम्परानुसार कार्यक्रम का श्रीगणेश श्री राम स्तुति, देवी अराधना तथा मंगलाचरण के साथ हुई। सेवा भारती के कलाकारों द्वारा वंदना, सुप्रसिद्ध नृत्य एवं कला साधक मोती शिवहरे समूह द्वारा आदिशक्ति जगत जननी माँ जगदम्बे की स्तुति, पारम्परिक लोक नृत्य की प्रस्तुति, अखिलेश पटेल एंड पार्टी में गणेश वंदना और दुर्गा वंदना की गई। सरदार देवेन्द्र सिंह समूह द्वारा पंजाब के लोकप्रिय समूह नृत्य ''भांगड़ा'' की शानदार प्रस्तुति दी गई।

### श्री राम की शोभायात्रा निकली

पंजाबी महिला समिति के संयोजन मे आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में श्रीराम, अनुज लक्ष्मण, भक्त हनुमान को पुष्पों से सजे रथ पर विराजमान रहे। शोभायात्रा में चाचर नृत्य, डांडिया नृत्य, रंग बिरंगी डिस्को लाइट, दुल-दुल घोड़ी, श्याम बैण्ड का सुरीला, कर्णप्रिय प्रदर्शन, अश्वरोही दल मुख्य आकर्षक रहे। मनमोहक अशोक वाटिया पहुंचकर हनुमान ने फल तोड़कर खाये और उसे तहस-नहस कर दिया। रघुनाथ के रथ ने मैदान की पांच बार परिक्रमा लगाई।

### आतिशबाजी की छटा बिखरी

शानदार आतिशबाजी ने आसमान को इन्द्रधनुषी और सतरंगी कर दिया। रोशन हुए आसमां का नजारा लोग देखते रह गये। शिवाकाशी, चायन और स्थानीय आतिशबाजी तो बस देखने के काबिल रही। रंग-बिरंगी आतिशबाजी को सभी ने कैमरे में कैद किया। बच्चों ने इसका भरपूर लुत्फ उठाया।

### रावण-कुंभकर्ण ढेर

श्रीराम के आतिशी तीर से विशालाकाय 75 फुट ऊंचे रावण और कुंभकर्ण के पुतले ढेर हो गये। वे धू-धू कर जल उठे। पुतले में भरे बम जोरदार आवाज के साथ फूटे- ऐतिहासिक पर्व विजयादशमी पर एक बार फिर अहंकार, असत्य, अधर्म का दहन हुआ और सत्य की असत्य पर महाविजय हुई। रावण और कुंभकर्ण के विशालकाय पुतले 10 मिनिट में खाक हो गये।

## सुबह तक घाट पर चलता रहा विसर्जन

# चल समारोह में केवल 7 दुर्गा प्रतिमायें शामिल



**सिहोरा।** नगर का दशहरा चल समारोह विजयादशमी पर बुधवार को भक्तिमय महौल में सिहोरा नगर पालिका के संयोजन में निकला जिसमें प्रशासन एंव जनप्रतिनिधियों का समितियों से समाजस्य स्थापित न होने के कारण मुख्य समारोह में बुधवार को निकलने वाली कुल 24 प्रतिमाओं में से 07 प्रतिमाएं ही इसमें शामिल हुई। बाकी एक दर्जन से अधिक प्रतिमाएं उसी मार्ग से चल समारोह प्रारम्भ होने के पहले ही निकल गई।

### चल समारोह लेट प्रारम्भ होने से नहीं होते शामिल

अनेक समितियो के पदाधिकारियों ने बताया कि चल समारोह लेट प्रारम्भ होने के कारण वे इसमें शामिल नहीं होते। सिहोरा का दशहरा एक साथ एक ही दिन निकले इसके लिए नेताओं और अधिकारियों द्वारा बाते बस की जाती है प्रयास कुछ नहीं होते और यह उसी का नतीजा है कि दशहरा पर्व हर शाल अपना महत्व खोता जा रहा है।चल समारोह मार्ग के दोनो तरफ बैठे सैकडों भक्तों में शामिल बच्चे युवक युवतियां बुर्जुग सहित अपार जन सैलाब मां भगवती को विदाई देने आतुर नजर आया।

### पूजन के बाद चल समारोह का शुभारंभ

इस बार रात्रि करीब 8 बजे कटरा मोहल्ला से प्रारम्भ हुए चल समारोह में शामिल प्रथम प्रतिमा के रुप में गढिया मोहल्ला द्वारा स्थापित माता महाकाली की प्रतिमा का विधायक संतोष बरकंडे, नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेन्द्र कुमार ओझा आदि ने पूजन अर्चन करके चल समारोह का शुभारंभ किया। चल समारोह झंडा बाजार,काल भैरव चौक सरावगी मोहल्ला,हरदौल मंदिर, बाबाताल से होकर निकला जो हिरन नदी मझंगवा घाट खितौला में प्रतिमा विसर्जन के साथ ही संपन्न हुआ। विसर्जन का क्रम रात 6 बजे से प्रारम्भ हो गया था जो प्रातः 10 बजे तक चलता रहा। नगर पालिका के संतोष तिवारी ने बताया रात्रि भर में करीब दो दर्जन से अधिक प्रतिमाओं का विसर्जन हो चुका था।दुसरे दिन भी सुबह से शाम तक प्रतिमाओं के विसर्जन का क्रम चलता रहेगा।

### घटना के बाद चुस्त दिखा प्रशासन

मंगलवार की रात्रि में गौरी तिराहा पर देवी प्रतिमा के दर्शन कर रहे लोगों पर अनियंत्रित बस के चढ़ जाने से इसमें करीब एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये थे इस कारण लोगों में आक्रोश को देखते हुए पुलिस प्रसाशन चल समारोह वाले दिन यहां कुछ ज्यादा ही दुरुस्त दिखा।

### ये प्रतिमायें चल समारोह में हुईं शामिल

नगर के एतिहासिक दशहरा चल समारोह में जागरुक युवा समिति,अंकुर समिति झंडा बाजार,बायपास मल्हानपुरा समिति,काल भैरव चौक समिति,आजाद दुर्गोत्सव,जय ज्योति आजाद चौक,संयोग समिति चौपड़ा मोहल्ला सहित अन्य समितियों की प्रतिमाएं शामिल थी।चल समारोह में शामिल प्रतिमाओं का जगह जगह भक्तों ने पूजन कर आशिर्वाद प्राप्त किया। जिन समितियों ने अपनी प्रतिमा अलग से निकाली है उनको इसमें शामिल नहीं किया गया।

### भक्तों के लिये रात भर चले भंडारे

शिवमंदिर बाबाताल में झंकार समिति द्वारा विसर्जन में शामिल हजारों भक्तों के लिए आयोजित विशाल भंडारा देर रात तक चलता रहा। यहां पर माता की आरती में पहुंचकर भक्तों ने पुण्य लाभ अर्जित करने के साथ भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इसी तरह बरा मोहल्ला खितौला में पार्षद अजय बेटू शर्मा द्वारा भी भंडारे का आयोजन किया गया।

# विसर्जन के लिए तैयार हुआ कुंड, चल समारोह आज



**बरेला।** नगर परिषद द्वारा कैनाल के समीप अस्थाई विसर्जन कुंड का निर्माण किया गया है। सीएमओ संजय पांडे ने बताया कि नगर परिषद द्वारा देवी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नहर के समीप नर्वदा जल से लबालब अस्थाई विसर्जन कुंड का निर्माण किया गया है ताकि देवी प्रतिमाओं का यहां पर विसर्जन हो सके। सीएमओ संजय पांडे ने सभी देवी प्रतिमाओं एवं दुर्गा उत्सव समितियां से अपील की है कि वह नगर परिषद द्वारा बनाए गए विसर्जन कुंड में ही देवी प्रतिमाओं का विसर्जन करें अन्य किसी प्राकृतिक जल स्त्रोत में विसर्जन ना करें ताकि जल स्त्रोत दूषित होने से बच सके। 2 अक्टूबर को यहां पर विजयदशमी चल समारोह निकाला जाएगा चल समारोह में लगभग एक दर्जन से अधिक प्रतिमान सम्मिलित होगी।थाना प्रभारी टीआई अनिल पटेल ने बताया कि चल समारोह में एक दर्जन से अधिक प्रतिमाये सम्मिलित होगी। सम्मिलित होने वाली प्रतिमाओं का क्रम निश्चित हो गया है तथा क्रमानुसार ही दुर्गोत्सव समितियां चल समारोह में सम्मिलित होगी। टीआई अनिल पटेल ने सभी दुर्गा उत्सव समितियां के पदाधिकारी से अपील की है कि वह चल समारोह में शांति और सौहारद का वातावरण बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार का नशे का सेवन न करें।

## 51 फुट ऊंचाई की देवी प्रतिमा के दर्शन के लिए उमड़ रहे श्रद्धालु



**बरेला।** निवास मार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत बम्हनी में स्थापित मध्य प्रदेश की सबसे ऊंची 51 फिट निर्मित मां दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। यहां पर विराजमान 51 फीट ऊंची मां दुर्गा के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालुओं आ रहे हैं। आयोजन समिति के रामेश्वर साहू जनपद उपाध्यक्ष ने बताया कि इस वर्ष ग्राम बमनी में माता रानी की 51 फीट ऊंची विशालकाय प्रतिमा स्थापित की गई है माता रानी के दर्शनों के लिए भक्तों की लाइन लगी हुई है। यहां पर आसपास व दूर दराज एवं दूसरे जिले से दसनार्थी माता रानी के दर्शनों के लिए आ रहे हैं।यहां पर आ रहे सभी श्रद्धालुओं के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं की गई हैं आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालु भक्तों से माता रानी के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## जवारा विसर्जन जुलूस निकला गया

**बरेला।** शारदा मंदिर नवरात्रि की नवमी को हवन पूजन के बाद जवारा विसर्जन जुलूस निकला गया। कार्यक्रम में मंदिर की व्यवस्थापक आशीष शुक्ला, अभय शुक्ला, अरविंद तिवारी, प्रसन्न उपाध्याय, बिल्किस दुबे कार्यक्रम में सहयोग हेतु डीएसपी आकांक्षा उपाध्याय तहसीलदार शशांक दुबे थाना प्रभारी बरेला अनिल पटेल एवं स्टाफ एमपीवी के समस्त स्टाफ उपस्थित था।



# सिहोरा में राजपूत समाज ने किया शस्त्र पूजन



**सिहोरा।** विजया दशमी पर राजपूत समाज का द्वारा शस्त्र पूजन किया गया।विजया दशमी शस्त्र पूजन सभी शक्ति के प्रतीक है जिसमें आत्म-विजय,स्वधर्म की भावना अन्तनिर्मित है उक्त उद्गार राजपूत सभा गढ़िया मोहल्ला के वरिष्ट समाज सेवी एंव कार्यक्रम अध्यक्ष गोपाल सिंह ठाकुर ने शस्त्र-पूजन के अवसर पर व्यक्त किए।यह राष्ट्रीय दृष्टि से सैन्य शक्ति एवं आत्मरक्षा संवर्धन का दिन भी है।कार्यक्रम का शुभारंभ मां भवानी के पूजन से हुआ। आगे कहा प्राचीनकाल में वर्षाकाल में युद्ध निषेध था अतः वर्षा के चत्तूर्माश में शस्त्र,शास्त्रागारों में सुरक्षित रख दिए जाते थे विजयादशमी पर उन्हें शास्त्रागारों से निकाल कर उनका पूजन होता था। कार्यक्रम को सफल बनाने में महेन्द्र सिंह, रामजी ठाकुर, मनोज सिंह, प्रबरा अरुण सौरभ, वीरेन्द्र विकास, विशाल, रोहण, संतोष, विजय, आदित्य, आलोक, प्रकाश, पियुष, विनायक, अतुल रुद्राक्ष, माधव सिंह, आनंदसिंह, रोनित, अर्षित का योगदान था।

## निधन

**श्री नरेंद्र ठाकुर-** गढ़ाफाटक जादूगर वाली गली निवासी श्री नरेंद्र ठाकुर (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सूरज चौधरी-** बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री राम कृपाल चौधरी के पुत्र श्री सूरज चौधरी (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री तरुण तिवारी-** गोरखपुर निवासी श्री दशरथ प्रसाद तिवारी के पुत्र श्री तरुण तिवारी (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती तुलसा बाई रघुवंशी-** कैलाशपुरी गुप्तेश्वर निवासी श्री शंभू लाल रघुवंशी की धर्मपत्नी श्रीमती तुलसा बाई रघंवशी (96) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री कन्ना स्वामी-** गली नं. 21, सदर निवासी श्री कन्ना स्वामी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम सेवक झारिया-** रामनगर अधारताल निवासी श्री राम सेवक झारिया (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती गंगोत्री बाई मेहरा-** तिलहरी पटेल बाबा मंदिर के पास निवासी श्री तोड़ी लाल मेहरा की धर्मपत्नी श्रीमती गंगोत्री बाई मेहरा (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुन्ना लाल झारिया-** पुराना धोबीघाट गोरा बाजार रोड निवासी श्री मुन्ना लाल झारिया (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री संतोष कुशवाहा-** पुरानी पीपी कॉलोनी गौरीघाट रोड निवासी श्री संतोष कुशवाहा (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रवि कुमार पिल्ले-** हैलटगंज सदर निवासी श्री रवि कुमार पिल्ले (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री प्रीतम लाल अहिरवार-** ग्राम जिलहरी गौरीघाट निवासी श्री प्रीतम लाल अहिरवार (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 12x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362100

# सेवा पखवाड़ा प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न



**पाटन।** सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत आज संदीपनी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पाटन में विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा के साथ किया गया। इस अवसर पर सहायक संचालक श्री गौतम बर्वे एवं विद्यालय के प्राचार्य श्री अनुज कुमार सेन विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में चित्रकला, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों से चयनित छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सहभागी शालाओं में पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नूनसर, संदीपनी विद्यालय कटंगी, शासकीय हाई स्कूल उड़ना सड़क, संदीपनी विद्यालय पाटन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटरा एवं बेलखेड़ा शामिल रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति सदस्यों — श्रीमती विदा रिपारिया (पीएम श्री कन्या पाटन), श्रीमती नीतू दुबे (संदीपनी विद्यालय पाटन), श्रीमती नामित तिवारी (पीएम श्री विद्यालय नूनसर), एवं श्रीमती गुंजा गुप्ता (संदीपनी विद्यालय कन्या कटंगी) का विशेष योगदान रहा। निर्णायक मंडल में श्रीमती नामित तिवारी, श्रीमती किरण विश्वकर्मा एवं श्रीमती भारती खंपरिया ने निष्पक्ष रूप से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों का चयन किया।

## सरस्वती घाट कुंड में विसर्जित होगी मां जगतजनी की प्रतिमा



**भेड़ाघाट।** सरस्वती घाट में दुर्गा विसर्जन कुंड बनकर तैयार हो चुका है जिसमें भेड़ाघाट चौराहा चल समारोह आज होने के कारण क्षेत्र की समस्त प्रतिमाएं चल समारोह में भाग लेकर सरस्वती घाट विसर्जन कुंड के लिए आती है। नगर परिषद भेड़ाघाट द्वारा विसर्जन कुंड बनाकर तैयार किया गया है जिसकी लंबाई 57 फिट एवं चौड़ाई 25 फीट एवं गहराई 8 फिट है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद भेड़ाघाट विक्रम सिंह झारिया द्वार कुंड का निरीक्षण किया गया एवं व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया।

24 वीं पुण्य तिथि
जन्म- 3 अक्टूबर 1931
मृत्यु- 26 अक्टूबर 2001

स्व. श्री भवानी प्रसाद साहू
आज मैं अपने जीवन में जो भी हूँ, वो पूज्य पिताजी के पुण्य शिक्षा संस्कार का ही प्रतिफल है। मैं उनके बिना अपने सार्थक जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकता। पूज्य पिताजी के श्री चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ, साथ ही कामना करता हूँ कि उनका आशीर्वाद और स्नेह मुझे हमेशा मिलता रहे।
शोकाकुल परिवार- श्रीमती गौरा बाई साहू (पत्नि), पुत्र-पुत्रवधू- अशोक-शालिनी साहू, सुनील- रीना साहू संजय - प्रीति साहू, सतीश - नम्रता साहू, पौत्र-पौत्री- अंकिता, आकाश, सिद्धार्थ, सान्या, सार्थक, समृद्धि भाई- शिव प्रसाद साहू, स्व. भगवानदास साहू पुत्री-दामाद - शीला- सतीश दिनकर नीता- सुरेन्द्र साहू)
प्रतिष्ठान- साहू न्यूज एजेन्सी, भवानी प्लाजा, अभिनंदन वेज रेस्टारेंट 314, सतना बिल्डिंग, जबलपुर (म.प्र.)

# कार्यालय कलेक्टर डिण्डौरी एवं पदेन अपर सचिव मध्यप्रदेश शासन

राजस्व विभाग क्रमांक/भू-अर्जन /2023झ24/751-82) 2023-24/858 **अधिसूचना** डिण्डौरी, दिनांक - 26/09/2025

धारा-19

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची (1) में वर्णित भूमि की कालम नम्बर (6) में वर्णित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है, इस हेतु अनुसूची (1) के कॉलम नम्बर ( 4 ) में वर्णित प्रभावित कृषको की भूमि, भू-अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (क्रमांक 30 सन 2013) की धारा-19 के अन्तर्गत यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है।

**अनुसूची-1**

| जिला | तहसील | ग्राम एवं प.ह.नं. | भूमि का क्षेत्रफल (हेक्ट. में) | प्रभावित परिवारों की सख्यां | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| डिण्डौरी | डिण्डौरी | फड़की माल प.ह.नं. 37 | 79.350 | 170 | राघवपुर बहुउद्देशीय परियोजना हेतु |
| | | कुल | 79.350 हेक्ट. | | |

**अनुसूची-2 (प्रभावित धारको की सूची)**

| क्र. | भूमिस्वामी/ शास. पट्टेदार का नाम मय पता सहित | खसरा नं. | कुल रकबा (हेक्ट.) | अर्जित रकवा (हेक्ट.) | परिसंपत्तियों का विवरण | वृक्षों का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | देवसिंह पिता सम्मा जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 97 | 0.080 | 0.065 | - | - |
| 2 | देवसिंह पिता सम्मा जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 100 | 0.130 | 0.039 | - | शोबबूल-16, छिवला-1, बेर-3, सीताफल-4 |
| 3 | देवसिंह पिता सम्मा जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 139 | 0.080 | 0.089 | - | शोबबूल-4, खमेर - 1, बबूल - 2, बेर-9 |
| 4 | देवसिंह पिता सम्मा जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 141 | 2.960 | 1.162 | कच्चा घर छत टिन शेड, बोरबेल-1 | शोबबूल - 103, आम-3, खमेर - 1, नीम - 2, बबूल -9, बांस- 8, बेर- 39, साल्हे-2 |
| 5 | द्रोपती पुत्री दयाली, मूलचंद पिता चमरा लछमनिया बाई बेवा चमरा, सुंगधिया पुत्री दयाली, गोमती पुत्री` दयाली, विदयाबाई पुत्री दयाली, तितरीबाई पुत्री दयाली, गणेशसिंह पिता देवीसिंह, गन्दा बाई पुत्री दयाली, जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 142 | 1.010 | 1.010 | - | शोबबूल - 8, खमेर - 6, बबूल -45, बेर- 24, सेम्हर-1 |
| 6 | कुंवरिया पुत्री फुन्दीलाल धनीराम पिता फुन्दीलाल जाति गोंड लमियाबाई पुत्री फुन्दीलाल पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश | 143 | 0430 | 0430 | - | - |
| 7 | मदन पिता लमनासिंह जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 144 | 0.480 | 0.480 | - | बबूल -10, बेर- 8 |
| 8 | पनकिनबाई बेवा माहू जाति गोंड दुकालू पिता पटवारी, अमरतिया बेवा नन्दू बैसाखू पिता नन्दू मेलसिंह पिता नन्दू, उमेलसिंह पिता नन्दू बैसखियाबाई पुत्री नन्दू सुखिया पुत्री नन्दू रामकली पुत्री नन्दू, टिफीतन पुत्री नन्दू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 145 | 0.480 | 0.480 | - | बबूल -10, लभेर- 8 लिप्टिस-1 |
| 9 | दसरा पिता अच्छेलाल, दसमत बाई पुत्री अच्छेलाल फूलवती पुत्री मिहीलाल, भद्दी बाई पुत्री अच्छेलाल, दसरू पिता अच्छेलाल पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 146 | 0.500 | 0.500 | - | खमेर - 5,बेर- 2 |
| 10 | देवसिंह पिता सम्मा जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 148 | 4.760 | 3.045 | - | शोबबूल -24,आम-1 खमेर - 1, उमर - 1, बबूल -16, सगोन-2 बेर- 28, लिप्टिस-4 |
| 11 | सम्पतियाबाई बेवा केहरसिंह जाति गोड, रामसिंह पिता केहरसिंह जाति गोड, चरनसिंह पिता केहरसिंह जाति गोड, रायसिंह पिता केहरसिंह जाति गोड रामवती पुत्री केहरसिंह जाति गोड पता फड़की डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश | 149 | 0.110 | 0.110 | - | शोबबूल -3,बेर-8 बबूल -4,छिवला-1 |
| 12 | द्रोपती पुत्री दयाली, मूलचंद पिता चमरा, लछमनिया बाई बेवा चमरा, सुंगधिया पुत्री दयाली, गोमती पुत्री 12 दयाली, विदयाबाई पुत्री दयाली, तितरीबाई पुत्री दयाली, गणेशसिंह पिता देवीसिंह, गन्दा बाई पुत्री दयाली, जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 156 | 1.220 | 0.434 | - | शोबबूल -4,खमेर -1 उमर - 1,बबूल -3, तेन्दू-3 सगोन-1 बेर- 2, सीताफल-1 |
| 13 | मदनसिंह पिता लमनासिंह जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 157/2 | 0.120 | 0.120 | - | बेर-1, बबूल -5 |
| 14 | कुंवरिया पुत्री फुन्दीलाल पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश ] धनीराम पिता फुन्दीलाल जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] लमियाबाई पुत्री फुन्दीलाल पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश | 158 | 1.270 | 0.065 | - | बेर-1, बबूल -5 |
| 15 | तीरथ पिता थानसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 159/1 | 1.700 | 0.193 | - | छिवला-2 |
| 16 | मीराबाई पुत्री थानसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 159/2 | 0.660 | | - | - |
| 17 | मीरा पति बुद्दू जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 160 | 0.350 | 0.056 | - | - |
| 18 | बुधियाबाई पुत्री हजारी जाति गोंड ] गनेशियाबाई पुत्री हजारी जाति गोंड ] बुद्ध पिता बिहारी जाति गोंड 1 कमलसिंह पिता हजारी जाति गोंड ] चैनसिंह पिता बिहारी जाति गोंड ] धुन्नी पिता बिहारी जाति गोंड 1 18 राजकुमार पिता चरनसिंह जाति गोंड ] झुरकी पुत्री धारी जाति गोंड ] हेमन्तीबाई पुत्री आधारी जाति गोंड सुकरती बेवा चरनसिंह जाति गोंड ] कुम्हारिनबाई पुत्री चरनसिंह जाति गोंड ] लक्ष्मीबाई पुत्री चरनसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश | 162 | 1.250 | 1.106 | - | - |
| 19 | देवसिंह पिता सम्मा जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 163 | 1.360 | 1.360 | - | शोबबूल-3, खमेर - 1 बकाइन - 1, बबूल-2, मुनगा - 1 |
| | गायत्री पिता देवसिंह ( मकान मालिक) | | | | पकका घर कच्चा घर छत टिन शेड, | |
| 20 | देवसिंह पिता सम्मा जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 164 | 1.770 | 0.252 | - | छिवला-1 |
| 21 | अतर सिह पिता सुब्बल सिह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 299 | 0.150 | 0.002 | - | कोशुम-3 खमेर-1 |
| 22 | डोमरा पिता कुन्दरू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] ढल्लपबाई पुत्री कुन्दरू सजन पिता आशाराम अनिल पिता आशाराम पारवती बेवा आशाराम सुंगधिया बेवा बुधई सेमवती पुत्री बुधई, शिवप्रसाद पिता बुधई, दीपक पिता मायाराम, रविकुमार पिता मायाराम, दयाराम पिता भददू गयाराम पिता भददू कोपासिंह पिता भददू तोपसिंह पिता भददू, प्रमोद पिता पुहपसिंह शान्तीबाई पिता भददू, जमनीबाई पुत्री भददू, राजू पिता डोमरा द्वारका पिता पन्सी गुड्डू पिता कृष्णा पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 300 | 0.400 | 0.023 | - | |
| 23 | गिरवरसिंह पिता करमसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] वीरन सिंह पिता करमसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] तीरथसिंह पिता करम सिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] धीरजसिंह पिता करमसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] सौनूसिंह पिता करमसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] विरियाबाई पुत्री करम पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 303 | 0.860 | 0.500 | - | शोबबूल -4,खमेर -1 बबूल -3,बांस-1बेर-18,लिप्टिस-8सगोन-5, सफेद शीरस-1 |
| 24 | अतरसिह पिता सुब्बलसिह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] मध्य प्रदेश ] | 304/1 | 0.100 | 0.100 | - | - |
| | भागवती बाई पुत्री निरपत जाति गोंड पता डिंडोरी,गंगोत्रीबाई पुत्री निरपत पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 304/2 | 0.100 | 0.100 | - | - |
| 25 | भागवती बाई पुत्री निरपत जाति गोंड पता डिंडोरी,गंगोत्रीबाई पुत्री निरपत पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 305/1/1 | 1.920 | | - | - |
| | भागवती बाई पुत्री निरपत जाति गोंड पता डिंडोरी,गंगोत्रीबाई पुत्री निरपत पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 305/1/2 | 0.400 | 2.418 | - | बबूल-1बेर-34 |
| 26 | झनकी पति सजनसिंह जाति गोंड पता फड़की डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश | 305/2 | 0.400 | | - | बेर-16 |
| 27 | पतीराम पिता पनकू कृष्णकुमार पिता गनपत जाति गोंड उम्मेद पिता गनपत उर्मिला पुत्री गनपत मंत्री बाई पुत्री पनकू, गनपतिया पुत्री पनकू, बिसमतिया बाई बेवा गनपत कुन्तीबाई पुत्री पनकू चैतीबाई पुत्री पनकू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 306 | 0.490 | 0.149 | - | - |
| 28 | पतीराम पिता पनकू कृष्णकुमार पिता गनपत जाति गोंड उम्मेद पिता गनपत उर्मिला पुत्री गनपत मंत्री बाई पुत्री पनकू, गनपतिया पुत्री पनकू, बिसमतिया बाई बेवा गनपत कुन्तीबाई पुत्री पनकू चैतीबाई पुत्री पनकू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 308 | 0.140 | 0.014 | - | शोबबूल -4, सफेद शीरस-1 |
| 29 | धनीराम पिता फुन्दीलाल पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 309 | 1.010 | 0.951 | - | शोबबूल -5,खमेर -2 बबूल -2,बांस-1बेर-19,सफेद शीरस-1 |
| 30 | तखतसिंह पिता केहरसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] दुवरसिंह पिता केहरसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 310 | 0.440 | 0.440 | - | खमेर -5, बबूल -4, बेर-44 |
| 31 | मंगल पिता छोटा जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 311 | 0.360 | 0..360 | - | शोबबूल -7,बबूल -1, बेर-6,सफेदशीरस-1 लिप्टिस-2 |
| 32 | सूरजसिह पिता गोविन्द जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] ओमकार पिता गोविन्द जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 312 | 0.350 | 0.350 | - | शोबबूल-25,बबूल-8, बेर-6, जामुन-1, उमर-5 |
| | सुरजसिंह पिता गोविन्द् | | | | कच्चा घर छत खपरैल | |
| 33 | कमोद पिता धरमसिंह, लालवती पुत्री धरमसिंह, हेमवती पुत्री धरमसिंह, कुसुमवती पुत्री धरमसिंह, सहबिन बाई बेवा इन्द्रसिंह, ईश्वर पिता इन्द्रसिंह, कमली बाई पुत्री इन्द्रसिंह फुन्दिया बाई पुत्री इन्द्रसिंह गुलबी बाई पुत्री इन्द्रसिंह, श्यामसिंह पिता ईदलसिंह बडडा पिता ईदलसिंह, तुलसीबाई बेवा कोदूलाल कदिया पुत्री गोपाल सूनीबाई पुत्री गोपाल, सनरी पुत्री गोपाल, मनीष पिता कोदूलाल विनीता पुत्री कोटूलाल पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 320 | 1.690 | 0.175 | - | शोबबूल-25,बबूल-8, बेर-6, जामुन-1, उमर-5 |
| | ईश्वर पिता इन्द्रसिंह | | | | पक्का मकान छत खपरैल-3, पक्का शौचालय पक्का पानी टंकी | |
| 34 | डोमरा पिता कुन्दरू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] ढल्लपबाई पुत्री कुन्दरू सजन पिता आशाराम अनिल पिता आशाराम पारवती बेवा आशाराम गधा वा बुधई सेमवती पुत्री बुधई शिवप्रसाद पिता बुधई, दीपक पिता मायाराम, रविकुमार पिता मायाराम, दयाराम पिता भददू गयाराम पिता भदू कोपासिंह पिता भददू, तोपसिंह पिता भददू, प्रमोद पिता पुहपसिंह शान्तीबाई पिता भददू, जमनीबाई पुत्री भददू, राजू पिता डोमरा, द्वारका पिता पन्सी गुड्डू पिता कृष्णा पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 322 | 1.570 | 0.502 | - | शोबबूल-4, उमर-2 खमेर-1 |
| 35 | गुलबसियाबाई बेवा केहरसिंह जाति गोंड लालवती पिता केहरसिंह जाति गोंड, सोनवती पुत्री केहरसिंह जाति गोंड भागरती बेवा भारतसिंह जाति गोंड चेतसिंह पिता भारतसिंह जाति गोंड प्रतापसिंह पिता भारतसिंह जाति गोंड, जीवन पिता भारतसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश | 323 | 0.250 | 0.250 | - | शोबबूल-5, जामुन-1 बेर-4 |
| 36 | दुबरिया पिता फगुवा, सुरेश पिता भँवरसिंह, शिवराज पिता भँवरसिंह, कुम्हार पिता भँवरसिंह, राजकरन पिता भँवरसिंह, मुलिया पुत्री फगुवा, श्रीवती पुत्री फगुवा पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश | 324 | 3.440 | 0.643 | - | बबूल-16, खमेर-1 बेर-15 |
| 37 | रमोताबाई बेवा सहजूसिंह, अनिल पिता रतनसिंह बसंती बेवा रतन उमाशंकर पिता रामरतन भागवती बेवा रामरतन चन्द्रसिंह पिता सहवा भजनसिंह पिता सहवा भोला पिता रामदीन बुध्दन बेवा सहवा भारतसिंह पिता सहवा अमरतिया बाई बेवा दददू नरेश पिता सहदर शांती पुत्री सहदर रूकमणी पुत्री सहदर पप्पीबाई बेवा छुटटू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] राहुल पिता छुटटू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 327 | 0.170 | 0.063 | - | बबूल-16, खमेर-1 बेर-15 |
| 38 | डोमरा पिता कुन्दरू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] सजन पिता आशाराम ढल्लपबाई पुत्री कुन्दरू, अनिल पिता आशाराम पारवती बेवा आशाराम गधा बेवा बुधई सेमवती पुत्री बुधई शिवप्रसाद पिता बुधई, दीपक पिता मायाराम, रविकुमार पिता मायाराम, दयाराम पिता भददू, गयाराम पिता भददू , कोपासिंह पिता भददू तोपसिंह पिता भदद, प्रमोद पिता पुहपसिंह शान्तीबाई पिता भददू जमनीबाई पुत्री भददू, राजू पिता डोमरा द्वारका पिता पन्सी गुड्डू पिता कृष्णा पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 331 | 1.310 | 0.646 | | |
| 39 | बुधियाबाई पुत्री हजारी जाति गोंड, गनेशियाबाई पुत्री हजारी जाति गोंड बुद्धू पिता बिहारी जाति गोंड, कमलसिंह पिता हजारी जाति गोंड, चैनसिंह पिता बिहारी जाति गोंड नानीबाई बेवा हजारी जाति गोंड धुन्नी पिता बिहारी जाति गोंड राजकुमार पिता चरनसिंह जाति गोंड झुरकी पुत्री आधारी जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश ] हेमन्तीबाई पुत्री आधारी जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश ] सुकरती बेवा चरनसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश ] कुम्हारिनबाई पुत्री चरनसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश] लक्ष्मीबाई पुत्री चरनसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश | 332 | 1.100 | 0.026 | | शोबबूल-18,बबूल-23 |
| 40 | बुधियाबाई पुत्री हजारी जाति गोंड, गनेशियाबाई पुत्री हजारी जाति गोंड, बुद्धू पिता बिहारी जाति गोंड कमलसिंह पिता हजारी जाति गोंड चैनसिंह पिता बिहारी जाति गोंड, नानीबाई बेवा हजारी जाति गोंड धुन्नी पिता बिहारी जाति गोंड राजकुमार पिता चरनसिंह जाति गोंड झुरकी पुत्री आधारी जाति गोंड, हेमन्तीबाई पुत्री आधारी जाति गोंड सुकरती बेवा चरनसिंह जाति गोंड, कुम्हारिनबाई पुत्री चरनसिंह जाति गोंड लक्ष्मीबाई पुत्री चरनसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश | 335 | 0.550 | 0.211 | | शोबबूल-1,बबूल-6 खमेर-4, बेर-8 |
| 41 | सोनसिंह पिता दासर जाति गोंड, इन्द्रपालसिंह पिता दासर जाति गोंड, सुदेशपाल पिता दासर जाति गोंड अम्मीबाई पुत्री दासर जाति गोंड धरमवती पुत्री दासर जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 336 | 0.860 | 0.334 | | बबूल-1 |
| | इन्द्रपाल सिंह पिता दासर | | | | पक्का ममान छत टिन शेड | |
| 42 | डोमरा पिता कुन्दरू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] ढल्लपबाई पुत्री कुन्दरू सजन पिता आशाराम अनिल पिता आशाराम पारवती बेवा आशाराम सुंगधिया बेवा बुधई, सेमवती पुत्री बुधई, शिवप्रसाद पिता बुधई, दीपक पिता मायाराम, रविकुमार पिता मायाराम, दयाराम पिता भददू, गयाराम पिता भददू , कोपासिंह पिता भददू, तोपसिंह पिता भददू, प्रमोद पिता पुहपसिंह शान्तीबाई पिता भददू, जमनीबाई पुत्री भददू, राजू पिता डोमरा द्वारका पिता पन्सी गुड्डू पिता कृष्णा पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 337 | 1.050 | 0.179 | | शोबबूल-1,बबूल-6 खमेर-4, बेर-8 |
| | पारवती बाई पति आशाराम | | | | कच्चा घर छत खपरैल-3 पक्का शौचालय पक्का पानी टंकी | |
| | दयाराम पिता बद्धू रणजीत पिता दयाराम (मकान मालिक) | | | | कच्चा घर छत खपरैल | |
| | कोपसिंह पिता भद्दू | | | | पक्का मकान छत खपरैल पक्का शौचालय | |
| | दयाराम पिता भद्दू | | | | पक्का घर | |
| 43 | मीरा बाई पुत्री जमादार पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 339 | 1.430 | 0.375 | | |
| 44 | भागोबाई बेवा प्रेमसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] नरबद पिता प्रेमसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] 44 नारायण पिता प्रेमसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश]` 340 करसिंह पिता प्रेमसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] नरबदिया बाई पुत्री प्रेमसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 340 | 0.700 | 0.700 | | खमेर-1, बेर-13 |
| 45 | गुलसियाबाई बेवा केहरसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] लालवती पिता केहरसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश ] सोनवती पुत्री केहरसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश ] भागरती बेवा भारतसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश ] चेतसिंह पिता भारतसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश] प्रतापसिंह पिता भारतसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश ] जीवन पिता भारतसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश | 341 | 0.140 | 0.140 | | शोबबूल-1, बेर-4 |
| 46 | सोमनाथ पिता प्यारेलाल, भजन सिंह पिता नन्हेसिंह, धनमतिया पुत्री नन्हेसिंह, जयमती पुत्री नन्हेसिंह, सहमतिया पुत्री नन्हेसिंह, अमलेश्वर पिता जयसिंह, परमेश्वरी पुत्री जयसिंह, प्रियंका पुत्री जयसिंह, बहादूर सिंह पिता रामसिंह, लक्ष्मन सिंह पिता रामसिंह, 46 चन्द्रकली पुत्री रामसिंह, सम्हर सिंह पिता प्यारेलाल, 342/1 अमरसिंह पिता प्यारेलाल, उत्तमसिंह पिता प्यारेलाल, लखनसिंह पिता प्यारेलाल, दौलतिया बाई पुत्री प्यारेलाल, लमियाबाई पुत्री प्यारेलाल, ब्रहस्पतिया बाई पुत्री प्यारेलाल, सम्पतिया बाई पुत्री प्यारेलाल, पता फड़की डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश | 342/1 | 0.080 | 0.080 | | बेर-5 |
| 47 | सम्हरसिंह पिता प्यारे जाति गोंड पता फड़की डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश | 342/2 | 0.080 | 0.080 | | बेर-4 |
| 48 | गुलबसियाबाई बेवा केहरसिंह जाति गोंड, लालवती पिता केहरसिंह जाति गोंड सोनवती पुत्री केहरसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश ] भागरती बेवा भारतसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश ] चेतसिंह पिता भारतसिंह जाति गोंड पता 343 डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश ] प्रतापसिंह पिता भारतसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश ] जीवन पिता भारतसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश | 343 | 0.160 | 0.160 | | बेर-5 |
| 49 | रतन पिता छोटा जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 344 | 0.130 | 0.130 | | |
| 50 | तीरथबाई बेवा झलकसिंह जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] गजराज पिता झलकसिंह जाति गोड पता फड़की डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश ] तिलोक पिता झलकसिंह जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] रामवती पुत्री झलकसिंह जाति गोड पता फड़की डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश | 345 | 0.140 | 0.140 | | |
| 51 | सुकवरिया बेवा रामा, सुन्दर पिता रामा, सुरेन्द्र पिता रामा, नारेन्द्र पिता रामा, बैसखिया पुत्री रामा, सुन्दरी पुत्री रामा पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 346 | 0.280 | 0.280 | | |
| 52 | उर्मिलाबाई बेवा तितरासिंह जाति गोड भागसिंह पिता तितरासिंह जाति गोड भगवानसिंह पिता तितरासिंह जाति गोड बुधियाबाई पुत्री तितरासिंह जाति गोड, पीतम पिता खत्तूसिंह जाति गोड गुलजारी पिता खत्तूसिंह जाति गोड गुलशेर पिता खत्तूसिंह जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 347 | 0.150 | 0.150 | | बेर-1 |
| 53 | गोविन्द पिता छोटा जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 348 | 0.150 | 0.150 | | बेर-2 |
| 54 | अरविन्द पिता पीतम जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] अनीता पुत्री पीतम पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] ईश्वरसिंह पिता इन्द्रसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 349 | 0.150 | 0.150 | | |
| 55 | फूलवती बेवा नन्हा जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] सविता पुत्री नन्हा पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] 55 मीना पुत्री नन्हा पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] गायत्री 350 पुत्री नन्हा पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] रश्मी पुत्री नन्हा पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 350 | 0210 | 0.210 | | बेर-6, बबूल-6 |
| 56 | मदन सिंह पिता लमनासिंह जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 351/1 | 0.970 | 0.970 | | शोबबूल-2,अमरूद-2 खमेर-1,बबूल-89, बेर-11, सीताफल-11 |
| | रामचरण पिता होबी सिंह ( मकान मालिक ) | | | | कच्चा घर छत खपरैल | बेर-6, बबूल-6,खमेर-1 सीताफल-1, |
| 57 | रामचरन पिता होबीसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 351/2 | 0.550 | 0.550 | | बेर-6, बबूल-26 |
| 58 | मदनसिंह पिता लमनासिंह जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 352/2 | 0.200 | 0.200 | | |
| 59 | श्यामवती बेवा मनोहर जाति गोंड पहलसिंह पिता मनोहर जाति गोंड, अनूपसिंह पिता मनोहर, फगनी पुत्री मनोहर जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 356 | 0.930 | 0.261 | | बेर-8,बबूल-3,कंजी-1 |
| 60 | छोटीबाई पुत्री थानसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 359 | 0.630 | 0.011 | | बेर-9 ,बबूल-1,खमेर1 छिवला-1,बेर-9,महुआ 1,लभेर-1,शोबबूल-2 |
| 61 | सुकवरिया बेवा रामा, सुन्दर पिता रामा, सुरेन्द्र पिता रामा, नारेन्द्र पिता रामा, बैसखिया पुत्री रामा, सुन्दरी पुत्री रामा पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 361 | 0.960 | 0.175 | | खमेर-5 |
| 62 | भोला पिता रामदीन पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 363 | 4.010 | 1.773 | | कंजी-1, छिवला-2 बबूल-5, सीताफल-5 |
| 63 | तीरथसिंह पिता थानसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 365/1 | 0.100 | 0.511 | | बबूल-1 |
| 64 | नरसिंह पिता थानसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 365/2 | 0.200 | | | बेर-1 |
| 65 | नारायणसिंह पिता थानसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 365/3 | 0.200 | | | बेर-1, खमेर-1 |
| 66 | नरसिंह पिता थानसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 365/4 | 0.540 | | | बेर-1, बबूल-11 |
| 67 | नारायणसिंह पिता थानसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 365/5 | 0.540 | | | |
| 68 | छोटीबाई पुत्री थानसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 365/6 | 0.400 | | | |
| 69 | केहरसिंह पिता जेदू जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 365/552 | 0.200 | 0.200 | | बेर-1, छिवला-2 |
| 70 | पतीराम पिता पनकू कृष्णकुमार पिता गनपत जाति गोंड, उम्मेद पिता गनपत उर्मिला पुत्री गनपत मंत्री बाई पुत्री पनकू, गनपतिया पुत्री पनकू, 375 बिसमतिया बाई बेवा गनपत कुन्तीबाई पुत्री पनकू चैतीबाई पुत्री पनकू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 375 | 1.850 | 0.124 | | |
| 71 | सम्हरसिंह पिता नसू जाति गोंड, गहवरसिंह पिता ननसू, कमली पुत्री ननर भगवत सिंह पिता समारू लामू सिंह पिता समारू, भूरी पुत्री ननर पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 378 | 0..840 | 0.840 | | |
| 72 | इन्द्रवती बेवा सौनूसिंह, नितेश कुमार मरावी पिता सौनू सिंह, समलिया बाई पुत्री राजासिंह, नवीन कुमार पिता दुलीचंद, नीलमणी पुत्री दुलीचंद पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 379 | 1.590 | 1.274 | | उमर-1, बबूल-31 |
| 73 | तीरथ पिता थानसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 380 | 2.340 | 0.035 | | |
| 74 | गुलसियाबाई बेवा केहरसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] लालवती पिता केहरसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश ] सोनवती पुत्री केहरसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश ] भागरती बेवा भारतसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश ] चेतसिंह पिता भारतसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश ] प्रतापसिंह पिता भारतसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश ] जीवन पिता भारतसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश | 381 | 0.200 | 0.158 | | बेर-4, बबूल-1 छिवला-1 |

शेष अगले पृष्ट पर देखे

पिछले पृष्ट का शेष

| क्र. | भूमिस्वामी/ शास. पट्टेदार का नाम मय पता सहित | खसरा नं. | कुल रकबा (हेक्ट.) | अर्जित रकवा (हेक्ट.) | परिसंपत्तियों का विवरण | वृक्षों का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 75 | दसरा पिता अच्छेलाल पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] दसमत बाई पुत्री अच्छेलाल पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] फूलवती पुत्री मिहीलाल पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] भद्दी बाई पुत्री अच्छेलाल पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] दसरू पिता अच्छेलाल पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 383 | 1.110 | 0.286 | | बबूल-7,बेर-3 |
| 76 | रामसिंह पिता प्यारेलाल जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 384/1 | 0.120 | | | |
| 77 | सम्हरसिंह पिता प्यारे जाति गोंड पता फड़की डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश | 384/2 | 1.200 | | | |
| 78 | अमरसिंह पिता प्यारेलाल जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 384/3 | 0.490 | | | |
| 79 | लखनसिंह पिता प्यारेलाल जाति गोउ पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 384/4 | 1.190 | 2.104 | | |
| 80 | कोदूलाल पिता इमरत जाति कोल पता तिदंनी पनागर डिंडोरी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | 388 | 2.990 | 0.026 | | छिवला-2 |
| 81 | देवसिंह पिता सम्मा जाति गोंड पता डिंडोरी मध्यप्रदेश | 389/1 | 1.210 | 2.636 | | |
| 82 | द्रोपती पुत्री दयाली, मूलचंद पिता चमरा लछमनिया बाई बेवा चमरा, सुंगधिया पुत्री दयाली, गोमती पुत्री दयाली, विदयाबाई पुत्री दयाली, तितरीबाई पुत्री दयाली, गणेशसिंह पिता देवीसिंह, गन्दा बाई पुत्री दयाली, जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 389/2 | 2.960 | | | |
| 83 | सकुनबाई बेवा सहदेव लालवती बेवा धरमसिंह, अनिल पिता धरमसिंह, मोती पुत्री धरमसिंह, महंती पुत्री धरमसिंह, सुगंती पुत्री धरमसिं चरनसिंह पिता चरनवती पुत्री सहदेव पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 390 | 1.330 | 1.330 | | |
| 84 | नारायणसिंह पिता थानसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 391/1 | 1.290 | 1.290 | | |
| 85 | नरसिंह पिता थानसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 391/2 | 1.280 | 1.280 | | |
| 86 | द्रोपती पुत्री दयाली, मूलचंद पिता चमरा, लछमनिया बाई बेवा चमरा, सुंगधिया पुत्री दयाली, गोमती पुत्री 86 दयाली, विदयाबाई पुत्री दयाली, तितरीबाई पुत्री दयाली, गणेशसिंह पिता देवीसिंह, गन्दा बाई पुत्री दयाली, जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 392 | 2.280 | 2.218 | | |
| 87 | देवसिंह पिता सम्मा जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 393 | 0.670 | 0.026 | | |
| 88 | बुधियाबाई पुत्री हजारी गनेशियाबाई पुत्री हजारी बुद्धू पिता बिहारी कमलसिंह पिता हजारी, चैनसिंह पिता बिहारी, धुन्नी पिता बिहारी . राजकुमार पिता 88 चरनसिंह झुरकी पुत्री आधारी, हेमन्तीबाई पुत्री आधारी सुकरती बेवा चरनसिंह कुम्हारिनबाई पुत्री चरनसिंह, लक्ष्मीबाई पुत्री चरनसिंह जाति गोंड पा डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश | 394 | 0.550 | 0.550 | | |
| 89 | भागोबाई वा प्रेमसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] नरबद पिता प्रेमसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] नारायण पिता प्रेमसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] करसिंह पिता प्रेमसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश नरबदिया बाई पुत्री प्रेमसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 397 | 1.210 | 1.099 | | |
| 90 | गोविन्द पिता छोटा जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 398 | 2.140 | 0.815 | | छिवला-2,बेर-9 |
| 91 | बिसवरिया पति सम्हर पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 399 | 0.650 | 0.650 | | बेर-12,कंजी-1,तेंदू-1 पड़री-6,बबूल-1,बांस-1,रेला-1 |
| 92 | मदनसिंह पिता लमनासिंह जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 400 | 0.030 | 0.030 | | |
| 93 | मदनसिंह पिता लमनासिंह जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 401 | 0.020 | 0.020 | | |
| 94 | द्रोपती पुत्री दयाली, मूलचंद पिता चमरा, लछमनियो बाई बेवा चमरा, सुंगधिया पुत्री दयाली, गोमती पुत्री दयाली, विदयाबाई पुत्री दयाली, तितरीबाई पुत्री दयाली, 402 गणेशसिंह पिता देवीसिंह, गन्दा बाई पुत्री दयाली, जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 402 | 0.330 | 0.330 | | |
| 95 | पनकिनबाई बेवा माहू जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश] दुकालू पिता पटवारी पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] अमरतिया बेवा नन्दू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश] बैसाखू पिता नन्दूपता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] मेलसिंह पिता नन्दू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] उमेलसिंह पिता नन्दू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] बैसखियाबाई पुत्री नन्दू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] सुखिया पुत्री नन्दू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश रामकली पुत्री नन्दू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश टिफीतन पुत्री नन्दू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 404 | 0.260 | 0.260 | | |
| 96 | रमोताबाई बेवा सहजूसिंह, अनिल पिता रतनसिंह, बसंती बेवा रतन, उमाशंकर पिता रामरतन भागवती बेवा रामरतन बुध्दन बेवा सहवा चन्द्रसिंह पिता सहवा भजनसिंह पिता सहवा भोला पिता रामदीन भारतसिंह पिता सहवा अमरतिया बाई बेवा दददू नरेश पिता सहदर शांती पुत्री सहदर रूकमणी पुत्री सहदर, पप्पीबाई बेवा छुटट् पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] राहुल पिता छुटटू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 405 | 0.470 | 0.470 | | बेर-3 |
| 97 | द्रोपती पुत्री दयाली, मूलचंद पिता चमरा, लछमनिया बाई बेवा चमरा, सुंगधिया पुत्री दयाली, गोमती पुत्री 97 दयाली, विदयाबाई पुत्री दयाली, तितरीबाई पुत्री दयाली, गणेशसिंह पिता देवीसिंह, गन्दा बाई पुत्री दयाली, जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 406 | 4.700 | 1.295 | | छिवला-2 |
| 98 | बिसवरिया पति सम्हर पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 407 | 2.600 | 1.684 | कच्चा घर छत खपरेल | आम-4,उमर-1,कंजी-3 खमेर-7,छिवला-1,तेन्दू 6,बबूल-5,बेर-51,लभेर -4,लिप्टिस-3,सगोन-3 |
| 99 | कुन्ती बाई पुत्री पनकू जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 408 | 0.150 | 0.150 | | कचनार-3,खमेर-1 खसी-1, बेर-5 |
| 100 | पतीराम पिता पनकू, कृष्णकुमार पिता गनपत जाति गोंड, उम्मेद पिता गनपत उर्मिला पुत्री गनपत मंत्री बाई पुत्री पनकू, गनपतिया पुत्री पनकू, बिसमतिया बाई बेवा गनपत कुन्तीबाई पुत्री पनकू , चैतीबाई पुत्री पनकू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 409 | 0.420 | 0.420 | | खसी-1, बेर-10 |
| 101 | दुबरिया पिता फगुवा, सुरेश पिता भँवरसिंह, शिवराज पिता भँवरसिंह, कुम्हार पिता भँवरसिंह, राजकरन पिता भँवरसिंह, मुलिया पुत्री फगुवा, श्रीवती पुत्री फगुवा पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश | 411 | 0.260 | 0.260 | | खमेर-1, बबूल-5 |
| 102 | सुरेंद्र पिता हरीदीन पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 412 | 0.770 | 0.770 | | खमेर-5, बेर-7मुढी-1 |
| 103 | कुंवरिया पुत्री फुन्दीलाल पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश ] धनीराम पिता फुन्दीलाल जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश] लमियाबाई पुत्री फुन्दीलाल पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश | 413 | 0.670 | 0.670 | | खमेर-1, बेर-9 बबूल1 |
| 104 | रामकली पुत्री झगरू जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश] कलाबाई पुत्री झगरू जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] सरवन पिता जेहरसिंह जाति गोड पता 414 डिंडोरी मध्य प्रदेश ] छोटू पिता जेहरसिंह जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 414 | 0.040 | 0.040 | | |
| 105 | बुधियाबाई पुत्री हजारी जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश] गनेशियाबाई पुत्री हजारी जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश ] बुद्धू पिता बिहारी जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश कमलसिंह पिता हजारी जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश] चैनसिंह पिता बिहारी जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश ] धुन्नी पिता बिहारी जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] राजकुमार पिता चरनसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश ] झुरकी पुत्री आधारी जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश ] हेमन्तीबाई पुत्री आधारी जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश ] सुकरती बेवा चरनसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश] कुम्हारिनबाई पुत्री चरनसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश ] लक्ष्मीबाई पुत्री चरनसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश | 415 | 0.460 | 0.460 | | उमर -1 बेर-5 |
| 106 | विलसा पुत्री ननसा जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 416 | 0.150 | 0.150 | | |
| 107 | तीरथ पिता थानसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 417 | 0.270 | 0.270 | | बेर-5 |
| 108 | नारायणसिंह पिता थानसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 418/1 | 0.140 | 0.140 | | |
| 109 | नरसिंह पिता थानसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 418/2 | 0.150 | 0.150 | | |
| 110 | देवसिंह पिता सम्मा जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 419 | 0.480 | 0.449 | | बेर-3 |
| 111 | सन्तोबाई बेवा लम्मासिंह जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] लालसिंह पिता लम्मासिंह जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] चेतसिंह पिता लम्मासिंह जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] पवनसिंह पिता लम्मासिंह जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 420 | 0.500 | 0.039 | | बेर-3 |
| 112 | पारबती पुत्री सुखराम जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 424 | 0.630 | 0.477 | कुंआ -1 | बेर-3,शोबबूल-29 खमेर-5, पीपल-1,साजा -1, सेम्हर-1 |
| 113 | तुलसी पुत्री हरीदीन जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 437 | 0.110 | 0.021 | | बेर-2,खमेर-3 |
| 114 | सोमनाथ पिता प्यारेलाल जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 439/1 | 0.400 | 0.026 | | |
| 115 | उत्तमसिंह पिता प्यारेलाल जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 439/2 | 1.450 | | | |
| 116 | सोमनाथ पिता प्यारेलाल जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 459 | 1.400 | 0.289 | | |
| 117 | बैसखिया बेवा रेवासिंह जाति गोड, बजरिया बेवा सेवासिंह जाति गोंड, रविकुमार पिता सेवासिंह सम्पतिया बाई पुत्री सेवासिंह राजेशसिंह पिता रेवासिंह जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] मिहीलाल पिता गुहरा जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 460/1 | 0.210 | 0.210 | | |
| 118 | रामकली पुत्री झगरू जाति गोड कलाबाई पुत्री झगरु जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] सरवन पिता जेहरसिंह जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ]छोटू पिता जेहरसिंह जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 460/2 | 0.210 | 0.210 | | |
| 119 | झमली पुत्री दान जाति गोड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश | 460/3 | 0.200 | 0.200 | | बेर-8 |
| 120 | राजकुमार पिता नजरसिंह जाति गोड पता फड़की डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश ] इन्द्रवती पुत्री नजरसिंह जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] राधिका पुत्री नजरसिंह जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] रंजीता पुत्री नजरसिंह जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 460/4 | 0.210 | 0.210 | | |
| 121 | नारायणसिंह पिता थानसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 462/1 | 0.280 | 0.280 | | बेर-2 |
| 122 | नरसिंह पिता थानसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 462/2 | 0.28 | 0.280 | | |
| 123 | नरेन्द्र पिता हरीदीन पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 463 | 1.990 | 1.521 | कुआ-1 | बेर-17 |
| 124 | हरीदीन पिता बैसाख जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 470 | 1.590 | 1.067 | | |
| 125 | गिरवरसिंह पिता करमसिंह वीरन सिंह पिता करमसिंह तीरथसिंह पिता करम सिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] धीरजसिंह पिता करमसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] सौनूसिंह पिता करमसिंह पता डिंडोरी` मध्य प्रदेश] विरियाबाई पुत्री करम पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 471 | 0.630 | 0.630 | | खमेर-3,बेर-7, छिवला -1, शोबबूल-14 बांस2 |
| 126 | श्यामसिंह पिता ईन्दलसिंह, कमोद पिता धरमसिंह, लालवती पुत्री धरमसिंह, हेमवती पुत्री धरमसिंह, कुसुमवती पुत्री धरमसिंह, कृष्णकुमार पिता ईन्दलसिंह, पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 480 | 7.560 | 0.202 | | बेर-8, छिवला-1 |
| 127 | तखतसिंह पिता केहरसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] दुवरसिंह पिता केहरसिंह जाति गॉड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 482 | 3.000 | 0.575 | | आम-1, छिवला-1 रोरी-2 |
| 128 | कृपालसिंह पिता कुहकसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] अजयसिंह पिता रणजीतसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 483 | 0.840 | 0.840 | | शोबबूल-2 |
| 129 | गिरवरसिंह पिता करमसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी वीरन सिंह पिता करमसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी तीरथसिंह पिता करम सिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी धीरजसिंह पिता करमसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी सौनूसिंह पिता करमसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी विरियाबाई पुत्री करम पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 484 | 1.350 | 1.350 | | शोबबूल-83, खमेर-2 छिवला -3, दोहन-1 बबूल-2, बेर-8 |
| | वीरन सिंह पिता करम सिंह | | | | कच्चा घर छत टिन शेड | |
| 130 | डोमरा पिता कुन्दरू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] ढल्लपबाई पुत्री कुन्दरू अनिल पिता आशाराम सजन पिता आशाराम पारवती बेवा आशाराम गधा बेवा बुधई सेमवती पुत्री बुधई शिवप्रसाद पिता बुधई, दीपक पिता मायाराम, रविकुमार पिता मायाराम, दयाराम पिता भददू, गयाराम पिता भददू , कोपासिंह पिता भददू तोपसिंह पिता भददू, प्रमोद पिता पुहपसिंह, शान्तीबाई पिता भददू, जमनीबाई पुत्री भददू, राजू पिता डोमरा द्वारका पिता पन्सी गुड्डू पिता कृष्णा पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 485 | 0.080 | 0.080 | | बेर-1 |
| 131 | सोमनाथ पिता प्यारेलाल जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 486/1 | 0.200 | 0.200 | | |
| 132 | उत्तमसिंह पिता प्यारेलाल जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 486/2 | 0.200 | 0.200 | | शोबबूल-1 जामुन-1 |
| 133 | लखनसिंह पिता प्यारेलाल जाति गोठ पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 486/3 | 0.210 | 0210 | | |
| 134 | छोटीबाई पुत्री थानसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 487 | 0.120 | 0.120 | | शोबबूल-1 जामुन-1 |
| 135 | सुकवरिया बेवा रामा, सुन्दर पिता रामा, सुरेन्द्र पिता रामा, नारेन्द्र पिता रामा, बैसखिया पुत्री रामा, सुन्दरी पुत्री रामा पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 488 | 0.120 | 0.120 | | बबूल-3, बेर-5 |
| 136 | तीरथ पिता थानसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 489 | 0.120 | 0.120 | | बेर-1 |
| 137 | नारायणसिंह पिता थानसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 490/1 | 0.360 | 0.360 | | बेर-2,बबूल-1 |
| 138 | नरसिंह पिता थानसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 490/2 | 0.350 | 0.350 | | बेर-7,बबूल-1 |
| 139 | सुवरिया बेवा रामा, सुन्दर पिता रामा, सुरेन्द्र पिता रामा, नरेन्द्र पिता रामा, बैसखिया पुत्री रामा, सुन्दरी पुत्री रामापता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 491 | 0.350 | 0.350 | | बेर-2, खमेर-5 |
| 140 | तीरथ पिता थानसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 492 | 1.150 | 1.150 | | बेर-2, बबूल-6, पीपल-1 |
| 141 | सुमंत्री बाई बेवा बालसाय पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] जगदीश पिता बालसाय जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 493 | 0.470 | 0.470 | | बेर-1, बबूल-2, शोबबूल-1,खमेर-8 लभेर-1 |
| 142 | केहरसिंह पिता जेदू जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 494 | 1.720 | 1.720 | | बेर-6, बबूल-8, छिवला-2, खमेर-1 |
| 143 | जगतसिंह पिता मोतीलाल पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] भगतसिंह पिता मोतीलाल पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] डोमरा पिता मोतीलाल पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] कुंवरसिंह पिता मोतीलाल पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] संन्तवती पुत्री मोतीलाल पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ]` डोमारिन पुत्री मोतीलाल पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] ननकू पिता फूलसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] भागवती बेवा रामलाल पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 495 | 0.910 | 0.910 | | |
| 144 | बुधियाबाई पुत्री हजारी, गनेशियाबाई पुत्री हजारी . बुद्ध पिता बिहारी कमलसिंह पिता हजारी, चैनसिंह पिता बिहारी, धुन्नी पिता बिहारी, राजकुमार पिता चरनसिंह झुरकी पुत्री आधारी, हेमन्तीबाई पुत्री आधारी, सुकरती बेवा चरनसिंह, कुम्हारिनबाई पुत्री चरनसिंह, लक्ष्मीबाई पुत्री चरनसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश | 496 | 0.750 | 0.750 | | |
| 145 | किनबाई बेवा माहू दुकालू पिता पटवारी पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] अमरतिया बेवा नन्दू, बैसाखू पिता नन्दू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] मेलसिंह पिता नन्दूपता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] उमेलसिंह पिता नन्दू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] बैसखियाबाई पुत्री नन्दू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] सुखिया पुत्री नन्दू पा डिंडोरी मध्य प्रदेश ] रामकली पुत्री नन्दू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] टिफीन पुत्री नन्दू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 497 | 0.150 | 0.150 | | |
| 146 | सुवरिया बेवारामा, सुन्दर पिता रामा, सुरेन्द्र पिता रामा, नरेन्द्र पिता रामा, बैसखिया पुत्री रामा सुन्दरी पुत्री रामा पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 498 | 0.170 | 0.170 | | |
| 147 | तीरथ पिता थानसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 499 | 0.170 | 0.170 | | |
| 148 | श्यामवती बेवा मनोहर, पहलसिंह पिता मनोहर जात गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] अनूपसिंह पिता मनोहर जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] जगनी पुत्री मनोहर जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 500 | 0.300 | 0.300 | | |
| 149 | किरन सिंह पिता जेहरसिंह, छोटू पिता जेहरसिंह, कृषनीबाई पुत्री जेहरसिंह, केलाबाई पुत्री जेहरसिंह, | 501 | 0.390 | 0.390 | | |
| 150 | दसरा पिता अच्छेलाल पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] समत बाई पुत्री अच्छेलाल पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ]फूलवती पुत्री मिहीलाल पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ]बाई पुत्री अच्छेलाल पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] दसरू पिता अच्छेलाल पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 502 | 1.010 | 1.010 | | |
| 151 | पनकिनबाई बेवा माहू जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] दुकालू पिता पटवारी पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] अमरतिया बेवा नन्दू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] बैसाखू पिता नन्दू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] मेलसिंह पिता नन्दू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] उमेलसिंह पिता नन्दू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश बैसखियाबाई पुत्री नन्दू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश सुखिया पुत्री नन्दू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] रामकली पुत्री नन्दू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश टिफीतन पुत्री नन्दू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 503 | 0.150 | 0.150 | | |
| 152 | किनबाई बेवा माहू जाति गोंड दुकालू पिता पटवारी, अमरतिया बेवा नन्दू बैसाखू पिता नन्दू मेलसिंह पिता नन्दू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] ठमेलसिंह पिता नन्दू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] बैसखियाबाई पुत्री नन्दू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] सुखिया पुत्री नन्दूपता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] रामकली पुत्री नन्दू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश ] टिफीतन पुत्री नन्दूपता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 504 | 0.330 | 0.330 | | |
| 153 | तिल्लन पुत्री रूपलाल पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 505 | 0.240 | 0.240 | | |
| 154 | सुमंत्री बाई बेवा बालसाय पता डिंडोरी मध्य प्रदेश जगदीश पिता बालसाय जाति गोंड पता डिंडोरी | 506 | 0.900 | 1.646 | | |
| 155 | भागरथी बेवा भारतसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी] चैतसिंह पिता भारतसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी ] प्रतापसिंह पित भारतसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी ] जीवनसिंह पिता भारतसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 506 | 0.630 | 0.401 | | |
| 156 | दुबरिया पिता फगुवा, सुरेश पिता भँवरसिंह, शिवराज पिता भँवरसिंह, मुलिया पुत्री फगुवा, श्रीवती पुत्री फगुवा पिता भँवरसिंह, कुम्हार पिता भँवरसिंह, राजकरन पता डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश | 509 | 0.760 | 0.760 | | |
| 157 | मंगल पिता हीरा पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 510/1 | 0.140 | 0.140 | | |
| 158 | झंगलू पिता हीरा पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 510/3 | 0120 | 0.120 | | |
| 159 | बल्ला उर्फ चमरा पिता हीरा जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 510/3 | 0.130 | 0.130 | | |
| 160 | सोनसिंह पिता दासर, इन्द्रपाल पिता दासर, सुदेशपाल पिता दासर, धमीर्बाई पुत्री दासर, अम्मीबाई पुत्री दासर, पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 511/1 | 0.130 | 0.130 | | बेर-2 |
| | बसंता बाई बेवा बजरू, हृदय सिंह पिता बजरू भगवानिया बाई पुत्री बजरू, सल्लिन बाई पुत्री बजरू एतवारिया बाई पुत्री बजरू, छोटी बाई पुत्री बजरू, पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 511/2 | 0.130 | 0.130 | | |
| | लालसिंह पिता लम्हा, चेतसिंह पिता लम्हा, पवन पिता लम्हा, पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 511/3 | 0.140 | 0.140 | | |
| 161 | कमोद पिता धरमसिंह, लालवती पुत्री धरमसिंह, हेमवती पुत्री धरमसिंह, कुसुमवती पुत्री धरमसिंह, सहबिन बाई बेवा इन्द्रसिंह, ईश्वर पिता इन्द्रसिंह, कमली बाई पुत्री इन्द्रसिंह, फुन्दिया बाई पुत्री इन्द्रसिंह गुलबी बाई पुत्री इन्द्रसिंह श्यामसिंह पिता ईदलसिंह बडडा पिता ईदलसिंह, तुलसीबाई बेवा कोदूलाल कदिया पुत्री गोपाल सूनीबाई पुत्री गोपाल सनरी पुत्री गोपाल मनीष पिता कोदूलाल विनीता पुत्री कोदूलाल पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 512 | 1.450 | 1.450 | | खमेर-1 छिवला-1 सेम्हर-1 |
| 162 | इन्द्रवती बेवा सौनूसिंह, नितेश कुमार मरावी पिता सौनू सिंह, समलिया बाई पुत्री राजासिंह, नवीन कुमार पिता दुलीचंद, नीलमणी पुत्री दुलीचंद पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 513 | 0.800 | 0.800 | | इमली-1 बकाइन-1 |
| 163 | बजरियाबाई बेवा गेन्द सिंह, अंजू धुर्वे बेवा हुकुमतसिंह, जयप्रकाश धुर्वे नाबालिग पिता हुकुमतसिंह संरक्षक माँ अंजूधुर्वे, प्रीतीधुर्वे नाबालिग पुत्री हुकुमतसिंह संरक्षक अंजू धुर्वे, सुनीता पुत्री विश्रामसिंह, सुशीलाबाई बेवा विश्रामसिंह, ममता पुत्री विश्रामसिंह, सरिता पुत्री विश्रामसिंह, गिरीश पिता विश्रामसिंह, कमलसिंह पिता गेन्दसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 514 | 0.600 | 0.600 | | शोबबूल-1 खमेर-3 बबूल-9 रेला-1 |
| | अंजू धुर्वे पति हुकुमत सिंह | | | | कच्चा घर छत सीमेंट शीट | शोबबूल-1 खमेर-3 बबूल-9 रेला-1 |
| 164 | बजरियाबाई बेवा गेन्द सिंह, अंजू धुर्वे बेवा हुकुमतसिंह, जयप्रकाशधुर्वेनाबालिग पिता हुकुमतसिंह संरक्षक माँ अंजूधुर्वे, प्रीतीधुर्वे नाबालिग पुत्री हुकुमतसिंह संरक्षक अंजू धुर्वे, सुनीता पुत्री विश्रामसिंह, सुशीलाबाई बेव विश्रामसिंह, ममता पुत्री विश्रामसिंह, सरिता पुत्री विश्रामसिंह, गिरीश पिता विश्रामसिंह, कमलसिंह पिता गेन्दसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 515 | 1.080 | 1.080 | | शोबबूल-1 खमेर-1 बबूल-1 |
| 165 | सोमनाथ पिता प्यारेलाल, भजन सिंह पिता नन्हेसिंह, धनमतिया पुत्री नन्हेसिंह, जयमती पुत्री नन्हेसिंह, सहमतिया पुत्री नन्हेसिंह, अमलेश्वर पिता जयसिंह, परमेश्वरी पुत्री जयसिंह, प्रियंका पुत्री जयसिंह, बहादूर सिंह पिता रामसिंह, लक्ष्मन सिंह पिता रामसिंह, चन्द्रकली पुत्री रामसिंह, सम्हर सिंह पिता प्यारेलाल, अमरसिंह पिता प्यारेलाल, उत्तमसिंह पिता प्यारेलाल,` लखनसिंह पिता प्यारेलाल, दौलतिया बाई पुत्री प्यारेलाल, लमियाबाई पुत्री प्यारेलाल, ब्रहस्पतिया बाई पुत्री यारेलाल, सम्पतिया बाई पुत्री प्यारेलाल, पता फड़की डिंडोरी डिंडोरी मध्य प्रदेश | 516 | 0.800 | 0.382 | | उमर-1 हडवा-2 |
| 166 | भागरथी बेवा भारतसिंह जाति गोंड, चैतसिंह पिता भारतसिंह प्रतापसिंह पिता भारतसिंह, जीवनसिंह पिता भारतसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 517 | 3.220 | 0.044 | | उमर-1 |
| 167 | शशि मरावी पति इन्द्रपाल | 307/1 | - | - | पक्का कालम नर्सरी सीमेंट कांक्रीट 70 | |
| | योग :- | | 142.960 | 79.350 | | |

(2) उक्त घोषणा भूमि अर्जन, पुर्नवासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकार एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के उपबंधों के अधीन सम्यक जांच करने के पश्चात की गई है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित कुटुम्ब की संख्या 18 है जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के लिए क्षेत्र चिंहित कर लिया गया है जिसका विवरण निम्नलिखित है-

ग्राम - मुढ़िया कला रा.नि.मं. शाहपुर तहसील डिण्डौरी की आराजी नं. 09 रकवा 27.39 है. ।

परियोजना हेतु पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन स्कीम आयुक्त जबलपुर संभाग जबलपुर द्वारा पत्र क्रमांक-69/स.अ. राजस्व/2024 जबलपुर दिनांक 13/05/2024 द्वारा अनुमोदन किया जा चुका है जिसका सार निम्नानुसार है :- 1. प्रभावित कुटुंब को प्रधानमंत्री आवास योजना विनिदेर्शों के अनुसार एक निर्मित मकान उपलब्ध कराया जाएगा। 2. कंडिका-1 में वर्णित फायदों को ऐसे किसी प्रभावित कुटुंबों को, वासक्षेत्र भूमि से रहित है और जो प्रभावित क्षेत्रों की अधिसूचना की तारीख के पूर्ववर्ती क्षेत्रों की अधिसूचना की तारीख के पूर्ववर्ती तीन वर्ष से अन्यून अवधि तक लगातार क्षेत्र में रह रहा है और जिसे ऐसा क्षेत्र से अनिच्छा से विस्थापित किया गया है भी विस्तारित किया जाएगा।

3. यदि कोई प्रभावित कुटुंब जो प्रस्थापित मकान को न लेने का विकल्प करता है, तो निर्मित मकान के बदले मकान के समतुल्य खर्च प्रस्थापित किया जा सकेगा ।
4. अर्जन से प्रभावित किसी कुटुंब को इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन एक से अधिक मकान नहीं दिया जाएगा।
5. ऐसे प्रत्येक प्रभावित कुटुंब, जिसे अर्जित भूमि से विस्थापित किया गया है, को अधिनिर्णय की तारीख से एक वर्ष की अवधि तक प्रतिमाह तीन हजार रुपए के समतुल्य मासवार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।
6. ऐसे प्रत्येक प्रभावित कुटुंब जो विस्थापित हुआ है, को कुटुंब, भवन सामग्री, घरेलू सामग्री पशुओं के स्थानांतरण के लिए परिवहन खर्च के रूप में एक बार पच्चास हजार रुपए की वित्तीय सहायता दी जाएगी ।
7. प्रत्येक प्रभावित कुटुंब को केवल पचास हजार रुपए का एक बार "पुनर्व्यवस्थापन भत्ता" दिया जाएगा।
8. प्रभावित कुटुंबों को आवंटित भूमि या मकान के रजिस्ट्रीकरण के लिए संदेय स्टांप शुल्क और अन्य फीस का वहन अपेक्षक निकाय द्वारा किया जाएगा।
9. प्रभावित कुटुंबों को आवंटित मकान के लिए भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होगी ।
10. आवंटित भूमि या मकान प्रभावित कुटुंब की पत्नि और पति दोनों के संयुक्त नाम में हो सकेगा ।
11. जनसमुदाय के पुनर्व्यवस्थापन के लिए अध्यपेक्षा प्राधिकारी के खर्चे पर निम्नलिखित अवसंरचनात्मक सहूलियतें और मूलभूत न्यूनतम सुविधाएं, यह सुनिश्चित करने के लिए उपलब्ध कराई जाएंगी कि नए गांव या कालोनी में पुनर्व्यवस्थापित जन समुदाय स्वंय में लिए एक युक्तियुक्त सामुदायिक जीवन स्तर प्राप्त कर सके और विस्थापन से हुए अभिघात को कम करने का प्रयास कर सकें ।
11.1. युक्तियुक्त वासयोग्य और नियोजित व्यवस्थापन के लिए न्यूनतम निम्नलिखित सहूलियतें और संसाधन उपलब्धकराई जावेगी ।
11.2. सभी पुनर्व्यस्थापित कुटुंबों के लिए पुनर्व्यवस्थापित ग्रामों के भीतर सड़क और पक्की सड़क, मार्ग से जुड़ी बारहमासी सड़क और सुखाधिकार की पर्याप्त व्यवस्था की जाए ।
11.3 वास्तविक पुनर्व्यवस्थापन के पहले उचित निकासी और स्वच्छता योजनाएं निष्पादित की जाएं ।
11.4 भारत सरकार द्वारा विहित मानकों के अनुसार प्रत्येक कुटुंब के लिए सुरक्षित पेयजल का एक या अधिक सुनिश्चित संसाधन ।
11.5 उचित मूल्य की दुकान की युक्तियुक्त संख्या ।
11.6 यथोचित पंचायत घर ।
11. 7 जाति-समुदायों और उनकी प्रथाओं के आधार पर कब्रिस्तान या शवदाह गृह ।

शेष अगले पृष्ट पर देखें

# कर्ज की सीमा बढ़ी: बैंक अब शेयरों पर एक करोड़ रुपए तक का लोन दे सकेंगे

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को शेयरों के एवज में दिए जाने वाले कर्ज और आईपीओ के वित्तपोषण पर बैंकों की ऋण सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव पेश किया जिससे निवेशकों को कर्ज की उपलब्धता बढ़ेगी।

- आईपीओ के लिए सीमा बढ़ाकर 10 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपए

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि बैंकों द्वारा शेयरों पर दिए जाने वाले ऋण की सीमा 20 लाख रुपये से बढ़ाकर एक करोड़ रुपये और आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए प्रति व्यक्ति वित्तपोषण को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये करने का प्रस्ताव है।

## शेयरों पर ऋण की सीमा 20 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ रुपए की गई

### ऋण सीमा के साथ मार्जिन शर्तों के नियम लागू

आरबीआई ने कहा कि बैंकों और अन्य विनियमित संस्थाओं (एनबीएफसी) के पूंजी बाजार संबंधी जोखिम पर क्षेत्रवार और व्यक्तिगत ऋण सीमा के साथ मार्जिन शर्तों के नियम लागू होते हैं। शेयर बाजार में बढ़ता निवेश और निवेशकों की आवश्यकता को देखते हुआ केंद्रीय बैंक ने यह प्रस्ताव रखा है।




### बैंक अब अधिक मात्रा में कर्ज मुहैया करा पाएंगे

*गवर्नर ने कहा कि इस कदम से बैंक निवेशकों को अब अधिक मात्रा में कर्ज मुहैया करा सकेंगे। उन्होंने बताया कि बैंकों के लिए रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (रीट) और ढांचागत निवेश ट्रस्ट (इनविट) के एवज में दिए जाने वाले कर्ज की सीमा भी बढ़ाई जाएगी। वहीं सूचीबद्ध ऋण प्रतिभूतियों के लिए ऋण पर मौजूदा नियामकीय सीमा पूरी तरह हटा दी जाएगी।*

### बैंकिंग प्रणाली में मजबूती के बाद यह कदम

पिछले वर्षों में पूंजी बाजार और बैंकिंग प्रणाली की मजबूती को देखते हुए अब दिशा-निर्देशों को तर्कसंगत बनाना और बैंकों द्वारा पूंजी बाजार ऋण की संभावनाओं को व्यापक बनाना आवश्यक है। इसके तहत भारतीय कंपनियों द्वारा अधिग्रहण के लिए बैंकों द्वारा वित्तपोषण की सुविधा का भी प्रस्ताव है।

*आमतौर पर बैंकों को शेयर अधिग्रहण की अनुमति नहीं : मौजूदा नियमों के तहत शेयर अधिग्रहण के लिए बैंकों को आमतौर पर अनुमति नहीं है। इसके अलावा, रिजर्व बैंक पूंजी बाजार मध्यस्थों को ऋण देने के लिए सिद्धांत-आधारित एक ढांचा तैयार करने की योजना बना रहा है। मसौदा दिशानिर्देश जल्द ही जारी किए जाएंगे और इस पर सार्वजनिक प्रतिक्रिया मांगी जाएगी।*

## खबर संक्षेप

### मारुति की बिक्री सितंबर में तीन प्रतिशत बढ़ी

MARUTI SUZUKI

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया की सितंबर महीने में कुल बिक्री सालाना आधार पर तीन प्रतिशत बढ़कर 1,89,665 इकाई हो गई। पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने कुल 1,84,727 वाहन बेचे थे। नवरात्रि के पहले आठ दिनों में रिकॉर्ड 1,65,000 इकाई की डिलीवरी के रूप में देखने को मिला।'

### हुंडई की कुल बिक्री में 10 फीसदी का इजाफा




**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी हुंडई मोटर इंडिया (एचएमआईएल) की सितंबर में कुल बिक्री सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर 70,347 इकाई रही। दक्षिण कोरियाई वाहन विनिर्माता कंपनी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि कंपनी ने सितंबर 2024 में कुल 64,201 इकाइयां बेचीं थी।

### रॉयल एनफील्ड की सबसे अधिक मासिक बिक्री दर्ज



**नई दिल्ली।** प्रीमियम मोटर साइकिल बनाने वाली कंपनी रॉयल एनफील्ड ने सितंबर 2025 में 1,24,328 वाहनों की बिक्री की, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 43 प्रतिशत अधिक है। यह बिक्री रॉयल एनफील्ड की अब तक की सबसे अधिक मासिक यात्री वाहन बिक्री है। बयान में कहा कि उसकी पिछले महीने घरेलू बिक्री 1,13,573 इकाई रही।

### महिंद्रा ने सितंबर में बेचे 1 लाख से अधिक वाहन




**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने सितंबर 2025 में 1,00,298 वाहनों की बिक्री की, जो पिछले साल की तुलना में 16 प्रतिशत ज्यादा है। अच्छी वृद्धि देखी गई। सितंबर में घरेलू बाजार में 56,233 उपयोगी वाहन डीलरों को भेजे गए, जो पिछले साल की समान अवधि में भेजे गए 51,062 वाहनों की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक हैं।

## चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति अनुमान घटाकर 2.6 फीसदी किया

# आरबीआई ने जीडीपी वृद्धि अनुमान बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत किया, महंगाई अनुमान घटाया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

*भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपने वृद्धि अनुमान को बुधवार को संशोधित कर 6.8 प्रतिशत कर दिया। साथ ही सामान्य से बेहतर मानसून एवं जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के आधार पर मुद्रास्फीति के अनुमान को घटाकर 2.6 प्रतिशत किया है।*

केंद्रीय बैंक ने अगस्त में 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत और मुद्रास्फीति के 3.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।

द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि तेजी से बदलते वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के बीच घरेलू मोर्चे पर महत्वपूर्ण घटनाक्रमों ने भारत में वृद्धि-मुद्रास्फीति की स्थिति को लेकर विचार को बदल दिया है।

### उपभोग व वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा

गवर्नर ने कहा, " अच्छे मानसून के साथ, भारत की अर्थव्यवस्था आर्थिक वृद्धि दर 2025-26 की पहली तिमाही में बेहतर रही और कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन मजबूत रहा। साथ ही खुदरा मुद्रास्फीति में भी उल्लेखनीय कमी आई है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों को युक्तिसंगत बनाने के बारे में उन्होंने कहा कि इससे मुद्रास्फीति पर नरमी का प्रभाव पड़ने की संभावना है, साथ ही उपभोग और वृद्धि को भी बढ़ावा मिलेगा।

### खाने के दामों में तेज गिरावट आई

मल्होत्रा ने कहा कि 2025-26 के दौरान अब तक मुद्रास्फीति की स्थिति अनुकूल बनी हुई है और वास्तविक परिणाम अनुमान से काफी कम रहे हैं। उन्होंने कहा कि कम मुद्रास्फीति मुख्य रूप से खाने के सामान के दामों में तेज गिरावट के कारण है जिसे आपूर्ति की बेहतर संभावनाओं एवं आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के सरकारी उपायों से मदद मिली है।



- सामान्य से बेहतर मानसून व जीएसटी दर घटने से घटाया अनुमान
- जीडपी की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत और मुद्रास्फीति 3.1 प्रतिशत रहने की उम्मीद
- भारत की अर्थव्यवस्था पहली तिमाही में रही बेहतर

*अमेरिकी शुल्क से निर्यात में नरमी आएगी*
*गवर्नर ने कहा कि हालांकि अमेरिकी शुल्क से निर्यात में नरमी आएगी। इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए 2025-26 में वास्तविक जीडीपी की वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है।*

### भारत में मुद्रास्फीति काफी हद तक नियंत्रित

बहुमूल्य धातुओं पर निरंतर मूल्य दबाव के बावजूद अगस्त में मुख्य (कोर) मुद्रास्फीति 4.2 प्रतिशत पर काफी हद तक नियंत्रित रही। मल्होत्रा ने कहा, " 2025-26 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अब 2.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसके दूसरी तिमाही में 1.8 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 1.8 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.0 प्रतिशत रहने का अनुमान है। 2026-27 की पहली तिमाही में यह 4.5 प्रतिशत अनुमानित है।"

### आरबीआई का कदम संतुलित : विशेषज्ञ

*भारतीय उद्योग जगत और विशेषज्ञों ने ब्याज दर अपरिवर्तित रखने के निर्णय को 'संतुलित' बताया और उम्मीद जताई कि केंद्रीय बैंक दिसंबर की मौद्रिक नीति में नीतिगत दर रेपो में कमी करेगा। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने नीतिगत दर यानी रेपो दर को 5.5 प्रतिशत पर बरकरार रखते हुए 'तटस्थ' रुख बनाए रखा है। साथ ही वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में आर्थिक गतिविधियों में मजबूती को देखते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है।*

# सोना 1.21 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के पार, चांदी स्थिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सोना ने 1,100 रुपए की छलांग लगाई
- वैश्विक बाजार में मजबूती का रुख रहा

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच बुधवार को सोना राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में 1,100 रुपये की छलांग लगाते हुए 1.21 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।

अमेरिका में संसद की वित्तीय मंजूरी न मिलने से सरकारी कामकाज अस्थायी रूप से बंद होने के बीच वैश्विक बाजारों में मजबूती का रुख था।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,100 रुपये बढ़कर 1,21,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए शिखर पर पहुंच गया। मंगलवार को यह 1,20,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सराफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 1,100 रुपये बढ़कर 1,20,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले सत्र में इसका भाव 1,19,400 रुपये प्रति 10 ग्राम था। हालांकि, चांदी की कीमतें 1,50,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं, जो इसका रिकॉर्ड स्तर है।

### कमजोर अमेरिकी श्रम बाजार से सोने को मिला समर्थन

सराफा कारोबारियों ने कहा कि कमजोर श्रम बाजार ने फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को बल दिया है, जिससे सराफा कीमतों को और समर्थन मिला है। विदेशी बाजारों में हाजिर सोना एक प्रतिशत से अधिक बढ़कर 3,895.33 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। वहीं हाजिर चांदी लगभग दो प्रतिशत बढ़कर 47.56 डॉलर प्रति औंस के उच्च स्तर पर पहुंच गई।

# जीएसटी संग्रह सितंबर में 1.89 लाख करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- संग्रह में 9.1 प्रतिशत का उछाल देखने मिला
- बिक्री में वृद्धि के कारण जीएसटी संग्रह में वृद्धि

सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह सितंबर में 9.1 प्रतिशत बढ़कर 1.89 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। दरों को युक्तिसंगत बनाने के कारण बिक्री में वृद्धि से जीएसटी संग्रह बढ़ा है। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।सितंबर 2024 में सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 1.73 लाख करोड़ रुपये और अगस्त 2025 में यह 1.86 लाख करोड़ रुपये था। आंकड़ो के अनुसार, सितंबर 2025 में सकल घरेलू राजस्व 6.8 प्रतिशत बढ़कर 1.36 लाख करोड़ रुपये हो गया जबकि आयात कर 15.6 प्रतिशत बढ़कर 52,492 करोड़ रुपये हो गया।जीएसटी 'रिफंड' भी सालाना आधार पर 40.1 प्रतिशत बढ़कर 28,657 करोड़ रुपये हो गया। सितंबर 2025 में शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.60 लाख करोड़ रुपये रहा जो सालाना आधार पर पांच प्रतिशत अधिक है। जीएसटी दरों में बदलाव 22 सितंबर से लागू हुआ। इसका असर जीएसटी आंकड़ों में दिखा है।

### जीएसटी सुधार का असर आंकड़ों पर दिखा

जीएसटी 2.0 सुधार लागू होने के बाद 22 सितंबर से रसोई के सामान से लेकर इलेक्ट्रॉनिक, दवाओं और उपकरणों से लेकर मोटर वाहन तक 375 चीजों की कीमतें कम हुई हैं।

## टाटा मोटर्स ने सितंबर में 60,907 वाहन बेचे




**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने सितंबर में सालाना आधार पर 47 प्रतिशत अधिक 60,907 वाहनों की बिक्री की। यह कंपनी की अब तक की सर्वाधिक मासिक बिक्री है। कंपनी ने बताया कि यह बढ़ोतरी जीएसटी दरों में कटौती और नवरात्रि के दौरान बढ़ी मांग की वजह से हुई है। सितंबर 2024 में टाटा मोटर्स ने 41,313 वाहनों की बिक्री की थी। टाटा मोटर्स ने बयान में कहा कि घरेलू बाजार में थोक बिक्री 45 प्रतिशत बढ़कर 59,667 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 41,063 इकाई था। टाटा मोटर्स के यात्री वाहन खंड के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने कहा, 'जीएसटी 2.0 के लागू होने के बाद सितंबर 2025 में यात्री वाहन उद्योग की मांग में तेजी आई है। यह आने वाले महीनों में निरंतर वृद्धि के लिए एक आशाजनक संकेत है।'

# विनिर्माण गतिविधियां सितंबर में चार महीने के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नए ऑर्डर, उत्पादन और कच्चे माल की खरीदारी में नरमी के कारण देश में विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां सितंबर में चार महीने के निचले स्तर पर आ गईं। एक मासिक सर्वेक्षण में बुधवार को यह जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि रोजगार सृजन एक साल के निचले स्तर पर आ गया है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी भारत विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक अगस्त के 59.3 से घटकर सितंबर में 57.7 हो गया। इसमें मई के बाद से सबसे कम सुधार हुआ, हालांकि कर राहत ने आने वाले वर्ष के लिए व्यापार को लेकर उम्मीद को बढ़ाया है।

**मध्यप्रदेश राज्य उद्यानिकी मिशन**
**(संचालनालय उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण)**
**छठवीं मंजिल, विन्ध्यांचल भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल**
Email:midhhorti@mp.gov.in
-: विज्ञप्ति प्रारूप:-
भारत सरकार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय एवं राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड (NHB) के समन्वय से उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा "हार्टीकल्चर क्लस्टर विकास कार्यक्रम (Cluster Development Programm CDP)" संचालित किया जा रहा है।
इस कार्यक्रम का उद्देश्य बागवानी फसलों का उत्पादन, गुणवत्ता, मूल्य संवर्धन एवं विपणन को बढ़ावा देकर कृषकों की आय में वृद्धि करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत हाई-वैल्यू मल्टी-कमोडिटी एवं पैरी अर्बन क्लस्टर की पहचान एवं विकास किया जाएगा।
1. प्रत्येक क्लस्टर में एक फोकस बागवानी फसल का चयन अनिवार्य हओगा।
2. जिसका न्यूनतम वार्षिक फार्म गेट मूल्य ₹ 100 करोड़ होना आवश्यक है।
3. वित्तीय सहायता की सीमा चयनित फसल के फार्म गेट मूल्य के 25% तक निर्धारित की गई है।
अतः रुचि रखने वाले हितधारक/उद्यमी अपने प्रस्ताव राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड (NHB) की वेबसाइट http://nhb.gov.in पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार भारत सरकार को प्रस्तुत कर सकते हैं।
सहायक संचालक उद्यान
म.प्र. राज्य उद्यानिकी मिशन
जी - 19470/25 स्वच्छता ही सेवा है।

**कार्यालय अधिष्ठाता**
**छिन्दवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस**
**छिन्दवाड़ा (म.प्र.) 480001**
(An Institute Under Government of Madhya Pradesh)
Email: deanmedicalcollegechhindwara@gmail.com दूरभाष -07162-297009
क्र./निविदा/सिम्स/13/2025/11156 छिन्दवाड़ा दिनांक 26-09-25
ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना
छिन्दवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, छिन्दवाड़ा एवं संबंद्ध जिला चिकित्सालय छिन्दवाड़ा के लिये विभिन्न प्रकार की सफाई सामग्रियों के क्रय हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाना है। निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) एवं समस्त निविदा संबंधी विवरण प्रकाशन दिनांक से राज्य शासन की अधिकृत ई-टेण्डरिंग बेवसाइट https://www.mptenders.gov.in पर डाउनलोड कर देखी जा सकती है एवं ऑनलाईन निविदा के प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित जमाकर क्रय की जा सकेगी। साथ ही प्रोसेसिंग शुल्क भी देय होगा। निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत एवं निरस्त करने का पूर्ण अधिकार संस्था के पास सुरक्षित होगा।
नोट- निविदा में किसी भी प्रकार का आवश्यक संशोधन होने पर केवल https://www.mptenders.gov.in पर अपलोड किया जावेगा, पृथक से कोई भी सूचना नहीं दी जावेगी।
मुख्य कार्यपालन अधिकारी / अधिष्ठाता
छिन्दवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, छिन्दवाड़ा (म.प्र.)
जी -19477/25 स्वच्छता ही सेवा

## आठ दिनों की गिरावट से उबरा शेयर बाजार

मुंबई। रेपो दर को स्थिर रखने और वृद्धि अनुमान बढ़ाने के रिजर्व बैंक के कदम से घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को काफी उत्साह रहा और यह आठ दिनों की लगातार गिरावट से उबरने में सफल रहा। सेंसेक्स 716 अंक उछल गया जबकि निफ्टी में 225 अंकों की तेजी रही। विश्लेषकों ने कहा कि मौद्रिक घोषणा के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के रुझान और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी ने भी स्थानीय निवेशकों की धारणा को मजबूती दी।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**नागपुर मंडल में विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:
1. निविदा क्र.: ई/33/एनजीपी/2025-2026 कार्य का नाम: वरिष्ठ डीईएन/पूर्व/नागपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत टीआरआर (पी) - 25.283 टीकेएम। अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 2,73,23,893/- बयाना राशि: ₹ 2,86,600/-
2. निविदा क्र.: ई/34/एनजीपी/2025-2026 कार्य का नाम: वरिष्ठ डीईएन/पूर्व/नागपुर के सेक्शन में ठंड के मौसम में ट्रैक की सुरक्षा गश्त के लिए पेट्रोलिंग मॅन को सहायक उपलब्ध कराना। अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 2,27,95,949/- बयाना राशि: ₹ 2,64,000/-
3. निविदा क्र.: एस/19/एनजीपी/2025-2026 कार्य का नाम: एडीईएन/नागभीड के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत नागपुर मंडल के केल्ज़र (KEZ) गुड्स शेड उन्नयन /आधुनिकीकरण। अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 1,32,51,952/- बयाना राशि: ₹ 2,16,300/-
उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक 17.10.2025 के 15:00 बजे तक जमा कर सकते है। मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है। अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है ।
वरिष्ठ मंडल अभियंता (पूर्व), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
MS/28-136
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## टोयोटा के वाहनों की बिक्री बढ़कर 31,091 इकाई

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की सितंबर महीने में बिक्री सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 31,091 इकाई हो गई। पिछले महीने घरेलू बाजार में डीलरों को कंपनी की थोक बिक्री 27,089 इकाई रही। निर्यात 4,002 इकाई रहा। इस वाहन विनिर्माता कंपनी ने सितंबर 2024 में कुल 26,847 इकाइयां बेचीं थी। उन्होंने कहा, /"भारत सरकार द्वारा ऐतिहासिक जीएसटी सुधारों और त्योहारी सीजन की शुरुआत के कारण बाजार की धारणाएं उत्साहजनक हैं। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने बुधवार को बताया कि सितंबर में उसकी थोक बिक्री पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 34 प्रतिशत बढ़कर 6,728 इकाई हो गई। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने सितंबर 2024 में 5,021 इकाइयां बेचीं।

# सितंबर में बिजली की खपत 3.2 प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश से तापमान काबू में रहने के बीच सितंबर महीने में बिजली की खपत 3.21 प्रतिशत बढ़कर 145.91 अरब यूनिट (बीयू) हो गई।

इस महीने में बिजली की अधिकतम मांग 229.15 गीगावाट थी, जो सरकारी अनुमानों से काफी कम थी। सितंबर 2024 में बिजली की खपत 141.36 अरब यूनिट दर्ज की गई थी। विशेषज्ञों ने कहा कि बिजली की खपत में मामूली वृद्धि की वजह अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश के कारण तापमान में आई नरमी रही। सरकारी सूत्रों ने पहले कहा था कि देश में सितंबर तक बिजली की अधिकतम मांग 277 गीगावाट के स्तर तक रहेगी। लेकिन सितंबर में एक दिन में बिजली की अधिकतम मांग 229.15 गीगावाट ही रही, जो सितंबर 2024 के 230.60 गीगावाट की तुलना में मामूली रूप से कम है।मई 2024 में बिजली की अधिकतम मांग लगभग 250 गीगावाट के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गई थी। पिछली सर्वकालिक उच्चतम 243.27 गीगावाट बिजली की मांग सितंबर 2023 में दर्ज की गई थी।

**कार्यालय कलेक्टर, (जनजातीय कार्य विभाग) छिंदवाडा**
क्रमांक /4988/स्टोर/ई-निविदा/जजाकावि/2025 छिन्दवाडा दिनांक 29/09/2025
ई-निविदा विज्ञप्ति
ई-निविदा आमंत्रण सूचना (ऑनलाइन प्रथम आमंत्रण)
म.प्र. भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उर्पाजन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के तहत कार्यालय आयुक्त अनुसूचित जाति विकास म.प्र. भोपाल के पत्र क्रमांक / बजट /2025-26/3437/ भोपाल दिनांक 24.07.2025 में प्रदत्त आवंटन एवं दिये गये निदेर्शानुसार विभागीय 34 अनुसूचित जाति छात्रावासों में सामग्री पूर्ति मदांतर्गत पलंग, गद्दे, आलमारी, सीलिंग फेन, आदि सामग्री प्रदाय किये जाने हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन निविदा पत्र क्रय की अंतिम एवं जमा करने तिथि 27.10.2025 तक है। निविदा की विस्तृत शर्ते, निविदा प्रपत्र तथा अन्य जानकारियां www.gem.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | ऑनलाईन टेण्डर अई.डी. | कार्य का नाम | जिला का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अनुमानित राशि (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जेम/2025/बी/6739280 | विभागीय 34 अनुसूचित जाति छात्रावासों में सामग्री पूर्ति मदांतर्गत पलंग, गद्दे, आलमारी, सीलिंग फेन, आदि सामग्री प्रदाय | छिन्दवाड़ा | 50.00 | 150000 |

सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग छिन्दवाड़ा
जी - 19504/25 स्वच्छता ही सेवा

पिछले पृष्ट का शेष
11.8 स्वच्छता के लिए सुविधाएं जिसके अंतर्गत व्यक्तिगत प्रसाधन बिंदु
11.9 प्रत्येक घर और सार्वजनिक प्रकाश के लिए व्यक्तिगत एकल विद्युत कनेक्शन ( या सौर उर्जा जैसे उर्जा के गैर-परंपरागत संसाधनों के माध्यम से कनेक्शन) ।
11.10 शिशु और माता को पूरक पोषणीय सेवाएं उपलब्ध कराने वाली आंगनबाड़ी ।
11.11 नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 ( 2009 का 35 ) के उपबंधों के अनुसार विद्यालय ।11.12 बच्चों के लिए कीड़ा क्षेत्र ।
11.13 प्रत्येक सौ कुटुंबों के लिए एक सामुदायिक केन्द्र ।
11.14 प्रभावित क्षेत्र की संख्या और उनके आयाम से संगत प्रत्ये पचास कुटुंबों के लिए पूजा स्थल और सामुदायिक सभा के लिए चौपाल / वृक्ष चौतरा ।
11.15 प्रभावित परिवारों को जल भराव क्षेत्र में मत्स्य पालन एवं मत्स्य आखेट का अधिकार रहेगा ।परन्तु इस हेतु समुचित सरकार से निहित रीति द्वारा अनुमति प्राप्त की जावेगी ।
12. विस्थापित कुटुंबों को 50 वर्ग मीटर से कम नहीं का आवासीय पट्टा दिया जावेगा ।
(3) अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के बारे में हितबद्ध किसी व्यक्ति द्वारा अधिसूचना प्रकाशन की जानकारी वेबसाईट www.mamdla.nic.in www.dindori.nic.in व मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग भोपाल की वेबसाईट www.mprevenue.nic.in पर भी देखी जा सकती है।
(4) भूमि के नक्शे ( प्लान) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा० ) डिण्डौरी या कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास, संभाग क्र. 2, मण्डला के कार्यालय में किया जा सकता है।
मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(नेहा मारव्या)
कलेक्टर डिण्डौरी एवं पदेन अपर सचिव म.प्र. शासन राजस्व विभाग
G-19462/25 "स्वच्छता ही सेवा"

# पहले शहबाज-मुनीर को अमेरिका में बुलाकर खिलाया-पिलाया फिर ट्रंप ने बना दिया उल्लू!

## मुस्लिम दुनिया ने पूरी तरह आत्मसमर्पण कर दिया, पाक ने कहा यह हमारा प्लान नहीं?

एजेंसी:वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जो गाजा में शांति स्थापित करने के लिए 20 सूत्रीय प्लान पेश किया है। पाकिस्तानी सरकार बहुत खुशी से अमेरिका के हां में हां मिलाते हुए ट्रंप के प्लान को 100 प्रतिशत समर्थन दे दिया। जिसके बाद अब पाकिस्तानी जनता और सरकार दोनों खुद को ठगा महसूस कर रही है। ट्रंप के गाजा शांति प्लान का समर्थन करके पाकिस्तान ने खुद को मुश्किल में डाल लिया है। पीएम शहबाज शरीफ ने ट्रंप प्लान की तारीफ तो कर दी है, लेकिन घर में ही भारी विरोध झेलना पड़ रहा है।

सोशल मीडिया पर लोग इसे फिलिस्तीन के साथ बेवफाई बता रहे हैं, जबकि विपक्षी नेता इसे पाक नीति का उलटफेर कह रहे हैं। जिसके बाद पाकिस्तानी सरकार अब सफाई दे रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, विदेश मंत्री इशाक डार ने मंगलवार को जोर देकर कहा कि गाजा पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड योजना हमारा दस्तावेज नहीं है। डार ने कहा कि हमने एक मुस्लिम देश होने के नाते और गाजा के लोगों के प्रति प्रेम होने के नाते हमने ट्रंप के प्लान के लिए कुछ सुझाव भेजे थे, जिसमें तात्कालिक उद्देश्य युद्धविराम सुनिश्चित करना, रक्तपात रोकना, मानवीय सहायता का प्रवाह जारी रखना और जबरन विस्थापन को समाप्त करना था। यानी यह प्लान पाकिस्तान का नहीं, पूरी तरह से ट्रंप का है। सबसे बड़ी बात डार ने यह बताई कि इस प्लान में पाकिस्तान की तरफ से भेजे गए सभी सुझाव अमेरिका ने माने भी नहीं हैं। डार ने आगे बताया कि हमारे साथ अन्य आठ देशों ने पिछले हफ्ते न्यूयॉर्क में ट्रंप के साथ बैठक की थी। उन सभी का मकसद एक था कि कैसे गाजा में शांति आए। तभी तो मुस्लिम नेताओं की ट्रंप के साथ बैठक संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र के इतर हुई थी। जहां अमेरिकी राष्ट्रपति ने गाजा में इजराइली हमले को समाप्त करने की अपनी योजना पर चर्चा की थी। इस बैठक में पाकिस्तान, सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्र, जॉर्डन, तुर्की और इंडोनेशिया के नेता शामिल थे। पूर्व राजनयिक अब्दुल बासित ने कहा कि मुस्लिम दुनिया ने पूरी तरह आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि फिलिस्तीन राष्ट्र की स्थापना से पहले अब्राहम समझौते में शामिल होना पाकिस्तान के लिए भारी भूल होगी। मजलिस वहदत-ए-मुस्लिमीन के नेता अल्लामा राजा नासिर ने योजना को त्रुटिपूर्ण और अन्यायी बताया। उन्होंने कहा कि यह योजना फिलिस्तीनियों की राय को दरकिनार कर अमेरिकी और इजरायली हितों को आगे बढ़ाती है। मानवाधिकार कार्यकर्ता इमान जैनब मजारी ने कहा, फिलिस्तीन मुद्दे पर पाकिस्तान की जनता एकमत है। प्रधानमंत्री का यह कदम देश की ऐतिहासिक स्थिति से विश्वासघात है।

# कार्यालय कलेक्टर डिण्डौरी एवं पदेन अपर सचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

क्रमांक/भू-अर्जन /2023-24/40(अ 82) 2023-24/849 **अधिसूचना** डिण्डौरी, दिनांक - 26/09/2025
धारा-19

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची (1) में वर्णित भूमि की कालम नम्बर (6) में वर्णित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है, इस हेतु अनुसूची (1) के कॉलम नम्बर (4) में वर्णित प्रभावित कृषको की भूमि, भू-अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (क्रमांक 30 सन 2013 ) की धारा-19 के अन्तर्गत यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है।

### अनुसूची-1

| जिला | तहसील | ग्राम एवं प.ह.नं. | भूमि का क्षेत्रफल (हेक्ट. में) | प्रभावित परिवारों की सख्यां | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| डिण्डौरी | डिण्डौरी | धौरई रैयत प.ह.नं. 69 | 13.246 हेक्ट. | 32 | राघवपुर बहुउद्देशीय परियोजना हेतु |
| | | कुल | 13.246 हेक्ट. | | |

### अनुसूची-2 (प्रभावित धारको की सूची)

| क्र. | भूमिस्वामी/ शास. पट्टेदार का नाम मय पता सहित | खसरा नं. | कुल रकबा (हेक्ट.) | अर्जित रकवा (हेक्ट.) | परिसंपत्तियों का विवरण | वृक्षों का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | `काशीराम पिता बुद्धसेन जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 1 | 3.81 | 3.81 | - | उमर 1 कंजी 4 खमेर 13 जामुन 1 नीम 1 बबूल 33 बांस 1 बेर 103 लिप्सिस 8 शोबाबुल 5 साजा 1 हड्वा 3 अमटी 1 |
| 2 | हीरोबाईपत्नी बुधसेन, क्रांतिबाई पुत्री काशीराम जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 3 | 1.80 | 1.80 | - | उमर 1 किर्गी 1 केवलार 2 खमेर 2 तिनसा 1 नीम 2 बबूल 3 बांस 1 बेर 16 लिप्सिस 5 शोबबूल 1 हड्वा 1 |
| 3 | बत्ती पति सुंदरसिंह जाति गोंडा डिंडोरी मध्य प्रदेश, भगवानसिंह पिता सुंदरसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, | 6 | 1.12 | 0.886 | - | बेर 1 |
| 4 | नारायणसिंह पित अमरसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, | 9 | 0.91 | 0.69 | - | - |
| 5 | सीताबाई पिता सम्पतसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, शिवकुमार पिता जगदीश जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश संदीप पिता जगदीश पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, सतीष पिता जगदीश जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 10 | 0.900 | 0.065 | - | बबूल 2 बेर 3 |
| 6 | गोविन्दसिंह पिता देवसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 12/1/1 | 0.47 | 2.54 | - | खमेर 6 बेर 3 लिप्सिस 18 |
| 7 | ओमप्रकाश पिता देवसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 12/1/1 | 0.48 | | - | खमेर 5 चार 1 बबूल 1 बेर 16 लिप्सिस 15 शीशम 1 हड्वा 4 |
| 8 | रामेश्वर पिता महा सिंह जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 12/1/1 | 0.32 | | - | कंजी 3 खमेर 3 बेर 8 लिप्सिस 10 |
| 9 | शारदा पिता महा सिंह जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 12/1/1 | 0.33 | | - | कंजी 6 खमेर 2 बेर 5 लिप्सिस 7 |
| 10 | `हिरोबाई पिता बुद्धसेन जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 12/3 | 0.323 | | - | कंजी 1 खमेर 2 बबूल 4 बांस 3 बेर 8 लिप्सिस 9 |
| 11 | लालवती पति मंगल जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 12/4 | 0.62 | | - | कंजी 1 खमेर 1 खासी 1 छिवला 1 बबूल 2 बेर 33 हड़वा 1 |
| 12 | फुलमोतिन स्व. धर्म प. विश्राम, मदन, गोपाल पिता विश्राम जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 13 | 0.25 | 0.25 | - | अमरुद 1 छिवला 1 तिन्सा 1 बेर 1 |
| 13 | तीरथ पिता चन्द्रसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, सुमनबाई पिता चंन्द्रसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, चन्द्रसिंह पिता बजरु जाति गोंड पंता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 14 | 0.65 | 0.65 | - | अमरुद 1 आम 1 कनेर 1 केवलार 1 खमेर 10 तिन्सा 1 बबूल 4 बांस 3 बेर 14 बेल 1 महुआ 1 लिप्सिस 44 शोबबूल 14 सीताफल 2 |
| | चन्द्र सिंह पिता बजरू | 14 | - | - | पक्का मकान - 1 | - |
| | तीरथ पिता चन्द्र सिंह | | - | - | कच्चा घर - 2 पक्का शौचालय - 1 | - |
| | मिही लाल पिता फगुआ | | - | - | पक्का मकान छत खपरेल- 1 कच्चा घर - 1 पक्का शोचालय - 1 | - |
| 14 | वोधन पिता गनेशा जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 15 | 0.25 | 0.254 | पक्का मकान छत सीमेंट शीट - 1 पक्का मकान छत खपरेल- 1 शौचालय पक्का - 1 बोन्ड्री बाल कच्चा कच्चा घर - 1 | कटहल 2 खमेर 2 बांस 2 लिप्सिस 10 |
| | छुन्नू पिता नरबद (कब्जाधारी) | | - | - | पक्का घर ईट खपरेल-1 शौचालय पक्का - 1 | - |
| | संतोष पिता गया सिंह ( कब्जाधारी ) | | - | - | कच्चा घर - 1 गौशाला कच्चा - 1 शौचालय पक्का - 1 | - |
| 15 | रामसिंह पिता बज्जा जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, कोमलसिंह पिता बज्जा जाति गोंड, जयसिंह पिता देवलाल जाति गोंड, जयसिंह पिता देवलाल जाति गोंड, मंगलसिंह पिता देवलाल जयसिंह पिता देवलाल तेजसिंह पिता सज्जी जयसिंह पिता देवलाल जाति गोंड, हेमसिंह पिता सज्जी सिंह जाति गोंड, पुनावाई पिता सज्जी सिंह जाति गोंड, हेमवती पिता पिता सज्जी जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, | 16 | 0.34 | 0.265 | - | अमरी 2 उमर 1 खमेर 7 बांस 1 लिप्सिस 3 शोबबूल 1 |
| | रामसिंह पिता बज्जा | 16 | - | - | पक्का मकान छत खपरेल - 1, कच्चा घर. - 1, पक्का मकान अधुरा - 1 पक्का शौचालय - 1 | - |
| 16 | तेजसिंह पिता सज्जी सिंह जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश हेमसिंह पिता सज्जी सिंह जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, पूनाबाई पुत्री सज्जीसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, हेमवती पिता सज्जी सिंह जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 17 | 0.33 | 0.116 | कच्चा घर छत खरेल, कच्चा गौशाला छत खपरेल पक्का घर लेंटर बाकी, कच्चा वोन्ड्री बाल | बांस 1 |
| 17 | लच्छू पत्रु अकलू जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, रामू पुत्र अकलू जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, सुकरती पत्नी रामफल जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, बबलू पुत्र रामफल जाति गोंड जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 21 | 0.21 | 0.999 | - | बेर 1 लिप्सिस 7 |
| | सुकरती बाई पती रामफल (मकान (मालिक) | 21 | - | - | पक्का मकान छत खपरेल- 1 गौशाला कच्चा - 1 बाउण्ड्री बाल पक्का मंदिर - 1 | - |
| | सुमरन पिता रामफल ( मकान मालिक ) | 21 | - | - | पक्का मकान छत खपरेल- 1 गौशाला कच्चा - 1 | - |
| 18 | बजारीलाल पुत्र दर्शनलाल जाति लुहार पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, धन्नूलाल पुत्र दर्शनलाल जाति लुहार पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, कुँदियाबाई पुत्री दर्शनलाल जाति लुहार पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, मीराबाई पुत्री दर्शनलाल जाति लुहार पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 22 | 0.93 | 0.614 | - | बांस 1 बेर 2 लिप्सिस 6 शोबबूल 1 साजा 2 |
| 19 | राधाबाई पत्नी देवसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 23/2/1 | 0.08 | 0.048 | - | शोबबूल 1 |
| 20 | शारदा पिता महा सिंह जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 23/2/1 | 0.08 | 0.048 | - | - |
| 21 | रामेश्वर पिता महा सिंह जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 23/2/2 | 0.09 | 0.048 | - | - |
| 22 | सुमंत्रा धूमकेति पति सुदामा सिंह जाति गौंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 23/2 | 0.17 | 0.048 | - | - |
| 23 | लालवती पति मंगल जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 23/4 | 0.17 | 0.048 | - | - |
| 24 | वत्तीबाई पत्नी लहरु जाति अहीर पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, लालन पुत्र लहरु जाति अहीर पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, प्रेमवती पत्नी लालजी जाति अहीर पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, बलीराम पिता कोपा, थानेश्वर पुत्र लालजी जाति अहीर पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, सुशीला पुत्री लालजी जाति अहीर पता डिंडोरी | 25 | 0.59 | 0.063 | - | - |
| | थानेश्वर पिता लालजी | | | | कच्चा घर छत सीमेंट शीट - 1, कच्चा घर छत खपरेल- 1, कच्चा गौशाला छत खपरेल- 1 | - |
| 25 | अनीता धूमकेति पत्नी महेश सिंह धूमकेत जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 27 | 0.200 | 0.030 | - | - |
| 26 | मतियाबाई पत्नी भगत, शेर सिंह पुत्र भगत, रामसिह पुत्र सम्हर, बेजन्ती पुत्री लालसिह, सुदामा पुत्र लालसिह, गोतम पुत्र लालसिह, कविता पुत्री लालसिह जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी, | 33 | 0.500 | 0.247 | - | - |
| | सुदामा पिता लालसिंह | 33 | - | - | कच्चा घर छत सीमेंट शीट - 1, कच्चा घर छत खपरेल- 1, कच्चा गौशाला छत खपरेल- 1 | - |
| | गौतम पिता लाल सिंह | 33 | - | - | पक्का घर ईट खपरेल - 1, गौशाला कच्चा - 1 | - |
| 27 | फूलमत पति टीकाराम पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, ध्यानी पिता टीकाराम पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, मूला पिता टीकाराम पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, भवर पिता टीकाराम पता डिंडोरी मध्य प्रदेश पतिबाई पिता टीकाराम पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, मूलवती पिता टीकाराम पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 34 | 0.280 | 0.042 | - | आम 1 जामुन 1 |
| | भवर सिंह टिकाराम घूमकेतु | - | - | - | पक्का मकान ईट खपरेल-1 गौशाला कच्चा ईट खपरेल- 2 शौचालय पक्का - 1 वॉउन्ड्री बाल कच्चा | - |
| | मूला सिंह पिता टिकाराम | 34 | - | - | कच्चा घर - 1 पक्का घर सीमेंट शिट-1 कच्चा गौशाला- 1 पक्का शौचालय - 1 कच्चा घर - 1 | - |
| | ध्यानी सिंह पिता टीकाराम | | | | पक्का मकान -1 कच्चा घर - 1 गौशाला कच्चा -1 शोचालय पक्का - 1 | - |
| 28 | मरकन्द पिता अगंदप्रसाद जाति ब्राम्हण पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, गीतादेवी पिता अगंदप्रसाद जाति ब्राम्हण पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, सुरेश कुमार पिता अगंदप्रसाद जाति ब्राम्हण पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 43 | 0.900 | 0.041 | - | बेर 10 लिप्सिस 1 |
| 29 | मतियाबाई पत्नी भगतसिंह जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, शेरसिंह पिता भगतसिंह जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, | 50 | 0.96 | 0.419 | - | - |
| 30 | सीताबाई पिता सम्पतसिंह, शिवकुमार पिता जगदीश संदीप पिता जगदीश मध्य प्रदेश, सतीष पिता जगदीश जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, | 52 | 1.35 | 0.367 | - | छिवला 3 बेर 3 |
| 31 | आशीष कुमार पिता मकरंद | 75/2 | 0.46 | 0.369 | पक्का मकान-1, शोचालय पक्का - 1 | बबूल 5 बेर 3 |
| | मरकन्द, शुशील पिता हरभजन | | | | कच्चा घर - 2 | |
| | ारकन्द पिता अगंदप्रसाद जाति ब्राम्हण पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, गीतादेवी पिता अगंदप्रसाद जाति ब्राम्हण पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, सुरेश कुमार पिता अगंदप्रसाद | | | | | |
| 32 | सुनारिन पिता मेरसिंह जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 82 | 0.84 | 0.010 | - | खमेर 1 नीम 1 बबूल 1 बेर 11 शोबबूल 1 |
| 33 | महेश पिता अमर | 75/1 | - | - | पक्का घर ईट खपरेल | - |
| 34 | उदय पिता धन सिंह (कब्जेदार ) | | | | पक्का घर ईट खपरेल - 1, कच्चा घर टीनशेड - 1, शोचालय पक्का - 1 | - |
| 35 | हज्जू पिता नवलू | | | | पक्का मकान - 1, पक्का घर छत टीनशेड - 1 | - |
| 36 | बैसखिया पति समारू | | | | कच्चा घर छत टीनशेड - 1, पक्का मकान - 1 | - |
| 37 | प्रह्लाद पिता पंचम ( कब्जेदार ) | | | | कच्चा घर ईट खपरेल- 1 | - |
| 38 | अजय पिता प्रह्लाद | | | | कच्चा घर ईट खपरेल- 1 | - |
| 39 | गोपाल पिता विश्राम ( कब्जेदार ) | | | | पक्का मकान - 1, | - |
| 40 | रनमत पिता मदन सिंह ( कब्जेदार ) | | | | कच्चा घर 1, गौशाला कच्चा टीनशेड - 1, शोचालय पक्का - 1 | - |
| 41 | सोनाबाई पति बिरसाय धुर्वे (कब्जेदार) | 40/1 | - | - | कच्चा गौशाला टीनशेड - 1, शोचालय पक्का 1, पक्का प्लंथ - 1 | - |
| 42 | अंजोर कुमार पिता बिरसा ( कब्जेदार ) | 40/1 | - | - | कच्चा गौशाला टीनशेड - 1, शोचालय पक्का 1 | - |
| 43 | नरेश पिता होसला प्रसाद (कब्जेदार ) | 40/1 | - | - | कच्चा घर-1, बोंड्री बाल कच्ची शोचालय पक्का -1 | - |
| 44 | हरी पिता लाभू (कब्जेदार ) | | - | - | कच्चा घर -1, पक्का शोचालय - 1 | - |
| 45 | बुधिया बाई पति कार्तिक राम (कब्जेदार ) | 35 | - | - | कच्चा घर -2, पक्का मकान - 1, पक्का मकान अधुरा | - |
| | महापति बाई पति गुल्लू सिंह | | | | कच्चा घर - 1, गोशाला कच्चा - 1 | - |
| | अरविन्द कुमार गुल्लू सिंह धुर्वे | | | | कच्चा घर -1, पक्का मकान छत सीमेंट शिट -1, पक्का शोचालय - 1 | - |
| | मंगली बाई पति मंगलसिंह (कब्जेदार ) | | | | कच्चा घर छत टीनशेड - 1 शौचालय कच्चा सिमेंट शीट- 1 शौचालय पक्का - 1 | - |
| | कमलसिंह पिता लखन ( कब्जेदार ) | | | | कच्चा घर - 1 | - |
| | बैजंती बाई पती लालसिंह (कब्जेदार ) | | | | कच्चा घर - 1 शौचालय पक्का - 1 | - |
| | ईश्वर प्रसाद पिता बजारी लाल विश्वकर्मा | | | | पक्का मकान - 1बोन्ड्री बाल पक्का, ए पक्का मकान छत खपरेल पक्का फर्श, बोंड्रीबाल पक्का, पक्की पट्टी | - |
| | धनसिंह पिता भद्दे सिंह | | | | पक्का मकान छत खपरेल पक्का पट्टी-2, पक्का मंदिर, मंदिर गुम्बज, पक्का शौचालय कच्चा वन्ड्री बाल, पक्का फर्श | - |
| | उदयचंद पिता बजारी लाल | | | | पक्का घर, पक्का छज्जा - 3, पक्का पट्टी-2, पक्का फर्श, पक्की सीढ़ी | - |
| 47 | लालन पिता लहरू (कब्जेदार ) | 18 | - | - | पक्का मकान-2 पक्का घर छत सिमेंट शीट - 1 गौशाला कच्चा - 1 | - |
| | छुन्नु पिता नरबद ( कब्जेदार) | | | | पक्का मकान - 1 कच्चा घर - 1 | - |
| | हेमसिंह पिता सज्जीसिंह | | | | पक्का मकान छत सीमेंट शीट, कच्चा गौशाला छत खपरेल, कच्चा वन्ड्री बाल | - |
| | रमेश पिता रेवा (कब्जेदार) | | | | कच्चा घर - 1 | - |
| | बिसमतिया पति रेवा | | | | कच्चा घर - 1 | - |
| 48 | देवी सिंह पिता सुखदयाल | 19 | - | - | पक्का घर छत सिमेंट शीट - 1 कच्चा गौशाला- 1 पक्का शौचालय - 1 | - |
| | झरियारो बाई पति सुखदयाल | | - | - | पक्का घर छत सिमेंट शीट-1 कच्चा घर - 1 कच्चा शौचालय - 1 | - |
| 49 | शारदा प्रसाद पिता दर्शन प्रसाद | 44 | - | - | पक्का घर गौशाल. पक्का छज्जा -3 | - |
| | योग | | 20.830 | 13.246 | | |

(2) उपरोक्त घोषणा भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के उपबंधों के अधीन सम्यक जांच करने के पश्चात की गई है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित कुटुम्ब की संख्या 36 है जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के लिए क्षेत्र चिंहित कर लिया गया है जिसका विवरण निम्नलिखित है-
ग्राम - मुढ़िया कला रा.नि.मं. शाहपुर तहसील डिण्डौरी की आराजी नं. 09 रकवा 27.39 हे.।
परियोजना हेतु पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन स्कीम आयुक्त जबलपुर संभाग जबलपुर द्वारा पत्र क्रमांक-69/स.अ. राजस्व/2024 जबलपुर दिनांक 13/05/2024 द्वारा अनुमोदन किया जा चुका है जिसका सार निम्नानुसार है :-
1. प्रभावित कुटुंब को प्रधानमंत्री आवास योजना विनिदेर्शों के अनुसार एक निर्मित मकान उपलब्ध कराया जाएगा। 2. कंडिका-1 में वर्णित फायदों को ऐसे किसी प्रभावित कुटुंबों को, वासक्षेत्र भूमि से रहित है और जो प्रभावित क्षेत्रों की अधिसूचना की तारीख के पूर्ववर्ती क्षेत्रों की अधिसूचना की तारीख के पूर्ववर्ती तीन वर्ष से अन्यून अवधि तक लगातार क्षेत्र में रह रहा है और जिसे ऐसा क्षेत्र से अनिच्छा से विस्थापित किया गया है भी विस्तारित किया जाएगा । 3. यदि कोई प्रभावित कुटुंब जो प्रस्थापित मकान को न लेने का विकल्प करता है, तो निर्मित मकान के बदले मकान के समतुल्य खर्च प्रस्थापित किया जा सकेगा । 4. अर्जन से प्रभावित किसी कुटुंब को इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन एक से अधिक मकान नहीं दिया जाएगा। 5. ऐसे प्रत्येक प्रभावित कुटुंब, जिसे अर्जित भूमि से विस्थापित किया गया है, को अधिनिर्णय की तारीख से एक वर्ष की अवधि तक प्रतिमाह तीन हजार रुपए के समतुल्य मासवार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा । 6. ऐसे प्रत्येक प्रभावित कुटुंब जो विस्थापित हुआ है, को कुटुंब, भवन सामग्री, घरेलू सामग्री पशुओं के स्थानांतरण के लिए परिवहन खर्च के रूप में एक बार पच्चास हजार रुपए की वित्तीय सहायता दी जाएगी । 7. प्रत्येक प्रभावित कुटुंब को केवल पचास हजार रुपए का एक बार "पुनर्व्यवस्थापन भत्ता दिया जाएगा । 8. प्रभावित कुटुंबों को आवंटित भूमि या मकान के रजिस्ट्रीकरण के लिए संदेय स्टांप शुल्क और अन्य फीस का वहन अपेक्षक निकाय द्वारा किया जाएगा। 9. प्रभावित कुटुंबों को आवंटित मकान के लिए भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होगी । 10. आवंटित भूमि या मकान मकान प्रभावित कुटुंब की पत्नि और पति दोनों के संयुक्त नाम में हो सकेगा। 11. जनसमुदाय के पुनर्व्यवस्थापन के लिए अध्यपेक्षा प्राधिकारी के खर्चे पर निम्नलिखित अवसंरचनात्मक सहूलियतें और मूलभूत न्यूनतम सुविधाएं, यह सुनिश्चित करने के लिए उपलब्ध कराई जाएंगी कि नए गांव या कालोनी में पुनर्व्यवस्थापित जन समुदाय स्वंय में लिए एक युक्तियुक्त सामुदायिक जीवन स्तर प्राप्त कर सके और विस्थापन से हुए अभिघात को कम करने का प्रयास कर सकें ।
11.1. युक्तियुक्त वासयोग्य और नियोजित व्यवस्थापन के लिए न्यूनतम निम्नलिखित सहूलियतें और संसाधन उपलब्ध कराई जावेगी । 11.2. सभी पुनर्व्यस्थापित कुटुंबों के लिए पुनर्व्यवस्थापित ग्रामों के भीतर सड़क और पक्की सड़क, मार्ग से जुड़ी बारहमासी सड़क और सुखाधिकार की पर्याप्त व्यवस्था की जाए । 11.3 वास्तविक पुनर्व्यवस्थापन के पहले उचित निकासी और स्वच्छता योजनाएं निष्पादित की जाएं। 11.4 भारत सरकार द्वारा विहित मानकों के अनुसार प्रत्येक कुटुंब के लिए सुरक्षित पेयजल का एक या अधिक सुनिश्चित संसाधन।
11.5 उचित मूल्य की दुकान की युक्तियुक्त संख्या । 11.6 यथेचित पंचायत घर । 11.7 जाति-समुदायों और उनकी प्रथाओं के आधार पर कब्रिस्तान या शवदाह गृह । 11.8 स्वच्छता के लिए सुविधाएं जिसके अंतर्गत व्यक्तिगत प्रसाधन बिंदु । 11.9 प्रत्येक घर और सार्वजनिक प्रकाश के लिए व्यक्तिगत एकल विद्युत कनेक्शन ( या सौर उर्जा जैसे उर्जा के गैर-परंपरागत संसाधनों के माध्यम से कनेक्शन) । 11.10 शिशु और माता को पूरक पोषणीय सेवाएं उपलब्ध कराने वाली आंगनबाड़ी । 11.11 निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 ( 2009 का 35 ) के उपबंधों के अनुसार विद्यालय । 11.12 बच्चों के लिए कीड़ा क्षेत्र । 11.13 प्रत्येक सौ कुटुंबों के लिए एक सामुदायिक केन्द्र । 11.14 प्रभावित क्षेत्र की संख्या और उनके आयाम से संगत प्रत्ये पचास कुटुंबों के लिए पूजा स्थल और सामुदायिक सभा के लिए चौपाल / वृक्ष चौतरा । 11.15 प्रभावित परिवारों को जल भराव क्षेत्र में मत्स्य पालन एवं मत्स्य आखेट का अधिकार रहेगा। परन्तु इस हेतु समुचित सरकार से निहित रीति द्वारा अनुमति प्राप्त की जावेगी । 12. विस्थापित कुटुंबों को 50 वर्ग मीटर से कम नहीं का आवासीय पट्टा दिया जावेगा ।
(3) अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के बारे में हितबद्ध किसी व्यक्ति द्वारा अधिसूचना प्रकाशन की जानकारी वेबसाईट www.mandla.nic.in www.dindori.nic.in व मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग भोपाल की वेबसाईट www.mprevenue.nic.in पर भी देखी जा सकती है ।
(4) भूमि के नक्शे ( प्लान) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा० ) डिण्डौरी या कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास, संभाग क्र. 2, मण्डला के कार्यालय में किया जा सकता है ।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

**नेहा मारव्या**
**कलेक्टर डिण्डौरी एवं पदेन अपर सचिव**
**म.प्र. शासन राजस्व विभाग**

G-19501/25

"पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

# नवरात्र पर नगर में विराजीं मातारानी की मनमोहक प्रतिमाएं





माता रानी नौ देवियों के साथ विराजमान हैं साउथ एवेन्यू मॉल पोली पाथर।



श्री शारदा नवयुवक मंडल शारदा टॉकीज के सामने गोरखपुर।



मां शारदा माता दुर्गा उत्सव समिति बादशाह हलवाई मंदिर के पास।



मां अंबे रानी दुर्गा उत्सव समिति माता रानी की आकर्षक झांकी लोगों के उत्साह का केंद्र बनी हुई




मां दुर्गा उत्सव समिति महानद्दा तालाब के पास



गढ़ा फाटक में विराजी वृहद माता महाकाली मईया सुबह से शाम तक हजारों की संख्या में श्रद्धालुजन दर्शन के लिए आते हैं।



सिविक सेंटर मठ में विराजी जगत जननी पीतांबरा



गोल बाजार एम.एच. हाउस में माता रानी की



जय मां महाकाली दादा दरबार स्याही नाका।



वंदे मातरम दुर्गा उत्सव समिति, फूल सागर स्याही नाका।



श्री ओम दुर्गा उत्सव समिति थाना गोहलपुर



अरवाड़ा दुर्गोत्सव समिति कांच घर स्टेशन रोड



मां जगत जननी दुर्गा उत्सव समिति चुंगी चौकी गंगासागर।



मां अम्बे रानी दुर्गा उत्सव समिति मदन महल चौराहा।



बाल दुर्गा उत्सव समिति चक्रवर्ती परिवार, 35वां वर्ष कुम्हार मोहल्ला गढ़ा।



सिटी बंगाली क्लब करमचंद चौक।



लटकारी पड़ाव की काली माता

# जबलपुर का ऐतिहासिक विजयादशमी चल समारोह आज

## गोविंदगंज रामलीला निकालेगी सामयिक और धार्मिक महत्व की झांकियां

**जबलपुर। नगर का ऐतिहासिक विजयादशमी दशहरा चल समारोह गुरुवार 2 अक्टूबर को पूरी भव्यता के साथ निकाला जायेगा। गोविंदगंज रामलीला समिति के नेतृत्व में सायं 6 बजे नगर निगम चौक से प्रारंभ होगा। विगत वर्षों की भांति गोविन्दगंज रामलीला समिति इस वर्ष भी मिलौनीगंज छोटा फुहारा से दोपहर 4 बजे प्रारंभ होकर नगर निगम चौक पहुंचेगा। निगम चौक से जुलूस अपने पूर्व निर्धारित मार्ग से परम्परागत तरीके से आगे बढ़ेगा।**

### 2 दर्जन झांकियां निकलेगी

मिलौनीगंज चौराहा, छोटे फुहारे पर पर रावण कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जायेगा। रामलीला समिति द्वारा दो दर्जन झांकियां निकालने की घोषणा की गई है। रामलीला समिति के अध्यक्ष पं.अनिल तिवारी ने ईएमएस को बताया कि जिनमें राम-रावण की पारम्परिक झांकी होगी। इस वर्ष सांस्कृतिक, धार्मिक और राष्ट्रीय महत्व की झांकियां निकाली जाएगी। राम रावण युद्ध के साथ साथ ऑपरेशन सिंदूर, आत्मनिर्भर भारत, आदि योगी शिव के समक्ष अघोरी चंडाल, सुरसा के मुख में जाते हनुमानजी, भगवान लक्ष्मीनारायण, शिवपूजन, ऑपरेशन एशियाकप, देवभूमि आपदा, ग्रीन एनर्जी, पर भी झांकियां निकाली जाएगी। इसके अलावा पारंपरिक झांकियां शामिल रहेगी। राम-रावण युद्ध की चलित झांकी निश्चित तौर पर जनाकर्षण का केन्द्र बनेंगी।

### जुलूस मार्ग पर व्यवस्थाएं

दशहरा चल समारोह को लेकर नगर निगम और पुलिस प्रशासन द्वारा सभी पर्याप्त इंतजाम किये जाने का दावा किया गया है। नगर निगम द्वारा आज जुलूस मार्ग में साफ सफाई, चूने की लाईन, बैरीकेटिंग की व्यवस्था की जाएगी। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि जुलूस पथ की स्ट्रीट लाईटों को दुरुस्त कर दिया गया है। विसर्जन स्थलों पर भी घाटों की मरम्मत और सफाई करा दी गई है।



### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

उधर पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने बताया कि जुलूस मार्ग पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। जुलूस मार्ग पर पर्याप्त पुलस बल तैनात किया गया है। वहीं संवेदनशील क्षेत्रों में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के साथ सीएसपी स्तर के अधिकारियों को तैनात किया गया है। पुलिस कंट्रोल रूम में रिजर्व पुलिस बल तैनात रखा जाएगा। वहीं आला अफसर, क्लोज सर्किट टीवी और वायरलेस सेट के जरिए स्थिति को नियंत्रित रखेंगे।

**सदर में दशहरा जुलूस आज-** उपनगरीय क्षेत्र सदर का प्रसिद्ध जुलूस आज विजयादशमी को निकाला जाएगा। जुलूस का नेतृत्व धनुष यज्ञ रामलीला समिति सदर करेगी। जुलूस रात 10 बजे प्रारंभ होगा। जुलूस में शामिल प्रतिमाएं सदर की गलियों का भ्रमण करते हुये सदर तालाब पहुंचेगा। वहां से प्रतिमाएं वापस पण्डाल में आएंगी और कुछ प्रतिमाओं का विसर्जन दूसरे दिन नर्मदा नदी में किया जाएगा।

### शास्त्री नगर से दशहरा जुलूस आज

शास्त्री नगर गढ़ा पुरवा धनवंतरी नगर में विशाल दशहरा जुलूस आज शाम 7 बजे निकाला जएगा। जुलूस में कई आकर्षक झांकियां होंगी। जुलूस में वानर सेना भी चलेगी और भगवान श्रीराम पर हेलीकॉप्टर पुष्प वर्षा भी करेगा। पिछले कई सालों से गढ़ा का विखंडित दशहरा शास्त्री नगर से निकाला जा रहा है।गढ़ा का दशहरा जुलूस कल- उपनगरीय क्षेत्र गढ़ा क दशहरा जुलूस गढ़ा रामलीला समिति के नेतृत्व में शाम 7 बजे से बीटी साहब के बंगला से प्रारंभ होगा। गढ़ा क्षेत्र की सभी प्रतिमांए इस जुलूस में शामिल होंगी, जिनका विसर्जन तिलवारा घाट में होगा।कांचघर का दशहरा जुलूस कल- कांचघर दशहरा चल समारोह के अध्यक्ष मुरलीधर राव, सचिव नारायण रजक ने बताया कि 3 अक्टूबर शुक्रवार को रामलीला मैदान जीसीएफ स्टेट से समय 7 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें 12 दुर्गा एवं महाकाली चल समारोह में सम्मिलित होगी। अध्यक्ष राव ने कहा सर्वप्रथम दुलदुल घोड़ी, भगवान भोले का नृत्य, राधाकृष्ण की झांकी एवं राम रावण के युद्ध के साथ विभिन्न प्रकार की झांकियां जुलूस में शामिल होगी।

**अधारताल में दशहरा जुलूस कल-** उपनगरीय क्षेत्र अधारताल में दशहरा जुलूस कल 3 अक्टूबर को निकाला जाएगा। रद्दी चौकी से जुलूस प्रारंभ होगा और परंपरागत मार्गों से होता हुआ अधारताल पहुंचेगा, जहां प्रतिमाओं का विसर्जन होगा।रांझी में जूलूस आज- श्री राधाकृष्ण मंदिर रांझी जबलपुर रामलीला दशहरा चल समारोह एवं रावण दहन समिति के तत्वावधान में श्री राधाकृष्ण मंदिर रांझी बस्ती से आज दोपहर 3 बजे रामलीला दशहरा चल समारोह रात 8 बजे रावण पार्क में 45 फुट ऊंचे रावण का दहन किया जाएगा।

### जवारों के विसर्जन जुलूस निकले

दशहरा की पूर्ण संध्या पर दुर्गा नवमीं के दिन देवी-देवालयों से जवारों के विसर्जन जुलूस निकाले गये। जवारों के विसर्जन का सिलसिला शरद पूर्णिमा के दिन तक चलेगा। घट स्थापना करने वाले देवी-देवालयों से नौंवे दिन जवारे निकले जबकि प्राचीन मठ बड़ी खेरमाई, बूढ़ी खेरमाई सहित अन्य जगहों के जवारे शरद पूर्णिमा तक विसर्जित किये जायेंगे।



## दसवें दिन होगा मां अपराजिता का पूजन

**दुर्गा पंडालों में भक्तों का मेला**

**जबलपुर।** शारदेय नवरात्र के नवमें दिन शाम को पूजन के पश्चात दुर्गा पंडालों में भक्तजन माता के दर्शन के लिए पहुंचे। शाम 7 बजे से दर्शनों का यह क्रम जो शुरु हुआ तो अलसुबह तक जारी रहा। शहर के हर कोने में स्थापित माता की झांकियों को देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। समूचे शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में भक्तिगीतों की स्वरलहरिया गुंजायमान रहीं। इसी क्रम में दसवें दिन गुरुवार को भक्तजन मां अपराजिता का पूजन कर उनसे सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगेंगे। इस संबंध में पं. सौरभ दुबे ने बताया कि नवरात्र के अंतिम दिन दशहरा पर विजय की प्रतीक मां अपराजिता का पूजन किया जाता है। उनके पूजन से वर्ष भर भक्तों को विजय की प्राप्ति होती है। वहीं नीलकंठ के दर्शन करना एवं स्वर्ण पत्र का स्पर्श करना भी अत्यंत शुभ व कल्याणकारी माना जाता है।

### घर-घर दुर्गा पंडालों में हवन पूजन

शारदेय नवरात्र पर्व के आखिरी दिन जहां घर-घर हवन, पूजन, आरती, कन्या भोज के अलावा विविध धार्मिक कार्यक्रम हुए, वहीं दुर्गा पंडालों में भी हवन पूजन कन्या भोज और भण्डारा का आयोजन किया गया। यह सिलसिला सुबह से लेकर देर रात तक जारी रहा।

# राय बहादुर डॉ. हीरालाल राय की जयंती पर छायाचित्र व डाक टिकट प्रदर्शनी का आयोजन

**जबलपुर।**

विश्विख्यात इतिहासज्ञ, पुरातत्वविद्, ब्रिटिशकालीन डिप्टी कमिश्नर रायबहादुर डॉ. हीरालाल राय की 158 जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार को सात्विक सेवा संस्था जबलपुर द्वारा डॉ. हीरालाल राय कला वीथिका, रानी दुर्गावती संग्रहालय जबलपुर में संपन्न हुई जिसमें संग्रहकर्ता अरविंद मलिक द्वारा रामायण पर तथा गिरीश चंद्र गुप्ता द्वारा धरोहर से संबंधित डाक टिकटों की प्रदर्शनी व हीरालाल जी पर केंद्रित छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई। गणमान्य नागरिकों व विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन कर भारतीय संस्कृति की नवीन जानकारियां प्राप्त की




गई। संस्था की अध्यक्ष श्रीमती अंशु राय एवं प्रमिला राय, सुश्री छाया राय, अविनाश कुमार राय, निशांत राय, डॉ निमिष राय, सात्विक राय, सतीश श्रीवास्तव, शीला जायसवाल, रितु श्रीवास्तव, विनीत श्रीवास्तव, डीसी विनोदिया, अंकित नेमा, हरिशंकर शुक्ला, चंदन पटेल, आवेश सिंह, आदि उपस्थित रहे।



## विवेक बर्मन ने बढ़ाया संस्कारधानी का मान

**जबलपुर।** विगत दिवस भारत के शिखर स्थल हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, यह प्रतियोगिता वाको इंडिया और एमेच्योर स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित की गई थी जिसमें कई प्रदेशों से जैसे महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, बिहार सहित अन्य प्रदेशों ने भाग लिया, संस्कारधानी के विवेक बर्मन ने वजन वर्ग - 63 किलो में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता, उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपने माता-पिता और गुरुजनों का नाम रोशन किया है, उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है, वह नियमित रूप से अपने कोच राम किशोर सोनी से किक बॉक्सिंग क्लब में प्रशिक्षण लेते है।

## गढ़ा रामलीला: ब्रह्मास्त्र से मूर्छित हुए लक्ष्मण, हनुमान लाए लंका से वैद्य को

**जबलपुर।**



गढ़ा रामलीला के सिद्ध मंच पर मेघनाथ ने शेषनाग अवतार लक्ष्मण पर ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया। इससे लक्ष्मण मूर्छित हो गये। राम सेना में हाहाकार मच गया। हनुमान जी सुखेन वैद्य को लेने लंका गए सुखेन वैद्य ने हनुमान को संजीवनी बुटी द्रोणागिरी पर्वत से लाने कहा इस पर हनुमान जी द्रोणागिरी पर्वत गए तथा वहां से द्रोणागिरी पर्वत को ही उठा कर ले आए। उस संजीवनी से लक्ष्मण की मूर्छा दूर हो गई। राम सेना और दर्शकों में खुशी छा गई। इसके उपरांत कुंभकरण को नींद से जगाने रावण द्वारा ढोल नगाड़ों का सहारा लिया गया। कुम्भकरण को ब्रह्मा ने यह अभिषाप दिया था कि यदि वह 6 माह के पहले नीद से जागेगा तो मारा जाऐगा।6 माह पहले नीद से जागते ही जैसे ही वह युद्ध में गया तो प्रभुश्रीराम ने अपने बाड़ों से उसके शरीर से धड़,हाथ अलग कर उसका वध किया। इसके उपरांत मेघनाथ लक्ष्मण युद्ध की रोचक लीला मंच पर हुई इसे देखकर दर्शक आनंदित हुए। इस युद्ध में लक्ष्मण ने मेघनाथ का वध किया।



## हैप्पी क्लब का गरबा रास 2025 भव्य आयोजन

**जबलपुर।** हैप्पी क्लब द्वारा लगातार 16वें वर्ष गरबा रास 2025 का आयोजन 27 सितम्बर को Arq the Courtyard, तिलहरी में बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा प्रिया तिवारी द्वारा प्रस्तुत माँ दुर्गा का लाइव अभिनय, साथ ही लगभग 100 प्रतिभागियों की जोशीली भागीदारी। कार्यक्रम के कोरियोग्राफर प्रशांत वाल्मीकि रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। प्रतिभागियों को रोमांचक पुरस्कार दिए गए तथा विजेताओं को विशिष्ट अतिथियों द्वारा विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में अनेक अतिथियों ने शिरकत की। मुख्य अतिथियों में अशोक रोहाणी (विधायक), यामिनी अन्नू सिंह, रिंकू विज, नीशा केशवानी शामिल रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथियों में प्रियंका पोद्दार पटेल, श्वेता सिंह ठाकुर, पल्लवी दत्ता, रानो जॉन, साधना पांडे झा, प्रियंका श्रीवास्तव, संगीता गुप्ता, सीमा चावला, मीनू पेशवानी, काजल विश्वकर्मा आदि की उपस्थिति रही।

## विजयदशमी पर्व पर सरकार दे कर्मचारियों को महंगाई भत्ते का तोहफा

**जबलपुर।** केंद्रीय सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों को तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की घोषणा कर दी गई है, विजयदशमी पर्व पर केंद्र सरकार ने भत्ता देकर कर्मचारियों को भारी राहत प्रदान की है। प्रदेश के आज कर्मचारियों को केंद्रीय कर्मचारियों के बराबर ही महंगाई भत्ता मिल रहा है। इस घोषणा से प्रदेश सरकार के कर्मचारी 3% पीछे हो गए हैं। कर्मचारी हितैषी मुख्यमंत्री से कर्मचारियों को विजयदशमी के पहले महंगाई भत्ता मिलने की पूरी आशा है। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के अटल उपाध्याय, देवेंद्र पचौरी, आलोक अग्निहोत्री, प्रशांत सोंधिया, रजनीश पांडेय, परसराम तिवारी, बृजेश मिश्रा, आकाश गुप्ता, योगेन्द्र मिश्रा, अर्जुन सोमवंशी, सुशील गुप्ता, राजाराम डेहरिया, प्रशांत तिवारी ने प्रदेश सरकार के कर्मचारियों पेंशनरों को भी 3% महंगाई भत्ता देने की मांग की है।

## लक्ष्मण शक्ति, मेघनाद वध, कुंभकरण वध लीला का जीवंत मंचन हुआ

**जबलपुर।** धनुष यज्ञ रामलीला सदर में आज की आरती मुख्य जजमान प्रेम शंकर तिवारी, सीताराम कुरचानिया, संदीप चौकसे, मधुर तिवारी, डॉक्टर शंकर पांडे, नरेश तिवारी, मनोहर लाल अग्निहोत्री, ओमप्रकाश पाठक, सतीश पाठक द्वारा की गई।

लीला मंचन के दौरान युद्ध प्रारंभ हुआ, चारों दिशाओं में हाहाकार गूंज गया, लक्ष्मण को शक्ति लगते ही रावण दल में खुशियों की लहर, राम दल में दुख का पहाड़ टूट पड़ा। लक्ष्मण मूर्छित हो पृथ्वी पर गिर जाते हैं, सुखैन वैद्य लंका से लाया जाता है, हनुमान जी द्रोणाचल पर्वत से संजीव बूटी लेने जाते हैं, अयोध्या में भरत से मुलाकात होती है, हनुमान जी संजीवनी बूटी लाते हैं, लक्ष्मण पुनः खड़े होते हैं, मेघनाद का वध करते हैं लंका में यह समाचार जैसे ही रावण को पता चलता है वह अपने भाई कुंभकरण को जगाकर युद्ध में भेजता है, भीषण युद्ध होता है अंत में कुंभकरण का वध होता है विभीषण बहुत रोता है, राम जी समझाते हैं प्रभु मेरा भाई बहुत चाहता था वह धर्म का पालन करने वाला लंका का एक स्वधर्म व्यक्ति था, मेरा भाई गया, पुत्र वियोग में रावण भी विलाप करता है और गर्जना करता है कि अंतिम युद्ध की तैयारी करो या तो मैं रहूंगा या फिर राम।



## ग्यारहवीं शरीफ का दूसरा मेला आज

**जबलपुर।** मदनमहल पहाड़ी पर स्थित हज़रत पीराने पीर की दरगाह में आज जुमेरात को ग्यारहवीं शरीफ के दूसरे मेले का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुतवल्ली सैय्यद क़ादिर अली क़ादरी की सदारत में नमाजे जुहर के बाद एक रूहानी जलसे का एहतमाम किया गया है, जिसमें नात शरीफ और मनक़बत पाक पढ़ी जाएंगी। इस जलसे के उपरांत, क़ादरी खानदान के मशहूर बुजुर्ग सूफ़ी बाबा आशिक अली क़ादरी अलैहिर्रहमां के दसवें उर्स शरीफ के मौके पर उनके ख़लीफा सज्जादानशीन इनायत क़ादरी के मार्गदर्शन में नमाजे असर के बाद मदन महल दरगाह प्रांगण में स्तिथ सूफ़ी बाबा की मजार शरीफ पर चादरपोशी व गुलपोशी की रस्म अदा की जाएगी। इसके पश्चात अकीदतमंदों के लिए लंगर तकसीम किया जाएगा। सज्जादानशीन सूफी मुबारक क़ादरी, निज़ाम क़ादरी, बासित क़ादरी, जवाहर कादरी, अब्बू बाबा क़ादरी, असगर क़ादरी, अफजल कादरी (भूरा), रोशन क़ादरी, शराफत क़ादरी और आशु क़ादरी ने सभी अकीदतमंदों से शिरकत करने की अपील की है।



# नवरात्रि के पावन पर्व पर ग्राम सिमरिया में दुर्गा मूर्ति स्थापना का लिया संकल्प

**जबलपुर।** भारतीय सनातन संस्कृति के मार्कंडेय पुराण में एवं दुर्गा सप्तशती में शारदीय नवरात्रि में मां परम्बा जगदंबा आदि शक्ति की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा से घर में सकारात्मक ऊर्जा आती है, सुख शांति और समृद्धि बढ़ती है और देवी शक्ति का आशीर्वाद मिलता है, अनेक वर्ष से ग्रामवासियों द्वारा न कभी गणेश उत्सव मनाया जाता है, न कभी दुर्गा उत्सव मनाया जाता है, न कभी किसी भी प्रकार का कोई धार्मिक उत्सव इस गांव में मनाया जाता है, संपूर्ण तरह से धार्मिक कार्यक्रम करना बंद कर दिया गया है, भारतीय सनातन संस्कृति को संपूर्ण तरह से भुलाया जा रहा है, अगर भारत में वर्तमान स्थिति को देखते हुए सनातन संस्कृति की रक्षा नहीं की गई, तो संपूर्ण भारत एक विध्वंस की कगार पर जाकर खड़ा हो जाएगा, नवरात्रि के पावन पर्व पर अखिल भारतीय सनातन संरक्षण के राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यक्रम के प्रेरणा स्रोत मोहित तिवारी ने ग्राम सिमरिया में समस्त



क्षेत्रवासियों को एकत्रित होने की गुहार लगाई, जिसमें वरिष्ठ ग्रामवासियों को सनातन धर्म के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया गया, साथ ही ग्रामवासियों ने आश्वासन दिया कि आने वाले समय पर अपनी पीढ़ियों के लिए सनातन संस्कृति की रक्षा की सर्वोपरि है और आगामी वर्ष से ग्राम सिमरिया में गणेश उत्सव एवं दुर्गा उत्सव मनाया जाएगा। भव्य महाआरती के पश्चात भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित तिवारी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक तिवारी, राष्ट्रीय सचिव नितिन चौबे, जवाहर तिवारी, विनोद चौबे, वरिष्ठ समाज सेवक राजकुमार पटेल, बल्मू पटेल, अनिल कुमार चौबे, गोवर्धन पटेल, मारू पटेल, मनोज पटेल, गुड्डा चौबे, बबलू चौबे, जीतू पटेल, भूरा पटेल, नरेंद्र चौबे, जितेंद्र चौबे, गुड्डू यादव, दीपक चौबे, संदीप पटेल, मनीष पटेल, विजय पटेल आदि उपस्थित रहे।



## नयागांव में मंत्रोच्चारण के साथ किया गया माँ दुर्गा का हवन पूजन

**जबलपुर।** माँ दुर्गा के आशीर्वाद से विगत बीस वर्षों से नयागांव हाउसिंग सोसाइटी में माँ दुर्गा की प्रतिमा निरंतर स्थापित कर पूजा आराधना की जाती है, जिससे पूरे नौ दिन नयागांव में हर्ष, उत्साह के साथ ही भक्तिमय वातावरण है। श्रद्धालुओं द्वारा नौ दिन माँ दुर्गा की विधिवत प्रक्रिया से पूजा और आराधना की जाती है और अन्य भक्तिमय व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है, इसी क्रम में नवमीं की शाम को हवन एवं महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें सोसाइटी के सभी श्रद्धालु के साथ ही नयागांव सोसाइटी के अध्यक्ष रजत भार्गव, पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह, पाटन विधायक अजय विश्नोई ने सम्मिलित होकर पुण्य प्राप्त किया।

## ग्राम सूखा में 21 देवियों का मनमोहक रूप

**जबलपुर।** चरगवां क्षेत्र में पहली बार सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति ग्राम सूखा भारतपुर में 21 देवी ग्यारह देवी एवं दस महाविद्या विराजमान हुई है। जिसके दर्शन के लिए लोग दूर दूर से हजारों की संख्या में दर्शन के लिए पहुंच रहे है। 21 देवियों के साथ साथ श्रीमद् देवी महा पुराण आचार्य मुकेश तिवारी के मुखारबिंद से श्रोता गढ़ श्रवण कर रहे है। एवं श्री शत चंडी पाठ ग्राम वासियों की सुख स्मृद्धि के लिए आयोजक उप सरपंच नवल किशोर दीक्षित एवं सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति सूखा के द्वारा प्रति दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए जा रहे है। वहीं कल मंगलवार को महा आरती एवं 21 देवियों के दर्शन के लिए उमड़ा आस्था का जन शैवाल। महाआरती के उपरांत समिति के आयोजक नवल किशोर दीक्षित, विधायक नीरज सिंह, अध्यक्ष मुकेश दीक्षित, ज्योतिषाचार्य पंडित रेवाराम महाराज,थाना प्रभारी चरगवां अभिषेक प्यासी, बबलू दीक्षित, अमित दीक्षित, अखिल दीक्षित, सुरेंद्र तिवारी, विजय कुमार एवं सभी सदस्य थे।

### सभी स्वास्थ्य केंद्रों में लगेंगे शिविर

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से जिले में शुरू हुये स्वस्थ्य नारी-सशक्त परिवार अभियान का समापन 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर होगा। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा के अनुसार अभियान के समापन पर जिला चिकित्सालय, जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में स्थित सभी स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक, सिविल अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित रहेंगे तथा इन सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा।

# केंद्र सरकार ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर रख रही नजर, कुछ ऑपरेटरों को फटकारा भी

## जीएसटी दर में कटौती का लाभ लोगों को मिले इसलिए हो रही सतत निगरानी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार शैंपू से लेकर दालों तक दैनिक उपयोग के एफएमसीजी उत्पादों की कीमतों पर नजर रख रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती का लाभ आम लोगों तक उचित तरीके से पहुंचे। इसी कड़ी में ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्मों की भी निगरानी की जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि वे इस बात पर नजर रख रहे हैं कि ये प्लेटफॉर्म मूल्य निर्धारण मानदंडों का अनुपालन कर रहे हैं या नहीं। इस बात की भी निगरानी की जा रही है कि वे कर कटौती से उपभोक्ताओं को होने वाले लाभ को रोक तो नहीं रहे हैं। कुछ ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर बेची जा रही दैनिक आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में उचित कमी नहीं किए जाने की शिकायतों के बीच, सूत्रों ने बताया कि सरकार ने अनौपचारिक रूप से कुछ ई-कॉमर्स ऑपरेटरों को कुछ वस्तुओं पर उनके द्वारा दी जा रही कीमतों के लिए फटकार लगाई है। सरकार जीएसटी कटौती को सुचारू और वास्तविक रूप से पारित कराने के लिए ई-कॉमर्स ऑपरेटरों पर नज़र रख रही है। राजस्व विभाग इस बात पर नज़र रख रहा है कि करों में कटौती उसी अनुपात में की गई है या नहीं।

**राजस्व विभाग इस बात पर नज़र रख रहा है कि करों में कटौती उसी अनुपात में की गई है या नहीं?**

### 30 सितंबर को मासिक रिपोर्ट सौंपी गई



वित्त मंत्रालय ने 9 सितंबर को केंद्रीय जीएसटी के क्षेत्रीय अधिकारियों को पत्र लिखकर 54 आम इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुओं की कीमतों में बदलाव की मासिक रिपोर्ट पेश करने को कहा था। इन वस्तुओं के ब्रांडवार अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) के तुलनात्मक विवरण वाली पहली रिपोर्ट मंगलवार तक केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर व सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) को सौंपी गई।

### 99 फीसदी दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतें कम

सूत्रों ने बताया कि जब जीएसटी कटौती से पहले और बाद में मूल्य निर्धारण में विसंगतियों की ओर इशारा किया गया तो ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ने तकनीकी गड़बड़ियों का हवाला दिया। सरकार इसे सीधे-सीधे गैर जिम्मेदारी और शरारत मान रही है। 22 सितंबर से प्रभावी, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो-स्तरीय संरचना बन गया है। 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की पूर्व दरों को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो दरों में मिला दिया गया है, जिससे 99 प्रतिशत दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतें कम हो गई हैं।

## गुटखा व्यापारी की दो फर्मों में पकड़ी चोरी, जमा कराए 66 लाख रुपए

**बुरहानपुर।** जीएसटी विभाग की टीम ने शहर के दो गुटखा व्यापारियों के यहां छापेमारी कर लाखों की जीएसटी चोरी पकड़ी है। प्रारंभिक जांच के बाद व्यापारियों से जीएसटी और जुर्माने के रूप में 66 लाख रुपए जमा कराए गए हैं। दस्तावेजों की छानबीन के बाद जीएसटी चोरी की राशि और बढ़ने का अनुमान है। जिन फर्मों पर छापेमारी की गई है, उनमें अजय वासवानी की गणेश एजेंसी और गुरुनानक ट्रेडर्स शामिल हैं। गणेश एजेंसी के दर्यापुर स्थित गोदाम और गुरुनानक ट्रेडर्स के नगर निगम कार्यालय के पास स्थित गोदाम को सील कर दिया गया है। जीएसटी विभाग के सहायक आयुक्त यूसुफ खान ने बताया कि 24 सितंबर को की गई छापेमारी में खंडवा, खरगोन और बुरहानपुर के 25 से ज्यादा अधिकारी शामिल थे। ज्वॉइंट कमिश्नर रजनीश पटेल के नेतृत्व में अधिकारियों को छह टीमों में बांटा गया था। दो दिन की जांच के बाद गुरुनानक ट्रेडस से 13 लाख और गणेश एजेंसी से 53 लाख रुपये जमा कराए गए हैं।



## खबर संक्षेप

### एचवीएएक्स को 312.58 करोड़ का ऑर्डर बुक

**मुंबई।** एचवीएएक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने महत्वपूर्ण व्यावसायिक मुख्य बिंदु घोषित किए हैं जो इसकी मजबूत विकास गति को सुदृढ़ करते हैं। सितंबर 2025 तक, एचव्हीएएक्स ने 312.58 करोड़ के एक समेकित ऑर्डर बुक की रिपोर्ट की है। इसके अतिरिक्त कंपनी 681.53 करोड़ रुपए मूल्य के परियोजनाओं के लिए सक्रिय रूप से बातचीत कर रही है। कंपनी का लक्ष्य स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में पहले से कार्यरत भागीदारों के साथ मौजूद संबंधों का लाभ उठाकर व्यवसायों का मूल्यांकन और अधिग्रहण करना है।

### नेस्ले ने जीएसटी दर कटौती का लाभ दिया

**नई दिल्ली।** नेस्ले इंडिया ने हाल ही में भारत सरकार द्वारा घोषित गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) दरों में बदलाव का स्वागत किया है। कंपनी ने कहा है कि यह लाभ सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जा रहा है। नेस्ले इंडिया के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष तिवारी ने कहाकि जीएसटी दर में कटौती भारत के उपभोक्ताओं के लिए एक सकारात्मक कदम है। इससे खपत बढ़ेगी और अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। नेस्ले पिछले 113 वर्षों से भारत का अभिन्न हिस्सा रही है।

### एचएंडएम ब्यूटी कॉन्सेप्ट का भारत में क्यूरेटेड रेंज पेश

**इंदौर।** एचएंडएम गर्व के साथ भारत में एचएंडएम ब्यूटी कॉन्सेप्ट के पहले लॉन्च की घोषणा करता है, जो फैशन और होम कॉन्सेप्ट से आगे बढ़कर ब्यूटी के माध्यम से आत्म-अभिव्यक्ति को सशक्त बनाने का अवसर प्रदान करता है। इस पदार्पण के साथ ट्रेंड-ड्रिवेन, समावेशी और सुलभ ब्यूटी लाइनअप पेश किया गया है। इंदौर में यह कलेक्शन ट्रेजर आइलैंड 2, अपोलो प्रीमियर और फीनिक्स सिटाडेल में उपलब्ध होगा। यह मेकअप 799 से शुरू है। फ्रेग्रेन्स 1,299 रुपए से शुरू है।

### एसईपीसी को एडीएनओसी से 32.63 करोड़ का ऑर्डर मिला

**चेन्नई।** एसईपीसी लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसने अबू धाबी की एवेनिर इंटरनेशनल इंजीनियर्स और कंसल्टेंट्स एलएलसी से एडीएनओसी की विभिन्न परियोजनाओं के लिए इंजीनियरिंग सेवाएं प्रदान करने हेतु एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय कार्यादेश प्राप्त किया है। यह ऑर्डर, जिसकी कीमत एईडी 13.5 मिलियन (लगभग 32.63 करोड़) है, एसईपीसी के बढ़ते पोर्टफोलियो में एक महत्वपूर्ण वृद्धि को दर्शाता है।

## दुपहिया वाहनों में 20 और कारों की बिक्री 30 फीसदी है अधिक

# दशहरे तक बंपर सेल, भोपाल में 6 हजार कारें तक बिकने का अनुमान

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

जीएसटी दर में कटौती के बाद में ऑटोमोबाइल्स सेक्टर में दुपहिया वाहनों और कारों की बिक्री में जबरदस्त उछाल आया है। सेक्टर से जुड़े वाहन विक्रेता डीलरों की मानें जीएसटी दर में कटौती किए जाने की पीएम मोदी की घोषणा के बाद वाहनों की बिक्री का ब्रेक लग गया था, लेकिन नवरात्रि पर्व के साथ ही जीएसटी में कटौती दर लागू होने से बाद रूकी हुई सेल में बंपर उछाल आया है।

दुपहिया वाहनों की बिक्री में 20 फीसदी और फोर व्हीलर्स की बिक्री में 30 फीसदी से अधिक की वृद्धि हुई है। आरएमजे मोटर्स के सीएमडी सुनील जैन 501 ने बताया कि ऑटोबाइल्स सेक्टर में मारूति का 45 फीसदी



शेयर मार्केट है। गत वर्ष की तुलना में नवरात्रि से दशहरा का राजधानी भोपाल में मारूति की 3 हजार कारें बिकने का अनुमान है। क्योंकि शुरू नवरात्रि से अभी तक आरएमजे मोटर्स ने अभी तक 500 कारों की बिक्री कर चुका है और दशहरा तक 800 से अधिक कारों की बिक्री होने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि राजधानी भोपाल में दशहरा तक भी कंपनियों को मिलाकर करीब 6 हजार कारें बिकने का अनुमान है। वहीं भोपाल ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और ओम आटो होंडा शोरूम संचालक आशीष पांडे ने कहाकि गत नवरात्रि की अपेक्षा इस साल जीएसटी कटौती के प्रभाव में दुपहिया वाहनों की 20 फीसदी अधिक बिक्री है। पांडे ने बताया कि गत वर्ष समूचे मध्यप्रदेश में नवरात्रि से दशहरा तक 1 लाख 45 हजार रुपए टू व्हीलर्स की बिक्री हुई थी तो 25 हजार कारें बिक्री थी। लेकिन इस नवरात्रि से दशहरा तक वाहनों की बंपर खरीदी जारी है और उपभोक्ताओं की वाहन खरीदी के प्रति बढ़ी हुई दिलचस्पी को देखते हुए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि वाहनों की बपंर बिक्री जारी है और वाहनों की खरीदी 20 फीसदी अधिक है।

**शोरूम्स में छोटी कारों का स्टॉक खत्म**

आरएमजे मोटर्स के सीएमडी सुनील जैन 501 ने बताया कि मारूति कंपनी के भोपाल ही नहीं आसपास के 300 किलो मीटर दूर तक स्थित मारूति के शोरूम्स पर छोटी कारें ऑल्टो के10, एस-प्रेसो, सेलेरियो और वैगन आर का स्टॉक खत्म हो चुका है। उन्होंने बताया कि नवरात्रि की शुरुआत के साथ ही जीएसटी घटने से गाड़ियों की कीमत में आई कमी का असर नवरात्रि के पहले दिन से ही कार शोरूम में ग्राहकों की उमड़ रही भारी भीड़ के रूप में बिक्री में भी जबरदस्त बिक्री देखने को मिली। जीएसटी घटने से गाड़ियां अब पहले से सस्ती हो गई हैं, इसलिए गाड़ियों की बिक्री में इजाफा देखने को मिला। ऑटोमोबाइल सेक्टर के लिए यह अच्छी खबर है। कार बिक्री के लिहाज यह पिछले तीन दशकों में नवरात्रि की सबसे मजबूत शुरुआत है।

## विश्वराज ने डीआरएचपी दाखिल किया

**मुंबई।** जल उपयोगिता और अपशिष्ट जल प्रबंधन परियोजनाओं की एक अग्रणी डेवलपर कंपनी, विश्वराज एनवायर्नमेंट लिमिटेड ने सेबी के पास अपना डीआरएचपी दाखिल किया है। कंपनी के आईपीओ में 1,250 करोड़ रुपए तक का ताज़ा इश्यू और प्रमोटर विक्रय शेयरधारक, प्रीमियर फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड द्वारा 1,000 करोड़ तक का ऑफर फॉर सेल शामिल है।इश्यू से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग अपनी सहायक कंपनियों के 545 करोड़ रुपये के ऋणों का पुनर्भुगतान या पूर्व-भुगतान करने के लिए करने की योजना बना रही है। तीन परियोजनाओं के लिए पूंजीगत व्यय के लिए 178.5 करोड़ रुपए, 112.8 करोड़ रुपए, और 124.1 करोड़ रुपए का फंड जुटाया जाएगा।

## एसईपीसी को एडीएनओसी से 32.63 करोड़ का ऑर्डर मिला

**चेन्नई।** एसईपीसी लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसने अबू धाबी की एवेनिर इंटरनेशनल इंजीनियर्स और कंसल्टेंट्स एलएलसी से एडीएनओसी की विभिन्न परियोजनाओं के लिए इंजीनियरिंग सेवाएं प्रदान करने हेतु एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय कार्यादेश प्राप्त किया है। यह ऑर्डर, जिसकी कीमत एईडी 13.5 मिलियन (लगभग 32.63 करोड़) है, एसईपीसी के बढ़ते पोर्टफोलियो में एक महत्वपूर्ण वृद्धि को दर्शाता है। कार्यान्वयन के शेड्यूल और समयसीमा पुरस्कार देने वाली संस्था द्वारा प्रदान किए जाएंगे। कंपनी ने अपनी तकनीकी विशेषज्ञता और कार्यान्वयन क्षमताओं के समर्थन से बड़े और जटिल परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा करने का प्रमाणित रिकॉर्ड बनाया है। अगस्त 2025 में एसईपीसी को दिल्ली के सिंचाई, ऊर्जा, जल संसाधन विभाग द्वारा बिहार के कैमूर जिले में जमनियां से ककरैत गंगाजल उपवाह सिंचाई योजना के कार्यान्वयन के लिए 442.8 करोड़ रुपए का अनुबंध दिया गया।

## रिलायंस डिजिटल के फेस्टिवल ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ, बड़े से बड़ा जश्न मनाइए, ज़्यादा से ज़्यादा बचत के साथ

**मुंबई।** रिलायंस डिजिटल अपने' फेस्टिवल ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स' सेल में कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और बिल्कुल नई टेक्नोलॉजी पर बेजोड़ ऑफर्स और छूट के साथ इस साल के फेस्टिव सीज़न की शानदार शुरुआत कर रही है, जिससे ग्राहकों को मिलेगा एकदम सही #MuhuratForCelebrations. 25 अक्टूबर, 2025 तक ग्राहक सभी रिलायंस डिजिटल, माय जियो स्टोर्स और जियो मार्ट डिजिटल स्टोर्स और ऑनलाइन www.reliancedigital.in पर, सभी उपयुक्त प्रोडक्ट्स पर GST कम हुई कीमतों और लीडिंग बैंक काड्र्स पर ' 15,000* तक इंस्टंट डिस्काउंट का फायदा उठा सकते हैं। ग्राहक पेपर फाइनान्स का विकल्प चुनकर ' रु.30,000 तक के कैशबैक का भी फायदा उठा सकते हैं, जिससे बड़े से बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स को खरीदना और अपने घर की शोभा बढ़ाना पहले से कहीं ज़्यादा आसान हो जाएगा। रिलायंस डिजिटल केफेस्टिवल ऑफइलेक्ट्रॉनिक्स के साथ, इलेक्ट्रॉनिक अप्लायंसेस, बिल्कुल नईटेक्नोलॉजी और इस सीज़न का जश्न मनाने के लिए ज़रूरी हर चीज़ में निवेश करने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता।

Reliance digital
PERSONALISING TECHNOLOGY

## आर्डी ने सेबी के पास दाखिल किए आईपीओ के दस्तावेज

**मुंबई।** आर्डी इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है, जिसमें 3,200 मिलियन तक का नया इश्यू और 2 रुपए अंकित मूल्य के 37,650,000 इक्विटी शेयरों तक का बिक्री प्रस्ताव शामिल है। आर्डी भारत के चक्रीय अर्थव्यवस्था के प्रमुख खिलाड़ियों में से एक है, जो एंड-ऑफ-लाइफ ऊर्जा भंडारण उत्पादों और अलौह स्क्रैप के पर्यावरण के लिए जिम्मेदार तरीके से पुनर्प्राप्ति और पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) में विशेषज्ञता रखता है, साथ ही अपशिष्ट धाराओं से महत्वपूर्ण संसाधनों को पुनः प्राप्त करता है।

## एयरटेल बिजनेस ने स्विफ्ट के साथ की साझेदारी, भारत का पहला नेक्स्ट-जेन स्पैशियल लांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

एयरटेल बिजनेस ने सटीक- लोकेशन तकनीक की अग्रणी कंपनी स्विफ्ट नेविगेशन के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। इसके तहत भारत की पहली एआई/एमएल-संचालित, क्लाउड-आधारित लोकेशन सेवा एयरटेल-स्काईलार्क प्रीसाइज पोज़िशनिंग सर्विस लांच की जा रही है। यह सेवा सामान्य जीएनएसएस (ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम) की तुलना में सटीकता को 100 गुना तक बेहतर बनाएगी। एयरटेल बिज़नेस और स्विफ्ट नेविगेशन की यह विशेष साझेदारी, एयरटेल-स्काईलार्क को एयरटेल के पूरे भारत में फैले मजबूत 4जी/5जी नेटवर्क से जोड़कर पेश करेगी। इससे एक विश्वसनीय और आसानी से उपलब्ध सेंटीमीटर-लेवल की सटीक लोकेशन सेवा मिलेगी, जिसका उपयोग बड़े पैमाने पर ज़रूरी और लोकेशन-आधारित कामों के लिए किया जा सकेगा। कई उद्योग इस सटीक सेवा से फायदा उठा सकेंगे, जैसे टोल वसूली, इमरजेंसी सेवाएं, डिजिटल नक्शे, निर्माण काम, बिजली-पानी जैसी सुविधाएं, गाड़ियों का प्रबंधन और खुद चलने वाली गाड़ियां। शरत सिन्हा, डायरेक्टर एवं सीईओ एयरटेल बिजनेस, ने कहाकि हमारे जैसे देश में, जहां गली-मोहल्लों का जाल है, वहाँ हर सेंटीमीटर किसी सटीक लोकेशन या पते को पहचानने से बहुत बड़ा फर्क पड़ता है।

## निर्यात क्षेत्र में भारत के पास वृद्धि की काफी संभावना

# भारत की औसत वृद्धि दर अगले दशक में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान : मॉर्गन स्टेनली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकन मल्टीनेशनल इन्वेस्टमेंट बैंक एंड फाइनेंशियल सर्विस कंपनी मॉर्गन स्टेनली ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में कहा कि अगले दशक में भारत की वार्षिक वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वहीं, अगर औद्योगिक और निर्यात क्षेत्र तेजी से बढ़ते हैं तो यह वृद्धि दर और अधिक बढ़ सकती है। मॉर्गन स्टेनली ने कहा कि निर्यात क्षेत्र में भारत के पास वृद्धि की काफी संभावना है, जिसे एक व्यापक



सुधार पैकेज के जरिए बढ़ाया जा सकता है। मॉर्गन स्टेनली ने कहा कि निर्यात क्षेत्र में भारत के पास वृद्धि की काफी संभावना है, जिसे एक व्यापक सुधार पैकेज के जरिए बढ़ाया जा सकता है। विश्लेषकों ने पहले बताया था कि जीएसटी सुधार के मद्देनजर वित्त वर्ष 26 में भारत की अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत की दर से तेजी से बढ़ेगी।

### *अगले दशक में भारत की जीडीपी 6.5 प्रतिशत से बढ़ेगी*

*मॉर्गन स्टेनली ने भी सहमति के साथ कहा, "हमारे अनुमान के अनुसार, अगले दशक में भारत की जीडीपी 6.5 प्रतिशत से बढ़ेगी, जो दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगी।" मॉर्गन स्टेनली ने उन स्टडी का हवाला दिया है, जिसमें पता चलता है कि मैन्युफैक्चरिंग एक्सपोर्ट से पैदा होने नौकरी से संबंधित सेक्टर जैसे ट्रांसपोर्टेशन और लॉजिस्टिक्स में दो और नई नौकरियां पैदा होती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नीति निर्माता पहले से ही प्रयास कर रहे हैं, लेकिन नौकरियों की समस्या की गंभीरता गति बढ़ाने की जरूरत को दिखाती है। इसके अलावा, फर्म ने एक सिस्टेमेटिक एप्रोच की आवश्यकता पर जोर दिया, जो राज्य सरकारों को बिजनेस एनवायरमेंट को बेहतर बनाने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित करे कि लेबर फोर्स में स्किल्ड हो।" रिपोर्ट में कहा गया है कि नीति निर्माता पहले से ही प्रयास कर रहे हैं, लेकिन नौकरियों की समस्या की गंभीरता गति बढ़ाने की जरूरत को दिखाती है।*

## राशिफल

**मेष:** मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष:** मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क:** वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह:** आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या:** किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक:** किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।


**धनु:** आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर:** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

## शब्द पहेली - 6006



**बाएँ से दाए**
1. उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4. कराह,टीस,लालसा-3
6. हानि,आपत्ति-2
7. दुश्मनी,बैर-3
8. इंसाफ-2
10. साठवीं जयंती-3
11. जलाऊ लकड़ी-4
14. छोटा भाई-3
16. निरंकुश,आवारा-4
17. ठाठ-बाट-2
18. आफत,मुसीबत-2
19. शैतानी,बदमाशी-4
21. सहायता-3
22. इच्छा,लालसा-4
24. कवि,गजलकार-3
25. जरा,थोड़ा-2
27. मुलायम,नाजुक-3
28. गुफा,खोह-2
29. प्रियतम,सनम-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2. उत्साह.शक्ति-2
3. बिनाबाल वारा,गंजा-4
4. पंक्ति,लाइन-3
5. लड़की, पुत्री,बेटी-2
7. वहम,संदेह-2
9. जुड़वा-3
12. प्रतिज्ञा,कसम-3
13. गंगा का पानी-4
15. तीखा,तीक्ष्ण-3
16. आतुर,धैर्यहीन-4
17. संभवतः-3
18. मर्कट,कपि-3
20. गोविंदा,खुशबू की फिल्म-5
21. पानी रखने का चमड़े का पात्र-3
22. मनोकामना -4
23. साजन,प्रेमी-3
24. संध्या,सांझ-2
26. आनंद-2
28. महीना,मास-2

**शब्द पहेली- 6005 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | प | रा | या | प | न | ■ | म | च | ल | ना |
| सां | ग | ■ | च | ■ | का | ली | न | ■ | त | ट |
| ब | ■ | त | क | रा | र | ■ | का | ल | ■ | की |
| ला | चा | र | ■ | ■ | दे | श | ■ | त | न | य |
| प | ■ | ती | ■ | पा | ना | ■ | गा | ■ | क | ■ |
| न | क | ब | ज | न | ■ | चा | ल | च | ल | न |
| ■ | हा | ■ | मा | ■ | च | र | ■ | ह | ■ | म |
| म | र | ना | ■ | द | म | ■ | ■ | क | स | क |
| र | ■ | श | क | ■ | क | रा | ह | ना | ■ | या |
| दू | ब | ■ | ल | बा | दा | ■ | रा | ■ | या | त्रा |
| द | या | क | र | ■ | र | च | ना | का | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6016

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6015 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें :- 8335914373 (रायपुर /11/ अक्टूबर/25)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789



आज के दौर में जब यंग और मिड एज के लोग भी तमाम हेल्थ प्रॉब्लम्स का सामना करने लगे हैं, ऐसे में ओल्ड एजर्स के लिए हेल्दी रहना कितना चैलेंजिंग है, इसे समझा जा सकता है। लेकिन सच यह है कि अगर अपनी हेल्थ को लेकर आप कॉन्शस रहें और फैमिली का सपोर्ट मिले तो ओल्ड एज में भी हेल्दी-फिट और एनर्जेटिक रहा जा सकता है। इस बारे में बहुत यूजफुल सजेशंस।

# तब ओल्ड एज में भी रहेंगे आप हेल्दी-फिट-एनर्जेटिक

**डॉक्टर्स एडवाइस**

डॉ. आलोक कल्याणी
कंसल्टेंट फिजीशियन
मैक्स सुपरस्पेशिएलिटी अस्पताल, दिल्ली

हमारा शरीर मशीन की तरह होता है। जैसे टाइम गुजरने के साथ एक मशीन काम करना थोड़ा कम कर देती है। वैसे ही उम्र बढ़ने पर शरीर में कमजोरी आने से बुजुर्गों की फिजिकल फिटनेस में कमी आती है, मेटाबॉलिज्म रेट धीमा हो जाता है, इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है, कार्यक्षमता प्रभावित होती है। जिससे उन्हें कई तरह की शारीरिक और मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कल ही इंटरनेशनल डे ऑफ ओल्डर पर्संस (1 अक्टूबर) बीता है। इस अवसर पर एक्सपर्ट डॉक्टर ने बताया कि इन समस्याओं से बचने के लिए बुजुर्ग कैसे रखें अपना ध्यान?

## फिजिकल हेल्थ का रखें ध्यान

बढ़ती उम्र में शरीर में किसी भी तरह का बदलाव नजर आने पर तुरंत डॉक्टर को कंसल्ट करना चाहिए।

**रेग्युलर हेल्थ चेकअप:** बुजुर्ग लोग नियमित रूप से हेल्थ चेकअप कराएं। ताकि हेल्थ पर नजर रखी जा सके और जरूरी हो तो यथा समय उपचार किया जा सके। समुचित मेडिसिन, कैल्शियम, आयरन, विटामिन सप्लीमेंट्स लेने और बीमारी को कंट्रोल में रखने के लिए जरूरी एहतियात बरतने पर ध्यान देना चाहिए। हर 6 महीने के अंतराल पर फुल बॉडी हेल्थ चेकअप कराना जरूरी है, जिसमें फेफड़ों, हार्ट समस्या, स्ट्रोक, लिवर, थायरॉइड, डायबिटीज और ब्लड प्रोफाइल की स्क्रीनिंग करानी बहुत जरूरी है। उम्र बढ़ने के साथ बोन डेंसिटी से होने वाले ऑस्टियोपोरोसिस के खतरे को कम करने के लिए बोन डेंसिटी टेस्ट जरूर करवाना चाहिए। कई बीमारियां ऐसी होती हैं, जो पहले साइलेंट मोड में हो सकती हैं, जो उम्र बढ़ने के साथ सिंप्टोमेटिक हो सकती हैं। जैसे- प्रोस्टेट कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, गॉल ब्लैडर या गुर्दे में स्टोन, रिप्रोडक्टिव सिस्टम में यूटराइन लेयर मोटी होना, फायब्रॉइड्स। इनकी नियमित स्क्रीनिंग करानी चाहिए।

**वैक्सीनेशन:** सितंबर-अक्तूबर और फरवरी-मार्च के दौरान बदलते मौसम में इंफ्लुएंजा की इंफ्लूवैक, निमोनिया की न्यूमोवैक, वैक्सीन जरूर लगवाएं। टेटनस, डिप्थेरिया या व्हूपिंग कफ, एक्सेल्युलर पेट्यूसिस के लिए 64 साल की उम्र तक हर 10 साल में एटीडी हर 10 साल में टीडेप (टीडीएपी) की बूस्टर वैक्सीन लगवानी चाहिए। हेपेटाइटिस-ए, बी का वैक्सीन और ओरल मेडिसिन लेनी चाहिए। लीवर, अस्थमा, किडनी जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को हर 5 साल के गैप में निमोकोकल कॉन्जुगेट वैक्सीन या पीवीसी और न्यूमोकोकल पॉलिसेकराइड वैक्सीन या पीपीएस-वी जरूर लगवानी चाहिए। स्वाइन फ्लू एच1एन1 वायरस से बचाव के लिए साल में एक बार स्वाइन फ्लू की वैक्सीन लगवानी चाहिए।



**जनरल चेकअप:** बुजुर्गों को आंख, कान और दांत की नियमित जांच करानी चाहिए। दांत और मसूड़े लंबे समय तक साथ दें, इसके लिए उन्हें नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। नियमित ब्रश करना, मसूड़ों की सफाई करना आदत में शुमार होना चाहिए। इस उम्र में आंखों की रोशनी कम होने लगती है। इसलिए आंखों की रेग्युलर जांच कराएं ताकि सही पॉवर का लेंस वाला चश्मा इस्तेमाल कर सकें। श्रवण क्षमता को बरकरार रखने के लिए उन्हें तेज साउंड को अवॉयड करने के लिए कहना चाहिए चाहे वो टीवी देखते समय हो या मोबाइल-लैपटॉप पर गाने सुनने या काम करते समय हो।







**फिजिकल एक्टिविटी:** वजन नियंत्रित रखने के लिए बुजुर्गों को मोटिवेट करें। ज्यादा वजन होने पर कई गंभीर बीमारियां होने का खतरा रहता है। जहां तक हो सके उन्हें एक्टिव रहने के लिए मोटिवेट करें। बाहर न जा पाएं तो उनके साथ कमरे या छत पर टहलें। उन्हें हल्के-फुल्के व्यायाम, योगा करने के लिए कहें। चेयर योगा उनके लिए बेस्ट होगा। फिट रहने के लिए उन्हें क्षमता और पसंदानुरूप कोई न कोई फिजिकल एक्टिविटी खुद करवाएं, वॉक, योगा कर सकते हैं। चूंकि उम्र बढ़ने के साथ शरीर कमजोर होने लगता है, इसलिए फिजिकल एक्टिविटी करने के दौरान फैमिली मेंबर को उनके साथ में जरूर रहना चाहिए। अगर आपका जाना संभव न हो, तो उन्हें हम उम्र-ग्रुप ज्वाइन करने के लिए मोटिवेट करना चाहिए। अपने साथ के लोगों के साथ कम्युनिकेशन करने, उठने-बैठने, विभिन्न एक्टिविटी करने में उन्हें बेहतर महसूस होगा।

## मेंटल हेल्थ भी जरूरी

बुजुर्गों की मानसिक सेहत पर भी नजर रखें। बढ़ी उम्र में डिमेंशिया, अल्जाइमर या भूलने की समस्या हो सकती है, जिसके चलते वे पुरानी बातें तो याद रखते हैं, लेकिन कुछ समय पहले की बातों, चीजों, घर का रास्ता, परिवार के सदस्यों तक को भूल जाते हैं। अपने निजी कार्यों के लिए दूसरों पर निर्भर रहने लगते हैं। मनोचिकित्सक को तुरंत दिखाएं और समुचित मेडिसिन लें। ऐसे में उनकी देख-रेख की बहुत जरूरत होती है।


नकारात्मक विचारों को दूर करने के लिए उन्हें सकारात्मक एक्टिविटी या पसंदीदा काम में खुद को व्यस्त रखने के लिए कहें। बिजी लाइफस्टाइल के बावजूद उन्हें नियमित रूप से माइंडफुल मेडिटेशन, योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित करें। धार्मिक प्रवृत्ति के हों, तो उनके लिए घर पर टीवी पर धार्मिक प्रोग्राम चलाने की व्यवस्था करें। संभव हो तो उन्हें पूजा-पाठ के लिए मंदिर या सत्संग-स्थल पर लेकर जाएं। जहां तक हो सके उन्हें अकेला नहीं छोड़ना चाहिए। उन्हें किसी बात या व्यवहार से ठेस नहीं पहुंचने दें, अपनी इच्छा से काम करने दें। वैज्ञानिक भी मानते हैं कि अकेलापन कई मानसिक बीमारियों का कारण है। बुजुर्गों को बच्चों का सान्निध्य पाने की ज्यादा उम्मीद होती है। इसलिए जरूरी है कि अपने बिजी शेड्यूल से समय निकालकर उनके साथ बैठें, छोटी-छोटी बातों पर सलाह-मशविरा करें। उनके अनुभव सुनें। इससे उनका अकेलापन भी कम होगा, अपनी अहमियत का अहसास होगा और रिश्ते में मिठास आएगी। समय-समय पर उनका हालचाल पूछते रहना चाहिए। इससे उनकी तकलीफ दूर करने के लिए आप यथासंभव कदम उठा सकते हैं। साथ ही बड़े-बुजुर्गों को सुकून मिलेगा। सप्ताहांत में परिवार के साथ घूमने या पिकनिक, मूवी या नाटक वगैरह देखने की योजना बनाएं। इससे आपस में न केवल इंटीमेसी बढेगी, बल्कि तनाव कम होगा और वे रिलैक्स होंगे। साथ ही उन्हें सोशली एक्टिव रहने, दोस्तों के साथ मिलने-जुलने या फोन पर बात करने के लिए कहना चाहिए। संभव हो तो महीने में एकाध बार छोटी-सा गेट-टू-गैदर कराएं। इससे वो जरूर रिलैक्स होंगे।

### खान-पान का रखें विशेष ध्यान



**इम्यूनिटी और** डायजेस्टिव सिस्टम कमजोर होने की वजह से अकसर बुजुर्गों को पाचन संबंधी समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। ऐसे में जरूरी है कि उन्हें घर का बना ताजा, पौष्टिक और सुपाच्य आहार दें। संतुलित मात्रा में यानी एक बार में ज्यादा खाने के बजाय दो-तीन बार में थोड़ा-थोड़ा खाने की आदत डालनी चाहिए। आहार की क्वांटिटी के बजाय क्वालिटी इंप्रूव करें यानी, हर मील में सभी पोषक तत्वों को शामिल करें।

नियमित रूप से मॉडरेशन की नीति में पोषक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार उन्हें दें। हाई फैट या हाई कार्बोहाइड्रेट डाइट के बजाय विटामिन, मिनरल, प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन रिच डाइट दें। मौसमी और ताजे फल-सब्जियों, सलाद, स्प्राउट्स, रोजाना आहार में शामिल करें। हेल्दी डाइट लेने से दिल की बीमारी, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल, ऑस्टियोपोरोसिस जैसी कई बीमारियों से बचेंगे। इससे हड्डियां और मांसपेशियां मजबूत रहती हैं। भरपूर मात्रा में पानी या लिक्विड डाइट लेने के लिए कहें। इससे शरीर में जाने वाले टॉक्सिक तत्व शरीर से बाहर निकल जाते हैं और कई बीमारियों से बचाव हो सकता है।



## हेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करें

बुजुर्गों को हेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करने और सरकेडियम ऋदम का ध्यान रखने के लिए प्रेरित करें। समय पर सोने-जागने, खाना खाने का ध्यान रखें। किसी भी हालत में ब्रेकफास्ट स्किप न होने दें और रात का खाना हल्का और सोने से कम से कम 2 घंटे पहले करने का नियम बनाएं। 3 मेन मील 'ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर में भरपेट खाने के बजाय 5-6 मिनी मील दें। ध्यान रखें कि बुजुर्ग ब्रेकफास्ट जरूर करें और डिनर सोने से करीब तीन घंटे पहले करें। एक बार में ज्यादा खाने पर शरीर की मेटाबॉलिज्म प्रक्रिया धीमी हो जाती है, जिसका असर आपके शरीर पर पड़ता है। जबकि 2-3 घंटे के बाद हैल्दी स्नैक खाने से आप एलर्ट और एनर्जेटिक रहेंगे। साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्हें रोज नहाने और कपड़े बदलने, खाना खाने और बाहर से आने के बाद अच्छी तरह हैंडवॉश करने के लिए कहें। इम्यून सिस्टम कमजोर होने की वजह से इंफेक्शन होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है, इसलिए उनकी पर्सनल हाइजीन मेंटेन रखना बहुत जरूरी है।

## रखें सुरक्षा का ध्यान

बढ़ती उम्र में बुजुर्गों के फिसल कर गिरने की समस्या काफी देखने को मिलती है, जिससे कई बार उन्हें चोट लगने या फ्रेक्चर होने का खतरा रहता है। घर में उन्हें गिरने से बचाने के पुख्ता इंतजाम करने चाहिए। उनकी सुरक्षा-संबंधी कुछ बातों पर जरूर ध्यान देना चाहिए ताकि वे फर्श पर या बाथरूम में फिसल न जाएं। फर्श को सूखा रखें और बुजुर्ग को ऐसे जूते-चप्पल पहनने को दें, जो कंफर्टेबल हो और फिसलन से बचाए। कोशिश करें कि उनके कपड़े कॉटन के, सॉफ्ट और वेदर-फ्रेंडली हों। रखे हुए कपड़े हैं तो उन्हें पहनाने से पहले अच्छी तरह धोकर सुखा लें और प्रेस करके पहनाएं। इससे उन्हें किसी तरह के स्किन इंफेक्शन का खतरा नहीं होगा और इनमें आने वाली स्मेल और सिलवटों से उन्हें परेशानी नहीं होगी। बुजुर्ग अकसर यूरिन कंट्रोल नहीं कर पाते। कपड़े गीले रहने से वे स्किन इंफेक्शन, यूटीआई जैसी समस्याओं से ग्रस्त होते हैं। जरूरी है कि वॉशरूम में टॉयलेट रोल या टिशू पेपर रखें और उन्हें कपड़े पहनने से पहले यूरिन एरिया अच्छी तरह सुखाने के लिए कहें। बढ़ती उम्र में कोलेजन और इलास्टिसिटी कम होने से बुजुर्गों की स्किन फ्रेजाइल हो जाती है। ड्राई स्किन में दरारें और झुर्रियां पड़ने लगती हैं, जिसकी वजह से कई बार उन्हें हाथ धोने में दिक्कत होती है। ऐसे में उन्हें नियमित मॉयश्चराइजर लगाने के लिए कहना चाहिए। अगर किसी बीमारी के लिए दवाई या सप्लीमेंट्स ले रहे हैं, तो ध्यान रखें कि दवाइयां समय पर नियम से लें। खत्म होने से पहले ही दवाइयों की व्यवस्था कर लें ताकि उन्हें किसी तरह की दिक्कत न हो। *

प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा

---

**घरेलू औषधि**

रेखा देशराज

# बदलते मौसम में उपयोगी है दालचीनी



दालचीनी को संस्कृत में 'त्वक' कहा जाता है, जिसका मतलब होता है छाल। दालचीनी को शुरुआती सर्दियों के मौसम की स्वास्थ्य संबंधी संजीवनी कहा जाता है। दरअसल, बदलते मौसम में हमारे खान-पान और जीवनशैली में बदलाव आने लगता है। ऐसे में शरीर को गर्माहट, रोग प्रतिरोधक शक्ति और ऊर्जा की जरूरत होती है। दालचीनी या सिनेमोन इन दिनों हमारी सेहत की सुरक्षा करती है। आयुर्वेद में दालचीनी को कफ, वात दोषनाशक माना गया है। यह शरीर को गर्मी प्रदान करती है और हृदय को मजबूत बनाती है।

**सर्दी-जुकाम में कारगर:** दालचीनी कटु यानी तीखी और मधुर यानी मीठी दोनों होती है। जहां तक गुणों का सवाल है, यह हल्की और स्निग्ध यानी तेलयुक्त होती है। यह हृदय रोगों, पाचन और श्वसन तंत्र के लिए बेहद कारगर समझी जाती है। आयुर्वेद में दालचीनी का उपयोग, खांसी, जुकाम, बदहजमी, अपच, शारीरिक अवचेतन और श्वसन रोगों में जबर्दस्त लाभकारी माना जाता है। शुरुआती सर्दियों में दालचीनी का उपयोग चाय या काढ़ा के रूप में किया जाता है, जिसमें अदरक, लौंग और काली मिर्च के साथ दालचीनी को उबालकर धीरे-धीरे पिया जाता है। इससे सर्दी, जुकाम ठीक हो जाते हैं। यह शरीर में रक्त संचार को बेहतर बनाती है और गर्माहट देती है। रात में गुनगुने दूध में एक चुटकी दालचीनी पावडर डालकर पीने से नींद अच्छी आती है। सर्दी, जुकाम नहीं होती और सर्दियों में अकसर होने वाली विभिन्न संक्रामक परेशानियों से निजात मिलती है, क्योंकि दालचीनी वाला दूध पीने से हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है। दालचीनी पावडर और शहद का मिश्रण सुबह-सुबह लेने से शरीर में ऊर्जा आती है और खांसी जुकाम से सुरक्षा होती है।

**कई रोगों से बचाए:** आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में दालचीनी की बहुत उपयोगिता है, क्योंकि इसमें सिनामाल्डिहाइड नामक एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटी बैक्टीरियल तत्व पाया जाता है, जो ब्लड शुगर कंट्रोल में मददगार साबित होता है। इसलिए शुगर के रोगियों के लिए दालचीनी का इस्तेमाल बहुत लाभदायक होता है। दालचीनी में मौजूद एंटी ऑक्सीडेंट शरीर को फ्री-रेडिकल्स से बचाते हैं। इससे हृदय स्वास्थ्य में सुधार और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। लेकिन दालचीनी को अधिक मात्रा में इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, क्योंकि इसका ज्यादा इस्तेमाल नुकसानदायक होता है। प्रेग्नेंट महिलाएं, उच्च रक्तचाप या रक्त पतला करने वाली जो लोग दवाएं ले रहे हों, उन्हें भी डॉक्टर की सलाह से ही इसका इस्तेमाल करना चाहिए। *

---

**फिटनेस फंडा**

ऋषि सक्सेना

इन दिनों सोनी सब चैनल पर आ रहे सीरियल 'इत्ती सी खुशी' में संजय का किरदार निभा रहे ऋषि सक्सेना अपनी हेल्थ और फिटनेस को बहुत इंपॉर्टेंस देते हैं। इसीलिए इसका पूरा ध्यान रखते हैं। इसके लिए वे क्या एफर्ट्स करते हैं, किन बातों को फॉलो करते हैं, बता रहे हैं अपनी जुबानी।

# अच्छी लाइफ के लिए हेल्दी और फिट रहना बहुत जरूरी है

आज के व्यस्त और चुनौतीपूर्ण जीवनशैली में अपनी शारीरिक और मानसिक सेहत का ख्याल रखना हर किसी के लिए जरूरी हो गया है। हालांकि इसके लिए टाइम निकालना भी टफ होता है। खासकर टीवी और फिल्म इंडस्ट्री में काम करने वाले कलाकारों के लिए यह और भी मुश्किल होता है, क्योंकि शूटिंग शेड्यूल के बीच समय निकालकर फिटनेस पर ध्यान देना आसान नहीं होता। लेकिन एक्टर ऋषि सक्सेना अपनी फिटनेस को मेंटेन करने के लिए पूरा ध्यान देते हैं। उनका मानना है कि सही दिनचर्या और अच्छी आदतों से कोई भी खुद को एक्टिव और एनर्जी से भरपूर बना सकता है। इस बारे में वह यहां डिटेल में बता रहे हैं।

## मेरे आइडियल विराट कोहली

मैं मानता हूं कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। इसलिए मैं हमेशा अपने स्वास्थ्य और फिटनेस पर ध्यान देता हूं। मेरे हिसाब से हेल्दी, फिट और ऊर्जावान महसूस करना अच्छी लाइफ के लिए तो जरूरी है ही और यह स्लिम-ट्रिम दिखने का आधार भी बनता है। इस मामले में मेरे आइडियल क्रिकेटर विराट कोहली हैं। उनकी फिटनेस, डिसिप्लीन और एनर्जी लेवल ने मुझे बचपन से ही प्रभावित किया है।



## डाइट प्लानिंग

मैं अपने रूटीन और हेल्थ के हिसाब से डाइट प्लानिंग करता हूं। मैं सुबह नाश्ता स्किप कर देता हूं और लंच को अपनी पहली मील मानता हूं। शाम को हल्का स्नैक्स और रात में बैलेंस्ड डिनर करता हूं। हर मील में प्रोटीन, कार्ब्स और फैट का संतुलित मिश्रण होता है।

## फिजिकल एक्टिविटी

फिट रहने के लिए मैं रोज कम से कम आठ हजार कदम चलने की कोशिश करता हूं। भले ही मैं शूटिंग में कितना भी व्यस्त क्यों न रहूं, इसके बावजूद भी यह मेरी आदत का हिस्सा है। इसे मैं जरूर फॉलो करता हूं। इसके साथ ही मैं नियमित रूप से वर्कआउट करता हूं, जिसमें स्ट्रेचिंग, कार्डियो और स्ट्रेंथनिंग एक्सरसाइजेज शामिल होते हैं। मेरे लिए हेल्दी और फिट रहना जरूरी है, क्योंकि हमारे एक्टिंग प्रोफेशन के लिए स्लिम और ट्रिम दिखना जरूरी होता है और वो इसी से जुड़ा है। इसीलिए मैं कोशिश करता हूं कि हर रोज शरीर को अधिक से अधिक एक्टिव और एनर्जेटिक रखूं।

## मेंटल फिटनेस भी है जरूरी

मेरे लिए मानसिक सेहत भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितनी शारीरिक फिटनेस। हर रात सोने से पहले मैं कुछ देर ध्यान यानी मेडिटेशन करता हूं। इससे मुझे नींद अच्छी आती है और दिमाग शांत रहता है। मानसिक रूप से हेल्दी और पीसफुल रहने की वजह से मैं अपनी एक्टिंग में पूरे फोकस और ऊर्जा के साथ परफॉर्म कर पाता हूं।

## रीडर्स को सजेशन

मैं अपने अनुभव के आधार पर पाठकों से यह कहना चाहूंगा कि शरीर और मन दोनों पर समान रूप से ध्यान देना ही लंबे समय तक स्वस्थ रहने और जीवन में सफलता पाने का मार्ग है। बैलेंस्ड डाइट, नियमित व्यायाम और मानसिक शांति बनाए रखना किसी भी व्यक्ति को ऊर्जा, आत्मविश्वास और अच्छी हेल्थ पाने में मदद करता है। इसलिए अपनी लाइफ को हैप्पी बनाए रखने के लिए हेल्थ और फिटनेस पर ध्यान देना जरूरी है। *



# आईसीसी टी20 रैंकिंग : सबसे ज्यादा रेटिंग हासिल करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने अभिषेक

एजेंसी ▶▶| दुबई

तेजी से उभरते हुए भारत के स्टार बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में इतिहास के सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत की जबकि वरुण चक्रवर्ती भी गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं।

पाकिस्तान के सईम अयूब हालांकि टी20 अंतरराष्ट्रीय ऑलराउंडर की सूची में भारत के हार्दिक पंड्या को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गए। हाल में हुई एशिया कप में भारत की खिताबी जीत के बाद अभिषेक ने इतिहास के सर्वश्रेष्ठ 931 अंक के साथ लगभग पांच साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा।

### अभिषेक ने मलान के 919 रेटिंग अंक के रिकॉर्ड को तोड़ा

आईसीसी ने बताया कि 25 साल के अभिषेक ने 2020 में बनाए इंग्लैंड के दाएं हाथ के बल्लेबाज डेविड मलान के 919 रेटिंग अंक के रिकॉर्ड को तोड़ा। एशिया कप के दौरान 200 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाकर टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने अभिषेक ने टीम के अपने साथियों सूर्यकुमार यादव (912) और विराट कोहली (909) के पिछले सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक को भी पीछे छोड़ा। पिछले साल अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने वाले अभिषेक ने एशिया कप के सात मैच में 44.85 के औसत से 314 रन बनाए। अभिषेक दूसरे स्थान पर चल रहे इंग्लैंड के फिल सॉल्ट से 82 रेटिंग अंक आगे हैं। टीम इंडिया के उनके साथी तिलक वर्मा तीसरे स्थान पर हैं। वर्मा ने एशिया कप में 213 रन बनाए।




### निसांका अपने कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर

श्रीलंका के दाएं हाथ के बल्लेबाज पथुम निसांका एशिया कप में 261 रन की बदौलत दो स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर पहुंच गए। टीम के उनके साथी कुसाल परेरा (दो स्थान के फायदे से नौवें), पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान (11 स्थान के फायदे से 13वें पायदान पर) और भारत के संजू सैमसन (आठ स्थान के फायदे से 31वें पायदान पर) की रैंकिंग में भी एशिया कप में अच्छे प्रदर्शन के बाद सुधार हुआ है।



### गेंदबाजी में चक्रवर्ती शीर्ष पर बरकरार

एशिया कप में सात विकेट चटकाने वाले चक्रवर्ती दुनिया के नंबर एक टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज बने हुए हैं। टीम के उनके साथी कुलदीप यादव (नौ स्थान के फायदे से 12वें स्थान पर), पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी (12 स्थान के फायदे से 13वें स्थान पर) और बांग्लादेश के स्पिनर रिषाद हुसैन (छह स्थान के फायदे से 20वें पायदान पर) को रैंकिंग में फायदा हुआ है। अयूब पंड्या को पछाड़कर पहली बार ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए। अयूब बल्ले से बुरी तरह विफल रहे लेकिन गेंद से उन्होंने प्रभावी प्रदर्शन करते हुए आठ विकेट चटकाए, जिससे वह चार स्थान के फायदे से पंड्या को पीछे छोड़ते हुए



ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष पर हैं। पंड्या दूसरे स्थान पर खिसक गए और अयूब से आठ रेटिंग अंक पीछे हैं। पाकिस्तान के मोहम्मद नवाज (चार स्थान के फायदे से 13वें) और श्रीलंका के चरित असलंका (तीन स्थान के फायदे से 30वें स्थान पर) की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है।

## खबर संक्षेप




### महिला विश्व कप के पहले मैच में पहुंचे 23 हजार दर्शक

**गुवाहाटी।** भारत और श्रीलंका के बीच महिला वनडे विश्व कप का पहला मैच देखने करीब 23 हजार दर्शक स्टेडियम आए,जो आईसीसी के किसी महिला टूर्नामेंट में ग्रुप चरण के मैच के लिए एक रिकॉर्ड है। मंगलवार को इस मैच को देखने 22843 दर्शक मैदान पर आए। इससे पहले रिकॉर्ड भारत और पाकिस्तान के बीच दुबई में पिछले साल महिला टी20 विश्व कप के मैच का था, जिसमें 15935 दर्शक आए थे। आईसीसी ने कहा, 'आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के पहले मैच में 22843 दर्शक आए, जो आईसीसी महिला टूर्नामेंट के ग्रुप चरण के मैच के लिए एक रिकॉर्ड है।' भारत ने 59 रन से जीतकर टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की। मैच से पहले उद्घाटन समारोह में असम के महान गायक दिवंगत जुबीन गर्ग को श्रृद्धांजलि दी गई। गायक पोपोन , जय बरुआ और शिलांग चैंबर कोइर ने जुबीन के लोकप्रिय गीतों को स्वर दिया।

### लंबा ब्रेक, बड़ी छलांग से पहले का विराम : अमनजोत



**गुवाहाटी।** चोटों, असफलताओं और महीनों के पुनर्वास ने ऑलराउंडर अमनजोत कौर की भूख को और बढ़ा दी है और 25 वर्षीय इस खिलाड़ी का मानना है कि जिस तरह एक घायल शेर फिर से हमला करने से पहले पीछे हट जाता है, चोट के कारण उनका लंबा ब्रेक एक बड़ी छलांग से पहले का एक विराम मात्र था। श्रीलंका के खिलाफ महिला वनडे विश्व कप के पहले मैच में अमनजोत और दीप्ति शर्मा ने अच्छी साझेदारी करके भारत को संकट से निकालकर 59 रन से जीत दिलाई। अमनजोत ने मैच के बाद कहा,' जैसे कहते हैं कि घायल शेर एक कदम पीछे लेता है लंबी छलांग मारने के लिए। ऐसा लगता है कि आप लोग मुझे मेरी पंक्तियों के लिए मशहूर कर दोगे।

### बांग्लादेश-पाकिस्तान के बीच मुकाबला आज




**कोलंबो।** महिला वनडे विश्व कप में कमजोर टीमों में गिनी जा रही पाकिस्तान और बांग्लादेश गुरुवार को एक दूसरे के आमने सामने होंगी तो दोनों का इरादा आईसीसी टूर्नामेंट में प्रभावी प्रदर्शन करने का होगा। फातिमा सना की कप्तानी वाली पाकिस्तानी टीम अपने सारे मैच कोलंबो में खेलेगी, जिसमें भारत के खिलाफ रविवार को होने वाला मैच भी शामिल है।
दोनों टीमों ने क्वालीफिकेशन के जरिए विश्व कप में जगह बनाई है। पाकिस्तान क्वालीफिकेशन में शीर्ष रहा था जबकि बांग्लादेश दूसरे स्थान पर था। पाकिस्तानी टीम का लक्ष्य निगार सुल्ताना की कप्तानी वाली बांग्लादेश टीम पर दबदबा बनाए रखने का होगा।

### सूर्यवंशी, त्रिवेदी ने भारत को अंडर 19 टेस्ट में आस्ट्रेलिया के खिलाफ मजबूत स्थिति में पहुंचाया

# वैभव ने 86 बालों में ठोका शतक, 9 चौके और 8 छक्के जड़ ऑस्ट्रेलियाई बॉलरों की उड़ाई धाज्जियां

एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

वैभव सूर्यवंशी ने टी20 शैली में 86 गेंद में 113 रन बनाए जबकि वेदांत त्रिवेदी ने 140 रन की पारी खेलकर भारत की अंडर 19 टीम को मेजबान आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पहले युवा टेस्ट में बुधवार को 185 रन की बढत दिला दी। भारत की अंडर 19 टीम ने 81.3 ओवर में 428 रन बनाए। आस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम ने पहली पारी में 243 रन बनाए थे। दूसरी पारी में उसने दूसरे दिन एक विकेट पर आठ रन बना लिए थे। अभी भी वह भारतीय टीम से 177 रन पीछे है। 14 वर्ष की उम्र में आईपीएल में शतक जमाने वाले सूर्यवंशी ने पारी के पहले ही ओवर में हेडन शिलेर को चौका जड़ा था। उन्होंने त्रिवेदी के साथ 152 रन की साझेदारी करके बड़े स्कोर की नींव रखी । सूर्यवंशी ने अपनी पारी में 8 छक्के और 9 चौके लगाए। उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर आर्यन शर्मा को बेहतरीन कवर ड्राइव लगाकर अपना शतक पूरा किया। लेग स्पिनर जेड होलिक को उन्होंने छक्का लगाया। त्रिवेदी और सूर्यवंशी के अलावा खिलन पटेल ने 49 गेंद में 49 रन बनाए। अयुवा टेस्ट से पहले दोनों टीमों ने तीन मैचों की युवा वनडे श्रृंखला खेली थी, जिसमें आयुष म्हात्रे की कप्तानी वाली भारतीय टीम 3-0 से विजयी रही।




ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वैभव सूर्यवंशी का प्रदर्शन

ब्रिस्बेन के इयान हीली ओवल में भारत और ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम के बीच हुए मुकाबले में भारत को शुरुआती झटका जरूर लगे, लेकिन 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने चौथे नंबर के बल्लेबाज वेदांत त्रिवेदी के साथ बेहतरीन खेल दिखाया और दोनों ने 152 रनों की पार्टनरशिप की। वैभव सूर्यवंशी ने 86 गेंद में 113 रन बनाए।

### वैभव ने रचा इतिहास

वैभव सूर्यवंशी 78 गेंद में शतक जड़ने वाले सबसे तेज खिलाड़ी बन गए हैं। ब्रैंडन मैकुलम के बाद वैभव सूर्यवंशी ऐसे पहले खिलाड़ी बने, जिन्होंने 100 से कम गेंद में दो यूथ टेस्ट शतक जड़े हैं। इससे पहले 2024 में चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने 58 गेंद में शतक बनाया था। वैभव सूर्यवंशी 14 साल की उम्र में ये कारनामा करने वाले सबसे यंग प्लेयर बने हैं। वैभव सूर्यवंशी ने यूथ टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। उनसे पहले आयुष म्हात्रे ने एक पारी में 8 छक्के लगाए थे।

### वैभव ने बनाए यह रिकॉर्ड

- वहीं वैभव ने यूथ टेस्ट में दो शतक 100 गेंदों के अंदर पूरा करा करने का रिकॉर्ड बना लिया है। ये रिकॉर्ड इससे पहले ब्रेंडन मैकुल्लम के नाम दर्ज था।
- सूर्यवंशी ने ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर सबसे तेज यूथ टेस्ट शतक बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। इससे पहले ये रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के लियाम ब्लैकफोर्ड के नाम दर्ज था, जिन्होंने इंग्लैंड अंडर 19 के खिलाफ 2023 में 124 गेंदों पर शतक ठोका था। जबकि वैभव ने उनसे 46 गेंद कम रहते ही ये कीर्तिमान अपने नाम किया है।
- अपनी इस पारी में कुल 8 छक्के लगाए हैं, जो कि भारत के लिए यूथ टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी है। उनके नाम अब कुल 15 छक्के यूथ टेस्ट में दर्ज हो गए हैं। उन्होंने अपने ही साथी खिलाड़ी आयुष म्हात्रे को पछाड़ दिया है।

वनडे महिला विश्व कप

## ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को दिया 327 रन का लक्ष्य, गार्डनर ने ठोका शतक



एजेंसी ▶▶| इंदौर

अनुभवी हरफनमौला एशले गार्डनर ने बुधवार को आईसीसी वनडे विश्व कप मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ 115 रन की शतकीय पारी खेलकर ऑस्ट्रेलियाई टीम को 326 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचने में मदद की।

ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 49.3 ओवर में सिमट गई। गार्डनर ने अपनी पारी के दौरान 83 गेंद का सामना करते हुए 16 चौके और एक छक्का लगाया। उनके अलावा फोबे लिचफील्ड ने 45 रन, किम गार्थ ने 38 रन और एलिस पैरी ने 33 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के लिए जेस केर और लिया ताहुहु ने तीन तीन जबकि ब्री इलिंग और अमेलिया केर ने दो-दो विकेट झटके।

न्यूजीलैंड की लेग स्पिनर अमेलिया केर ने 11वें ओवर में गुगली डालकर लिचफील्ड को आउट कर अपना 100वां विकेट हासिल किया। इस समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर दो विकेट पर 81 रन था। टीम ने 17वें ओवर में 100 रन पूरे किए लेकिन स्कोरिंग गति थोड़ी कम हो गई थी।

### गार्डनर ने 77 गेंद में जड़ा अपना दूसरा वनडे शतक

गार्डनर 19वें ओवर में क्रीज पर उतरीं, तब ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 113 रन था। उन्होंने महज 77 गेंद में अपना दूसरा वनडे शतक जड़ दिया और टीम के बड़े स्कोर की नींव रखी। अपना 81वां मैच खेल रही गार्डनर आखिर में 47वें ओवर में आउट हो गईं लेकिन तब तक उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ वनडे स्कोर बना लिया था और ऑस्ट्रेलियाई टीम भी 300 रन के पार पहुंच चुकी थी। इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने तेज शुरूआत की लेकिन चार ओवर में 20 रन पर तीन विकेट गंवा दिए। कप्तान एलिस हीली (19) और फोबे लिचफील्ड (45) ने शानदार शुरुआत करते हुए आसानी से बाउंड्री लगाईं। लेकिन हीली पांचवें ओवर में कवर पर सूजी बेट्स को कैच थमाकर ब्री इलिंग का शिकार हो गईं।

ऑस्ट्रेलिया ने मैच के दौरान 20 चौके और नौ छक्के जड़े

## मार्श की तूफानी पारी रॉबिंसन के शतक पर पड़ी भारी, ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को हराया

एजेंसी ▶▶| माउंट मोनगानुई

ऑस्ट्रेलिया ने मिचेल मार्श की 43 गेंद में खेली गई 85 रन की अर्धशतकीय पारी से बुधवार को चैपल-हैडली ट्रॉफी के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड को छह विकेट से हरा दिया। मार्श ने बे ओवल में कड़ाके की ठंड में खेले गए मैच के दौरान नौ चौके और पांच छक्के लगाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने 21 गेंद रहते चार विकेट पर 185 रन बनाकर न्यूजीलैंड के दिए 182 रन के लक्ष्य का पीछा कर लिया।

ऑस्ट्रेलिया ने मैच के दौरान 20 चौके और नौ छक्के जड़े। मार्कस स्टोइनिस ने पहली ही गेंद पर चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई। मार्श ने ट्रेविस हेड (31 रन) के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 5.3 ओवर में 67 रन बनाए और फिर मैथ्यू शॉर्ट (29 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 68 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से आगे कर दिया। शुक्रवार



को होने वाले दूसरा मैच और शनिवार को इसी मैदान पर होने वाले अंतिम मैच के बारिश से प्रभावित होने की आशंका है। दोनों टीमें चोटों से प्रभावित थीं। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रविंद्र और ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल चोटिल हैं।

### जूनियर निशानेबाजी विश्व कपः मुकेश ने स्वर्ण और तेजस्विनी ने जीता रजत

**नई दिल्ली।** मुकेश नेलावल्ली ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप के अंतिम दिन पुरुषों की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि तेजस्विनी सिंह ने इसी स्पर्धा में महिला वर्ग में रजत पदक हासिल किया, जिससे भारत पदक तालिका में शीर्ष पर रहा। जूनियर विश्व चैंपियन मुकेश ने गैर ओलंपिक स्पर्धा में कुल 585 का स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक जीता। व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट (एआईएन) अलेक्सांद्र कोवालेव ने 577 अंक से रजत पदक जबकि साहिल चौधरी ने 573 अंक से भारत के लिए कांस्य पदक सुनिश्चित किया। भारत ओलंपिक स्पर्धाओं में छह स्वर्ण, आठ रजत और पांच कांस्य सहित 19 पदकों से तालिका में शीर्ष पर रहा।

## सिनर ने दूसरी बार जीता चाइना ओपन का खिताब, सीधे सेटों में टिएन को हराया




एजेंसी ▶▶| बीजिंग

इटली के जैनिक सिनर ने बुधवार को पुरुष एकल फाइनल में अमेरिकी युवा खिलाड़ी लर्नर टिएन को 6-2, 6-2 से हराकर दूसरी बार चाइना ओपन का खिताब अपने नाम किया। दुनिया के नंबर-2 और शीर्ष वरीयता प्राप्त सिनर ने सिर्फ 34 मिनट में पहला सेट जीत लिया और फिर दूसरे सेट में भी दबदबा बनाए रखा।19 वर्षीय टिएन, जो अपने पहले एटीपी फाइनल में उतरे थे, शुरुआती चार गेम तक टक्कर देते रहे लेकिन सिनर ने पांचवें और सातवें गेम में उनकी सर्विस तोड़कर मैच पर कब्जा कर लिया। 24 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी ने 1 घंटे 12 मिनट में सीधी सेटों में जीत हासिल की। यह सिनर का लगातार तीसरा बीजिंग फाइनल था। 2023 में उन्होंने कार्लोस अल्काराज और दानिल मेदवेदेव को हराकर खिताब जीता था, जबकि पिछले साल वह उपविजेता रहे थे।

## वेस्टइंडीज की लड़खड़ाती फॉर्म, भारतीय टीम को मिला सकता है बढ़त का मौका

### अहमदाबाद में आज सुबह 9.30 बजे से भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट

**अहमदाबाद।** कप्तान शुभमन गिल की टीम का पलड़ा खराब फॉर्म से जूझ रही वेस्टइंडीज के खिलाफ गुरुवार से हरी भरी पिच पर शुरू हो रहे पहले टेस्ट में भारी रहेगा। गिल समेत भारतीय टीम के अधिकांश सदस्य और मुख्य कोच गौतम गंभीर दुबई से अहमदाबाद पहुंच गए हैं और लाल गेंद के प्रारुप में खेलने की तैयारी में जुट गए हैं। इस श्रृंखला की अहमियत इसलिए भी है क्योंकि इससे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक भी मिलने हैं। इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला 2-2 से ड्रॉ कराने के बाद गिल की टीम तीसरे स्थान पर है जबकि इंग्लैंड एक अंक पीछे है। वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला समेत भारत को चार घरेलू टेस्ट खेलने हैं, जिनसे अधिक से अधिक अंक लेने की कोशिश होगी।



### भारत की बल्लेबाजी और गेंदबाजी ईकाई संतुलित

भारत की बल्लेबाजी और गेंदबाजी ईकाई संतुलित है और यह देखना होगा कि देवदत्त पडिक्कल के रूप में अतिरिक्त बल्लेबाज को उतारा जाता है या तेज गेंदबाजी हरफनमौला नितीश रेड्डी को मौका मिलता है। रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव स्पिन गेंदबाजी का जिम्मा संभालेंगे लेकिन भारत वॉशिंगटन सुंदर या अक्षर पटेल को भी मौका दे सकता है। वॉशिंगटन ने हैंपशर के लिए काउंटी क्रिकेट खेलने के बाद यहां पहुंचकर टीम के साथ अभ्यास किया। करुण नायर तीसरे नंबर की जगह लेने में नाकाम रहे और अब साई सुदर्शन का उस क्रम पर खेलना तय है।

### शामार और अलजारी के बिना उतरेगी वेस्टइंडीज

दूसरी ओर वेस्टइंडीज टीम जमैका में आस्ट्रेलिया के खिलाफ दिन रात के टेस्ट में अपने न्यूनतम स्कोर 27 रन पर आउट हो गई। उसे कई पहलुओं पर काम करना होगा। चोट के कारण तेज गेंदबाज शामार जोसेफ और अलजारी जोसेफ के बाहर होने से गेंदबाजी की धार भी कुंद हुई है, जिससे टीम को बाएं हाथ के दो स्पिनरों पर निर्भर रहना होगा। तेज गेंदबाज जेडेन सील्स और स्पिनर जोमेल वारिकन पर बड़ी जिम्मेदारी होगी।

## शुभमन ने लाल गेंद से की प्रैक्टिस, नेट पर जमकर बहाया पसीना, बल्लेबाजी होगी चुनौती

### बुमराह, कुलदीप और अक्षर ने लाल गेंद के ट्रेनिंग सत्र में लिया हिस्सा


**अहमदाबाद।** वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट मैच की तैयारियों के अंतर्गत कप्तान शुभमन गिल ने बुधवार को भारत के अंतिम ट्रेनिंग सत्र में लंबे समय तक बल्लेबाजी की जबकि जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल की तिकड़ी भी गेंदबाजी अभ्यास के लिए पहुंची। इंग्लैंड के खिलाफ भारत की अंतिम टेस्ट श्रृंखला में 754 रन बनाने वाले गिल पूर्णकालिक कप्तान के रूप में अपनी पहली श्रृंखला में सबसे सफल बल्लेबाज रहे थे। लेकिन अब उनके लिए सफेद गेंद के टी20 क्रिकेट से निकलकर जल्द ही टेस्ट मैच में बल्लेबाजी करने की चुनौती होगी। वहीं पहले नेट सत्र से



ब्रेक लेने वाले बुमराह, कुलदीप और अक्षर ने एशिया कप जीतने के बाद लाल गेंद के ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा लिया। बुमराह और कुलदीप ने घास वाली मुख्य पिच के बराबर में बनी पिचों पर लंबे समय तक गेंदबाजी अभ्यास किया। भारत और वेस्टइंडीज यहां इसी मुख्य पिच पर गुरुवार से पहला टेस्ट खेलेंगे। अक्षर ने भारतीय बल्लेबाजों को नेट पर गेंदबाजी भी की। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने देर तक गेंदबाजी अभ्यास किया था। उन्होंने बुधवार को बल्लेबाजी की और बाद में कुलदीप भी उनके साथ शामिल हो गए।

### गिल को लाल गेंद से खेलने का अनुभव नहीं

वेस्टइंडीज के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रही दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए चुने गए बल्लेबाजों में गिल एकमात्र ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्हें हाल में लाल गेंद से खेलने का कोई अनुभव नहीं है जबकि बाकी सभी को मौके मिल चुके हैं। इस भारतीय टीम में शामिल अन्य बल्लेबाजों में केएल राहुल, बी साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल और विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल और एन जगदीशन ने हाल में भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच चार दिवसीय अनौपचारिक टेस्ट श्रृंखला में हिस्सा लिया था।




# Own now at ₹ 111499 (1 unit)*

Get benefits worth ₹ 18500#

Pair-up
Galaxy Watch8 Classic
Get ₹ 15000~ off

Samsung Care+
(Two year protection plan)
Starting ₹ 425/month^

HDFC BANK | Samsung Finance+™

samsung.com

Please dispose of e-waste and plastic waste responsibly. Customers can WhatsApp on 180057267864 for information on e-waste/plastic waste.

Image simulated, actual may vary. Actual UX/UI may vary. Color and feature as per availability. Samsung disclaims any and all liabilities thereof. Google and Gemini are trademarks of Google LLC. Results for illustrative purposes and may vary. Check responses for accuracy. Compatible with certain features and with certain accounts. Internet connection required. Available on select devices, languages, and countries. Only available to users 18 years and older *T&C apply. Effective offer price of ₹ 111499 for 1 unit of Galaxy S25 Ultra 12GB|256GB, inclusive of instant cashback worth ₹ 6500 and an upgrade bonus worth ₹ 12000. #Cumulative benefits worth ₹ 18500, inclusive of instant cashback worth ₹ 6500 and an upgrade bonus worth ₹ 12000. Upgrade program provided by the brand/dealer at their sole discretion upon exchange of select devices. ~Discount amount of ₹ 15000 applicable only when purchasing 1 unit of Galaxy Watch8 Classic together with 1 unit of Galaxy S25 Ultra. ^1 unit of Samsung Care+ 2-year Complete Protection Plan worth ₹ 11999 available at ₹ 425/month, only when purchased with Galaxy S25 Ultra through Samsung Care+ partners. Customers are eligible for 1 claim per year under ADLD, as per applicable terms. Samsung Care+ EMI amount calculated post a 15% up-front down payment on the remaining 85% amount. Samsung disclaims any liabilities with the same. All third party logos/ marks shown are registered/owned/licensed logos/ marks of respective brand owners. Offers may be revised or withdrawn without prior notice.

Scan to meet your true AI companion

Or WhatsApp "S25" to 9870 494949 to buy at Samsung Exclusive Store

Cheil-29074/25


हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240